नई दिल्ली

बुधवार, 31 दिसंबर 2025

पौष मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 258
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 18
न्यून. 09

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


प्रधानमंत्री मोदी ने 2026-27 के बजट से पहले अर्थशास्त्रियों से मुलाकात की, बोले- 2025 ऐतिहासिक



## भारत सुधार के दौर में, इसका प्राथमिक इंजन भारत की जनसंख्या, युवा पीढ़ी और हमारे लोगों का अदम्य साहस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपने लोगों के नवाचार के जोश के बल पर वैश्विक ध्यान का केंद्र बनकर उभरा है और आज दुनिया भारत को आशा और विश्वास की नजरों से देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह बात कही। लिंक्डइन पर पोस्ट किए गए एक लेख में प्रधानमंत्री ने 2025 को भारत की सुधार यात्रा का एक ऐतिहासिक वर्ष बताया, जो पिछले 11 वर्षों में हुई प्रगति पर निर्णायक रूप ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रीय मिशन के रूप में सुधारों पर ध्यान केंद्रित

उन्होंने कहा कि 2025 को भारत के लिए एक ऐसे वर्ष के रूप में याद किया जाएगा जब उसने पिछले 11 वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों के आधार पर निरंतर राष्ट्रीय मिशन के रूप में सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया। हमने संस्थानों का आधुनिकीकरण किया, शासन को सरल बनाया और दीर्घकालिक, समावेशी विकास की नींव को मजबूत किया।

## ‘बैटल ऑफ गलवान’ के टीजर से आगबबूला चीन को भारत की दो टूक

# देश में कलात्मक स्वतंत्रता है, जिसके जरिए निर्माताओं को अपनी फिल्में बनाने का पूरा अधिकार है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी विवाद के दौरान गलवान घाटी में हुई खूनी हिंसक झड़प को लेकर बनाई गई सलमान खान स्टारर फिल्म ‘बैटल ऑफ गलवान’ के महज टीजर लांच से बौखलाए चीन को मंगलवार को भारत ने बेहद कड़े अंदाज में जवाब दिया है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि हमारे देश में कलात्मक स्वतंत्रता मौजूद है। इसी का इस्तेमाल करते हुए फिल्म निर्माताओं को अपनी फिल्मों का ▶▶ शेष पेज 5 पर




### गलवान में शहीद हुए भारत के 20 रणबांकुरे

यह फिल्म एलएसी विवाद में भारत और चीन की सेनाओं के बीच गलवान घाटी में हुई खूनी हिंसक झड़प के दौरान भारतीय सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे कर्नल संतोष बाबू द्वारा चीन की सेना से लोहा लेते वक्त प्रदर्शित की गई वीरता और साहस की कहानी बयां करती है। झड़प के दौरान भारत के कुल 20 सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। जबकि चीन के भी दो दर्जन से अधिक पीएलए सैनिक मारे गए थे। यहां एक चौंकाने वाला तथ्य ये भी है कि भारत ने झड़प के तुरंत बाद न ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अक्टूबर-2024 में खत्म हुआ विवाद

गौरतलब है कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पिछले साल अक्टूबर महीने में भारत और चीन के बीच हुए एलएसी विवाद से जुड़े दो अंतिम बिंदुओं जैसे डेमचौक और देपसांग से तनाव के खत्म होने के साथ ही इस विवाद के पूरी तरह से समाप्त होने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि तनाव को खत्म करने में दोनों देशों के बीच बीते वक्त में हुई सैन्य-कूटनीतिक बैठकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान शहर में हुई उच्च-स्तरीय बैठक इस मामले में मील का पत्थर साबित हुई। अब दोनों देश अपने शीर्ष नेताओं के मार्गदर्शन में ही द्विपक्षीय संबंधों को अप्रैल 2020 से पहले ▶▶ शेष पेज 5 पर

## नागरिक उड्डयन मंत्रालय की नई एडवाइजरी... विमान यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखना होगा

# विमानन कंपनियों को निर्देश, उड़ान लेट तो खाना और रिफंड देना होगा

पूरे उत्तर भारत में घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि खराब मौसम के कारण उत्पन्न हुई इस परिस्थिति में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूरे उत्तर भारत में घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस स्थिति को देखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को सभी विमानन कंपनियों को निर्देश दिया कि वे यात्रियों की सुविधाओं से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करें। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि खराब मौसम के कारण उत्पन्न हुई इस परिस्थिति में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे हवाई अड्डे के लिए निकलने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति अवश्य जांच लें और यात्रा के लिए अतिरिक्त समय लेकर चलें। मंत्रालय ने विमानन कंपनियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे उड़ान में देरी होने पर यात्रियों ▶▶ शेष पेज 5 पर

**चेक-इन करने के बाद भी यात्रियों को विमान में चढ़ने से मना न किया जाए**



### यात्रियों की सहायता के लिए टीमें तैनात

इस बीच, एयर इंडिया ने यात्रियों की सहायता के लिए ‘फॉगकेयर’ नाम के पहल की जानकारी दी है। इसके तहत, अगर कोहरे के कारण किसी उड़ान के प्रभावित होने की संभावना है, तो यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदल सकते हैं या बिना किसी कटौती के पूरा पैसा वापस ले सकते हैं। कंपनी ने कहा कि उनके मैदानी कर्मचारी हवाई अड्डों के मुख्य स्थानों पर यात्रियों की मदद के लिए तैनात हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने भी प्रभावित हवाई अड्डों पर सहायता टीमें तैनात की हैं।

### कई जगह दृश्यता शून्य, 600 उड़ानें और 100 ट्रेनें प्रभावित

पूरे उत्तर भारत में भीषण शीतलहर जारी है। घने कोहरे का असर यातायात संसाधनों पर भी देखने को मिला है। भीषण कोहरे के चलते 600 उड़ानें प्रभावित हुईं और 100 से अधिक ट्रेनें लेट हुई हैं। इंडिगो ने सोमवार को खराब मौसम और ऑपरेशनल कारणों के चलते 118 उड़ानें रद्द कर दीं। इनमें से छह उड़ानें ऑपरेशनल कारणों के चलते रद्द की गईं, जबकि बाकी अलग-अलग हवाईअड्डे पर खराब मौसम की वजह से कैंसिल ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इंडिगो की 118 उड़ानें रद्द

इंडिगो ने सोमवार को खराब मौसम और परिचालन कारणों से 118 उड़ानें रद्द कर दी। इंडिगो की वेबसाइट से यह जानकारी मिली। वेबसाइट से मिली जानकारी के मुताबिक, इनमें से छह उड़ान सेवाएं परिचालन कारणों से रद्द की गईं जबकि बाकी विभिन्न हवाई अड्डों पर खराब मौसम की स्थिति के कारण रद्द कर दी गईं। इंडिगो की वेबसाइट के अनुसार, मुंबई, बेंगलुरु, कोचिन, हैदराबाद, ▶▶ शेष पेज 5 पर

एक्स पोस्ट में पीएम की सभी पक्षों से अपील, शत्रुता को खत्म करने और शांति स्थापित करने के लिए जारी कूटनीतिक प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए

## पुतिन के घर पर यूक्रेन का ड्रोन हमला, पीएम मोदी ने जताई चिंता



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास पर यूक्रेन के कथित ड्रोन हमले की खबरों पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गंभीर रूप से चिंता जताई है। एक्स पर की गई एक पोस्ट में पीएम ने कहा कि ‘रूसी संघ के राष्ट्रपति के घर पर हमले की खबरों से हम बेहद चिंतित हैं। शत्रुता को समाप्त करने और शांति प्राप्त करने का सबसे बेहतर और कारगर मार्ग मौजूदा दौर में चल रहे राजनयिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### *लावरोव ने की हमले की पुष्टि*

*मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने टेलीविजन पर दिए एक बयान में यूक्रेन के हमले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बीते रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को हुए ड्रोन हमले में कोई नुकसान नहीं हुआ है। क्योंकि ड्रोन को मार गिराया गया था। उन्होंने यूक्रेन को चेतावनी देते हुए कहा कि रूस सही समय पर जवाबी कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। रूसी विदेश मंत्री ने इन हमलों के जरिए यूक्रेन और उसके सहयोगियों पर शांति वार्ता को विफल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।* ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## धनखड़ अभी भी एक अदद सरकारी आवास की जोह रहे बाट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के लगभग पांच महीने बाद भी जगदीप धनखड़ को अब तक पूर्व उपराष्ट्रपति के रूप में मिलने वाला सरकारी आवास आवंटित नहीं किया गया है। इसको लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। धनखड़ के करीबी सूत्रों का कहना है कि इस संबंध में उन्होंने समय रहते औपचारिक अनुरोध किया था, इसके बावजूद अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक, जगदीप धनखड़ ने 22 अगस्त को आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखकर पूर्व उपराष्ट्रपतियों ▶▶ शेष पेज 5 पर

देशभर के 2 लाख से अधिक मनरेगा कर्मियों से वीबी-जी राम जी अधिनियम पर हुई चर्चा

## अधिनियम के लागू होने से वर्तमान में कार्यरत किसी भी कर्मी की सेवा प्रभावित नहीं होगीःचौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न राज्यों एंव केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यरत मनरेगा कर्मियों के प्रतिनिधियों के साथ राष्ट्रीय स्तर की वार्ता की अध्यक्षता की। इस वार्ता में विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 पर विचार-विमर्श किया गया। वार्ता में देशभर के लगभग 45 हजार स्थानों से 2 लाख से अधिक मनरेगा



कर्मियों ने भाग लिया। वार्ता का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में मनरेगा में कार्यरत कर्मियों को यह आश्वस्त करना था कि, नए अधिनियम से उनकी सेवा में कोई बाधा नहीं आएगी और वह पहले की ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर पीएम मोदी ने जताई संवेदनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया का मंगलवार सुबह ढाका के अपोलो अस्पताल में 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिसके बाद उनके अपने देश ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पीएम ने जिया की दूरदृष्टि को किया याद

अपनी एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि हम उनके परिवार और बांग्लादेश के सभी आमजन के ▶▶ शेष पेज 5 पर




डॉ. हिमांशु द्विवेदी


## दार अस सलाम से सेरेंगेटी तक तंजानिया की धड़कनों के बीच सफर


**जिसकी दिलचस्पी वन्य जीवन है उसे दार अस सलाम में एक दिन बिताना भी भारी ही लगेगा, खासकर तब जब चमकते सूरज के चलते उमस भरी गर्मी ना चाहते हुए भी आपके बदन से बेहिसाब पसीना निकाल दे रही हो। तंजानिया प्रवास पर आने वाले तमाम पर्यटकों की तरह अपनी भी मंजिल सेरेंगेटी नेशनल पार्क ही है और वहां पहुंचने का सबसे बेहतर तरीका स्थानीय विमान सेवा ही है। आपको बता ही चुका हूं कि यहां सड़कों की हालत हद से ज्यादा खराब है और रेल नेटवर्क भी अभी ठीक से विकसित हुआ नहीं है। लिहाजा आप कितने ही जमीन से जुड़े व्यक्ति हों लेकिन यहां आपको हवा में ही रहना चाहिए।**

यात्रा वृतांत

विकल्प तो दार अस सलाम से सीधे सेरेंगेटी स्थित हवाई पट्टी पर चार्टर फ्लाइट से उतरने का भी रहता है लेकिन जेब के लिहाज से बेहतर है कि रेगुलर फ्लाइट से मवांजा या अरुषा उतरा जाए। यह दोनों ही बेहद सुंदर शहर बताए जाते हैं। हमारी मंजिल मवांजा है जो ताजे पानी की झील लेक विक्टोरिया के किनारे बसा है। दार अस सलाम से हमारे विमान ने दोपहर तीन बजे उड़ान भरी। अब इसे मवांजा के विमान तल पर उतरने में साढ़े तीन घंटे लगेंगे तब तक कुछ बातें तंजानिया को लेकर कर लेते हैं। पूर्वी अफ्रीका के ▶▶ शेष पेज 5 पर

राष्ट्रीय उद्यान घोषित करने की वजह बेहिसाब शिकार के चलते उत्पन्न खतरा ही था। यह कितनी हैरानी की बात है कि तंजानिया ने गुलामी के दौर में ही वन्य जीवों को अवैध शिकार से बचाने कदम वर्ष 1951 में ही उठा लिए वहीं हमने यह कदम आजादी के ढाई दशक बीत जाने के बाद 1972 में उठाए। अभी भी अवैध शिकार हमारे तंत्र के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। यहां वाहन चालक ही गाइड और असिस्टेंट की भूमिका में रहता है।





**आकर्षण का केंद्र ‘मसाई-मारा’:** दुनिया भर के प्रेमियों के बीच बेहद आकर्षण का केंद्र है ‘मसाई-मारा’। केन्या स्थित यह उद्यान सेरेंगेटी के साथ मिलकर ही विश्व प्रसिद्ध वार्षिक पशु प्रवासन को सदियों से अंजाम देते आ रहे हैं। इसके तहत बीस लाख से अधिक विल्डर बीस्ट, आठ लाख से अधिक जेब्रा हजारों किलोमीटर की यात्रा स्व अनुशासन में भोजन की तलाश में तय करते हैं। वर्ष भर चलने वाले इस प्रवासन में यह पशु महज तीन माह मसाई मारा में और नौ माह सेरेंगेट्टी में बिताते हैं। लाखों की संख्या में गजेल ▶▶ शेष पेज 5 पर




## युवक पर चाकू से हमला, आरोपी लखनऊ से दबोचा



**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले के केशवपुरम इलाके में विवाद के बाद 24 वर्षीय एक युवक पर उसके परिचित ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी दी कि पीड़ित खतरे से बाहर है और आरोपी को वारदात के तीन दिन बाद लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया गया है। हमले में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार 25 दिसंबर को अस्पताल से सूचना मिली कि धारदार हथियार से हमले में घायल एक युवक को भर्ती कराया गया है। पुलिस की एक टीम तुरंत अस्पताल पहुंची। पीड़ित पहले कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं था, लेकिन बाद में हालत सुधरने पर उसका बयान दर्ज किया गया। बताया कि विवाद के अचानक बढ़ने पर उसके परिचित ने उस पर हमला कर दिया। मामले की जांच के लिए एक टीम गठित की गई, जिसे घटना के बाद फरार आरोपी के लखनऊ में होने की जानकारी मिली। 28 दिसंबर को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से आरोपी फैजल को गिरफ्तार कर लिया गया।

### आरोपी पर था मां और भाई की हत्या का आरोप

# बिंदापुर के डबल मर्डर केस में आरोपी को हुई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बिंदापुर थाना एरिया में हुये एक डबल मर्डर केस में पुलिस ने आरोपी को सजा तक पहुंचा दिया है। आरोपी सुनील अरोड़ा पर अपनी मां और भाई की हत्या का आरोप था। हत्या का मामला 24 अप्रैल 2019 को दर्ज किया गया था। द्वारका कोर्ट ने 19 दिसंबर को सुनील अरोड़ा को दोनों हत्याएं करने का दोषी ठहराया।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार द्वारका जिला पुलिस ने डबल मर्डर केस में शामिल आरोपी को सजा दिलवाकर एक बड़ी सफलता हासिल की है, जो जिला पुलिस टीम द्वारा की गई जांच की प्रभावशीलता और प्रोफेशनलिज्म को दर्शाता है। वारदात 23 अप्रैल 2019 को तब



सामने आई थी जब एएसआई सुरेश और होम गार्ड चरण सिंह राजापुरी की एक गली से गुजर रहे थे। जब दोनों एक घर के पास पहुंचे तो कुछ लोगों ने बताया कि एक व्यक्ति ने अपनी मां और भाई पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया है। उनके पड़ोसी अमित कुमार मौर्य ने पहले ही पुलिस को फोन कर दिया था।

नतीजतन दोनों पुलिसकर्मी राजा पुरी के उक्त फ्लैट पर पहुंचे और पाया कि राजेंदर अरोड़ा उर्फ राजू नाम का एक व्यक्ति कुर्सी पर अधमरी हालत में पड़ा था, जबकि उसकी मां लता अरोड़ा खून से लथपथ फर्श पर पड़ी थी। दोनों घायलों को डीडीयू अस्पताल भेजा गया था जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चश्मदीदों ने गवाही दी कि मृतक राजिंदर अरोड़ा अपने फ्लैट से भागते हुए उनके पास आया और उस समय उसके जख्मों से खून बह रहा था। राजिंदर ने उन्हें बताया कि उसके बड़े भाई सुनील अरोड़ा ने उसे और उसकी मां को कई चोटें पहुंचाई हैं। उनसे आरोपी से बचाने की गुजारिश भी की। जब चश्मदीद उनके घर में घुसे तो उन्होंने देखा कि आरोपी सुनील अरोड़ा हाथ में चाकू लिए वहां खड़ा था। उन्होंने आगे गवाही दी कि चूंकि आरोपी सुनील अरोड़ा ने उन्हें यह कहकर धमकी दी कि यह उनके घर का मामला है, तुम लोग बीच में मत आओ, वे डर गए और बीच में दखल नहीं दिया। आरोपी ने चाकू से राजिंदर अरोड़ा के शरीर पर कई वार किये। पुलिस के लगातार प्रयासों के बाद आरोपी सुनील अरोड़ा को गिरफ्तार किया। द्वारका जिले के पुलिस स्टाफ द्वारा समय पर चार्जशीट जमा करने से यह सुनिश्चित हुआ कि अभियोजन पक्ष का मामला न्यायालय के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। द्वारका पुलिस द्वारा किए गए विश्वसनीय सबूतों और गहन जांच के आधार पर पवन कुमार जैन, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दक्षिण-पश्चिम जिला, द्वारका कोर्ट की अदालत ने 19 दिसंबर को आरोपी को दो हत्याओं का दोषी ठहराया। माननीय न्यायाधीश ने आजीवन कारावास और डिफॉल्ट के मामले में 50 हजार रुपये के जुर्माना की सजा सुनाई।

## कुत्ते के काटने पर दो पक्षों में भिड़ंत, कई घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गीता कालोनी इलाके में सोमवार देर रात पालतू कुत्ते के काटने पर बवाल हो गया। आरोपी और पीड़ित दोनों पक्षों में मारपीट हुई और कई लोग घायल हो गये। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत ले ली है और छानबीन कर रही है।

डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम ने बताया कि 29/30 दिसंबर की दरमियानी रात को रात 11:03 बजे गीता कॉलोनी थाने में कुत्ते के काटने के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। कॉलर रिजवान उर्फ राजू (40) निवासी रानी गार्डन ने बताया कि नीलम सिंघल (पड़ोसी) के पालतू कुत्ते ने उसके नौकर सार्थक नेगी को काट लिया था। उसने नीलम सिंघल से कुत्ते को काबू में रखने के लिए कहा था। इस पर नीलम सिंघल उसकी बेटी और दूसरे पक्ष से रिजवान व उसकी मां के बीच बहस हो गई। कुछ देर बाद नीलम सिंघल ने अपने कई जान-पहचान वालों को बुलाया और इस मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच फिर से झगड़ा शुरू हो गया। मारपीट में कई घायल हुये। नीलम सिंघल (36), उसकी 17 साल की बेटी और अन्य जान-पहचान वाले लोगों में कार्तिक पुत्र अरविंद बत्रा निवासी रूप नगर, ऋषि शर्मा पुत्र मुकेश शर्मा निवासी सी 83, एकता एन्क्लेव, फरीदाबाद और आदित्य पुत्र जीतेंद्र निवासी डीडीए फ्लैट गुलाबी बाग पता चलें। इन्होंने झगड़े में घायल होने का दावा किया। दूसरी तरफ रिजवान, सार्थक नेगी उर्फ मैगी पुत्र गोविंद सिंह निवासी सी 3, रानी गार्डन और शाहिद निवासी रानी गार्डन ने भी दावा किया कि वे पहले पक्ष से घायल हुए हैं। हालांकि, किसी भी पक्ष पर कोई शारीरिक चोट नहीं दिखी। दोनों पक्षों को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया। उसी के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

## मारपीट के आरोप में एअर इंडिया एक्सप्रेस का पायलट दबोचा



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री पर हमला करने के आरोप में एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक 'ऑफ-ड्यूटी' पायलट को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को जानकारी दी कि कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल जांच में शामिल हुए और उनसे लंबी पूछताछ की गई।

दिल्ली पुलिस ने कहा गया कि मामला दर्ज होने के बाद जांच प्रक्रिया के दौरान, संबंधित सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए गए और बयान दर्ज किए गए। आरोपी को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सेजवाल के खिलाफ 19 दिसंबर को टर्मिनल-1 की सुरक्षा चौकी के पास हुई हिंसा के संबंध में मामला दर्ज किया गया था।

# 22.7 लाख रुपये के साइबर स्कैम में शामिल दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

शाहदरा साइबर पुलिस ने 22 लाख 70 हजार रुपये की ठगी में शामिल रहे फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग रैकेट का खुलासा किया है। इस सिलसिले में हरियाणा से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार इसी साल 13 नवंबर को शिकायतकर्ता डॉ. अमिता गर्ग ने 22,70,000 रुपये की साइबर धोखाधड़ी के संबंध में एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें Stan Chart Dialogue Forum L7 नाम के एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। इस ग्रुप में पांच एडमिन थे और वे डी-मैट शेयरों के बारे में बात करते थे। ग्रुप के एडमिन में से एक जिसका नाम यालिनी गुना था ने अपने एप SCIIHNW के माध्यम से निवेश की एक योजना पेश की और शेयर दिए। शिकायतकर्ता ने उस लिंक के



- फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग एप के जरिये लगाते थे चूना

माध्यम से वह एप्लिकेशन इंस्टॉल कर ली। शुरू में उसने अलग-अलग तारीखों पर 11 ट्रांजैक्शन के माध्यम से लगभग 27 हजार रुपये का निवेश किया। लेकिन जब उसने अपनी रकम निकालने की कोशिश की, तो उन्होंने कई तरह की शर्तें लगाईं और शिकायतकर्ता पर और पैसे निवेश करने का दबाव डाला। इस तरह शिकायतकर्ता ने कुल 22,70,000 रुपये का निवेश किया। उसके बाद उन्होंने शिकायतकर्ता को उस एप पर ब्लॉक कर दिया। धोखाधड़ी का एहसास होने पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज की गई। बाद में साइबर थाना शाहदरा ने उचित धाराओं में केस दर्ज किया। इंस्पेक्टर श्वेता शर्मा को जांच सौंपी गई। जांच के बाद संदिग्ध खाताधारक की पहचान समीर निवासी हिसार, हरियाणा के रूप में हुई। हिसार से समीर और देव सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

# नये साल की पूर्व संध्या पर कनॉट प्लेस इंडिया गेट के आसपास यातायात प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली यातायात पुलिस ने नये साल के जश्न के मद्देनजर मंगलवार को एक विस्तृत परामर्श जारी कर 31 दिसंबर के लिए कनॉट प्लेस और आसपास के इलाकों में यातायात प्रतिबंधों, मार्ग परिवर्तन और पार्किंग के विशेष प्रबंधों की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नये साल के स्वागत के लिए कनॉट प्लेस और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। इसे देखते हुए पैदल यात्रियों और वाहनों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। परामर्श के अनुसार, यातायात प्रतिबंध 31 दिसंबर की शाम सात बजे से लागू होंगे और जश्न की समाप्ति तक प्रभावी रहेंगे। ये प्रतिबंध विशेष



अनुमति प्राप्त वाहनों के अलावा सभी निजी और सार्वजनिक परिवहन वाहनों पर लागू होंगे। पुलिस के मुताबिक, मंडी हाउस, बंगाली मार्केट, पटेल चौक, गोल मार्केट, जीपीओ और कस्तूरबा गांधी मार्ग-फिरोजशाह रोड चौराहे, जय सिंह रोड-बंगला साहिब लेन और विंडसर प्लेस जैसे निर्धारित बिंदुओं से आगे किसी भी वाहन को कनॉट प्लेस की ओर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परामर्श में कहा गया है कि वैध प्रवेश पास वाले वाहनों को छोड़कर, कनॉट प्लेस के अंदरूनी, मध्य या बाहरी सर्किल में वाहनों के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इंडिया गेट पर भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए ओ-पॉइंट, डब्ल्यू-पॉइंट, एमएलएनपी और सुनहरी मस्जिद गोल चक्कर, राजपथ-रफी मार्ग, मथुरा रोड-पुराना किला रोड, शेर शाह रोड और जाकिर हुसैन मार्ग जैसे स्थलों पर भी यातायात को प्रतिबंधित किया जा सकता है या उनके मार्ग में परिवर्तन किया जा सकता है। यातायात पुलिस ने उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम आवाजाही के लिए रिंग रोड, मथुरा रोड, रानी झांसी मार्ग, पचकुइयां रोड, मंदिर मार्ग और मदर टेरेसा क्रिसेंट जैसे वैकल्पिक मार्गों के उपयोग का सुझाव दिया है। कनॉट प्लेस क्षेत्र में पार्किंग के लिए काली बाड़ी मार्ग, पंडित पंत मार्ग, भाई वीर सिंह मार्ग, रकाब गंज रोड, कॉपरनिकस मार्ग, बाबर रोड, तानसेन मार्ग, विंडसर प्लेस और रायसीना रोड जैसे स्थानों को चिह्नित किया गया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि पार्किंग 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर उपलब्ध होगी और अनधिकृत पार्किंग करने पर वाहन को जब्त किया जाएगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दक्षिण दिल्ली से नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को विशिष्ट मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी गई है, जबकि कनॉट प्लेस के रास्ते चेल्म्सफोर्ड रोड से प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन जाने वाला यातायात प्रभावित नहीं होगा।

## दिल्ली जन विश्वास संशोधन विधेयक 2026 को दी मंजूरी छोटे उल्लंघन अपराध की श्रेणी से होंगे बाहर : रेखा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए दिल्ली सरकार ने 'दिल्ली जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2026' को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली कैबिनेट में पारित इस विधेयक का उद्देश्य अनुपालन प्रक्रियाओं को आसान करना और छोटे उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना है ताकि अदालतों पर बोझ कम हो और प्रशासनिक कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विधेयक केंद्र सरकार द्वारा लागू जन विश्वास (संशोधन उपबंध) अधिनियम, 2023/2025 के अनुरूप है, जिसके तहत केंद्रीय कानूनों में छोटे अपराधों को अपराधमुक्त किया गया है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस विधेयक की विस्तृत जानकारी देते हुए मंगलवार को बताया कि इस विधेयक के द्वारा दिल्ली सरकार 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' (व्यवसाय में सुगमता) और 'ईज ऑफ लिविंग' (जीवन में सुगमता) को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2023 में लागू किए गए जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम के तहत केंद्रीय कानूनों में छोटे, तकनीकी और प्रक्रियात्मक उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया।

## आयोग और निगम उपायुक्त के बीच सफाई कर्मियों के मामले पर चर्चा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने दिल्ली नगर निगम के शाहदरा उत्तरी जोन के उपायुक्त के साथ निगम सफाई कर्मियों के गम्भीर ज्वलंतशील मुद्दों के विषय में चर्चा की। बैठक में आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने कहा कि आयोग में वैसे तो पूरी दिल्ली के ही सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आते है परंतु इनदिनों शाहदरा उत्तरी जोन में कार्यरत सफाई कर्मचारी अपनी समस्यायों को लेकर बेहद दुःखी है, इसलिये इस ज़ोन में बैठक करना बेहद जरूरी हो गया था। कर्मियों की संबंधित समस्याओं के विषय में आयोग के चेयरमैन ने सफाई कर्मियों को आश्वस्त किया कि सामने आई समस्याओं और सुझावों को निगम महापौर, स्थायी समिति अध्यक्ष और निगम आयुक्त को भेजेंगे। बैठक में ज़ोन के सहायक आयुक्त, श्रम कल्याण अधिकारी, सफाई अधीक्षक समेत विभिन्न यूनियन पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। चेयरमैन संजय गहलोत ने बताया कि इस जोन में करीब 450 कर्मचारी ऐसे भी हैं जो पिछले 20 -22 वर्षों से लगातार कार्य कर रहे हैं परंतु वरिष्ठता सूची में उनका नाम न होने के कारण उन्हें नियमित करने से वंचित रहना पड़ रहा है।

# दिल्ली पुलिस इस साल लालकिला के पास विस्फोट व स्टेशन पर भगदड़ जैसी घटनाओं की जांच में रही व्यस्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस इस साल कई मामलों की जांच में व्यस्त रही, जिसमें लालकिला के पास विस्फोट की घटना और नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सुबह-सुबह हुई भगदड़ की घटना शामिल थी। साल की सबसे बड़ी घटना 10 नवंबर को घटी, जब लालकिला के पास एक कार में विस्फोट हुआ, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। धमाके ने घनी आबादी वाले चांदनी चौक-लालकिला इलाके को झकझोर कर रख दिया। विस्फोट की घटना के बाद बम निरोधक और फोरेंसिक टीम की भारी तैनाती की गई, स्थानीय मेट्रो स्टेशन को बंद कर दिया गया और धमाके की जगह को कई दिनों तक घेराबंदी करके रखा गया। मामले की जांच शुरू में दिल्ली पुलिस ने की जिसे बाद में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दिया गया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बीस अगस्त को, उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में आयोजित एक जन सुनवाई के दौरान हमला किया गया। हमलावर सकरिया राजेशभाई खिमजीभाई गुजरात का निवासी था और मुख्यमंत्री पर हमला करने के लिए वह कथित तौर पर सख्त सुरक्षा घेरों को भेदने में सफल रहा। एक विशेष अदालत ने हाल ही में खिमजीभाई के खिलाफ हत्या के प्रयास और आपराधिक साजिश के तहत आरोप तय किए।

इस घटना ने वीआईपी सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा को प्रेरित किया और सार्वजनिक कार्यक्रमों में गुप्ता की सुरक्षा कड़ी करने के निर्देश जारी किए गए। पंद्रह फरवरी को, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक भगदड़ की घटना में 18 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब यात्री प्लेटफॉर्म 14 और 15 के ऊपर के भीड़भाड़ वाले फुटब्रिज पर फिसल गए। इस घटना ने देश के सबसे व्यस्त परिवहन केंद्रों में से एक में पुराने बुनियादी ढांचे और भीड़ प्रबंधन की चुनौतियों



को उजागर किया। मई में, दिल्ली पुलिस ने शायद शहर के सबसे विचित्र अपराधियों में से एक को गिरफ्तार किया। वह एक कुख्यात आयुर्वेदिक चिकित्सक था जो 'सीरियल किलर' बन गया था और जिसे 'डॉक्टर डेथ' नाम दिया गया। देवेंद्र शर्मा (67) को गुरुग्राम और दिल्ली में कई हत्याओं का दोषी ठहराया गया था। वह पैरोल तोड़कर फरार हो गया था और राजस्थान के दौसा स्थित एक आश्रम में पुजारी के रूप में रहता पाया गया। पुलिस जांच में पता चला कि शर्मा व्यक्तियों की हत्या के बाद उनके शव को मगरमच्छों को खिला देता था।

इसके साथ ही, पुलिस बल ने खुद को एक स्वयंभू बाबा से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले में भी उलझा पाया। स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पहले एक धार्मिक संगठन से जुड़ा था और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के एक संस्थान में प्रबंधन समिति के सदस्य के रूप में कार्य कर रहा था। कई छात्राओं द्वारा उस पर उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पूरे साल विद्यालयों, अस्पतालों और कॉलेजों को बम की झूठी सूचनाएं लगातार एक चुनौती बनी रहीं और सूचनाएं भेजने वाले का कोई ठोस सुराग नहीं मिला। उनका पता लगाने के लिए खुफिया इकाइयां वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) से जुड़े स्वरूप का विश्लेषण जारी रखे हुए हैं। इस साल सड़क अपराध की कुछ घटनाएं भी सामने आईं।

अगस्त में, कांग्रेस सांसद आर. सुधा से चाणक्यपुरी के उच्च सुरक्षा वाले इलाके में सुबह की सैर के दौरान चेन छीनने की घटना हुई। दिल्ली पुलिस ने 48 घंटे के भीतर 24 वर्षीय आदतन अपराधी सोहन रावत का पता लगा लिया और उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 30 ग्राम सोने की चेन और अन्य चोरी की वस्तुएं बरामद कीं। आरोपी पहले के चोरी के मामलों में जमानत पर था और उसके खिलाफ 26 आपराधिक मामले दर्ज पाये गए।

इस घटना ने नागरिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था में खामियों को लेकर विशेषकर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराधों को लेकर बहस छेड़ दी। पुलिस बल में शीर्ष स्तर पर भी असामान्य रूप से तेज बदलाव देखने को मिला। पुलिस प्रमुख संजय अरोड़ा की सेवानिवृत्त के बाद, एसबीके सिंह को दिल्ली पुलिस का 25वां आयुक्त नियुक्त किया गया, लेकिन केवल 21 दिनों में उन्हें जेल महानिदेशक के तौर पर प्रभार संभालने के लिए स्थानांतरित कर दिया गया। तत्कालीन जेल महानिदेशक सतीश गोलछा को 26वां पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया।

हाल के वर्षों की सबसे बड़ी मुठभेड़ों में से एक में, 23 अक्टूबर को रोहिणी में बिहार के चार गैंगस्टर को मार गिराया गया। रंजन पाठक, बिमलेश महतो, मनीष पाठक और अमन ठाकुर सिग्मा गिरोह के सदस्य थे और बिहार में कई हत्याओं के मामले में वांछित थे। दिल्ली पुलिस अन्य कई हादसों से भी निपटी। उनमें से एक 12 जुलाई को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में चार मंजिला इमारत का ढहना था। इस हादसे में दो साल की एक बच्ची सहित परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस द्वारा आगामी वर्ष में अपराधियों को कानून के कटघरे में लाने, महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा मजबूत करने और शहरी सुरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने पर फिर से जोर देने की संभावना है।

## इंटरनेशनल मोबाइल तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

- 116 चोरी व छीने गए फोन बरामद
- कोलकाता के रास्ते बांग्लादेश भेजे जाते थे मोबाइल

**नई दिल्ली।** मध्य जिले की पुलिस ने चोरी या छीने गए मोबाइल फोन खरीदने वाले चार शातिर और कुख्यात रिसीवर पकड़े है। इनके लिंक बांग्लादेश से जुड़े थे। जांच में पता चला कि इंटरनेशनल मोबाइल तस्करी रैकेट कोलकाता के रास्ते बांग्लादेश मोबाइल भेजता था। इनसे एप्पल समेत विभिन्न ब्रांड व कंपनियों के 116 महंगे मोबाइल फोन बरामद हुये हैं। आरोपी सुरक्षा को बायपास करने के लिए 3यू टूल्स, अनलॉक टूल्स और अन्य विदेशी मोबाइल अनलॉकिंग सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते थे। पुलिस के अनुसार मास्टरमाइंड समीर उर्फ राहुल दूसरों के लिए चोरी के मोबाइल फोन को गैर-कानूनी तरीके से अनलॉक करने के लिए प्रति हैंडसेट 1,500 तक चार्ज करता था। 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों को स्कैन करने, एडवांस्ड टेक्निकल सर्विलांस और मजबूत ह्यूमन इंटेलिजेंस इनपुट के जरिये पुलिस इस रैकेट तक पहुंची। सभी चारों आरोपी पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल थे, जिनमें एक हत्या का मामला भी शामिल है। इस गिरफ्तारी से सेंट्रल, नॉर्थ, वेस्ट, ईस्ट, नॉर्थ-ईस्ट और शाहदरा जिलों से संबंधित स्नैचिंग और चोरी के 42 मामलों का खुलासा किया गया है। गिरफ्तार तीन अन्य आरोपियों के नाम सलमान, दिलशाद यासीन कुरैशी और अयान हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अरूमुगम** पुत्रः **स्वामी कन्दन** पताः **झुग्गी मद्रासी कैम्प, जल विहार, लाजपत नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 209/2025 U/s 20/29 NDPS Act, थानाः लाजपत नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरूमुगम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरूमुगम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 209/2025 U/s 20/29 NDPS Act, थानाः लाजपत नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अरूमुगम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 30.01.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**डॉ. तरूण सहरावत**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–04/स्पेशल न्यायाधीश (एनडीपीएस)**
**दक्षिण पूर्व जिला, कोर्ट नं. 312**
**साकेत कोर्ट, दिल्ली**

**DP/17649/SE/2025 (Court Matter)**

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन सफीदों में रोड पेवमेंट की मरम्मत और रखरखाव। | 29.12.2025 07.01.2026 | रु.10,72,382/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन जीन्द (झांझ) में रोड की विशेष मरम्मत और रखरखाव। | 29.12.2025 07.01.2026 | रु.8,18,173/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम अर्ध में एचवीपीएनएल द्वारा 220 केवी लेवल पर 220 केवी सब स्टेशन दाधीबाना के संवर्धन के अधीन अतिरिक्तता हेतु 1×20/25 एमवीए, 132/33 केवी जमा (1×16/20 जमा 1×10/16) एमवीए, 132/11 केवी टी/एफएस से 2×20/25 एमवीए, 132/33 केवी जमा (1×16/20 जमा 1×10/16) एमवीए, 132/11 केवी टी/एफएस तक 132 केवी सब स्टेशन झोझू-कलां का संवर्धन (वित्तीय वर्ष 23-24 हेतु आर-1879 के तहत अनुमोदित)। | 29.12.2025 07.01.2026 | रु.81,77,423/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/41576/I/88/7 दि. 30.12.25

### धूल और धुएं पर लगाम लगाएगी नई सड़कें और मिस्ट स्प्रे सिस्टम

# ग्रेप हटते ही दिल्ली में 400 किमी नई सड़कों का निर्माण होगा शुरू : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) हटते ही दिल्ली में लगभग 400 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार सड़कों के सेंट्रल वर्ज (मध्य विभाजक) पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगातार स्थापित कर रही है। इस बात की मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगातार और एक साथ कई मोर्चों पर ठोस व प्रभावी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में निर्माण के लिए वर्षों से तरस रही राजधानी की सड़कों के दिन अब बहुरने वाले हैं। उन्होंने कहा कि नई सड़कें बनने से और सड़कों के सेंट्रल वर्ज (मध्य विभाजक) पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम स्थापित करने से प्रदूषण को कम करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए दीर्घकालीन उपाय आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि सड़क निर्माण से जुड़ी टेंडर और अन्य सभी प्रक्रियाएं पहले ही पूरी कर ली गई हैं।

ग्रेप हटते ही लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) युद्धस्तर पर काम शुरू करेगा और राजधानी के विभिन्न हिस्सों में एक साथ सड़क निर्माण गतिविधियां दिखाई देंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार, जिन सड़कों का निर्माण पांच वर्ष पूर्व किया गया था या जिनकी स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पुनर्निर्मित किया जाएगा। इन सड़कों का निर्माण चालू वित्तीय वर्ष में पूरा किए जाने की संभावना है।

#### केंद्र सरकार द्वारा जारी किया जा चुका है बजट

दिल्ली सरकार के अनुसार प्रस्तावित 400 किलोमीटर सड़कों में से 300 किलोमीटर सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा बजट जारी किया जा चुका है, जबकि शेष 100 किलोमीटर सड़कों का निर्माण दिल्ली सरकार अपने संसाधनों से करेगी। इन सड़कों के निर्माण से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि जर्जर और टूटी सड़कों से उड़ने वाली धूल में भी उल्लेखनीय कमी आएगी, जो दिल्ली के प्रदूषण का एक बड़ा कारण रही है।

#### प्रदूषण नियंत्रण में प्रभावी है मिस्ट स्प्रे सिस्टम

सड़क निर्माण के साथ-साथ दिल्ली सरकार धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए मिस्ट स्प्रे सिस्टम के विस्तार पर भी लगातार काम कर रही है। पर्यावरण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सड़कों के सेंट्रल वर्ज में स्थित विद्युत खंभों अथवा अन्य उपयुक्त खंभों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाए जा रहे हैं। इन प्रणालियों के माध्यम से सूक्ष्म जल कणों का छिड़काव कर सड़क की धूल को दबाया जाता है, जो दिल्ली में पीएम10 और पीएम2.5 जैसे प्रदूषकों का एक प्रमुख स्रोत मानी जाती है। वर्तमान में राजधानी के सैकड़ों स्थानों पर करीब 340 मिस्ट स्प्रे सिस्टम कार्यरत हैं और चरणबद्ध तरीके से इनका दायरा और बढ़ाया जा रहा है।

#### प्रदूषण नियंत्रण के लिए दीर्घकालीन उपाय जरूरी

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण से निपटना केवल मौसमी या तात्कालिक कार्रवाई नहीं है, बल्कि इसके लिए फौरी उपायों के साथ-साथ दीर्घकालिक और संरचनात्मक सुधार भी आवश्यक हैं। बेहतर सड़कें, नियमित रखरखाव और धूल नियंत्रण की आधुनिक तकनीक मिलकर ही राजधानी की वायु गुणवत्ता में स्थायी सुधार ला सकती हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, दिल्ली सरकार का स्पष्ट उद्देश्य विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाते हुए राजधानी के नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर जीवन वातावरण उपलब्ध कराना है।

## 'सरकारी स्कूलों के शिक्षक बच्चों को पढ़ाएंगे या सड़कों पर कुत्ते गिनेंगे'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को आवारा कुत्तों को गिनने और निगरानी रखने के कथित आदेश पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी कड़ी नाराजगी जताई है।

मंगलवार को अरविंद केजरीवाल ने भाजपा सरकार से पूछा कि दिल्ली में सरकारी स्कूलों के शिक्षक बच्चों को पढ़ाएंगे या फिर सड़कों पर आवारा कुत्ते गिनेंगे? भाजपा सरकार के इस आदेश ने शिक्षा के प्रति उसकी सोच और प्राथमिकताओं को बेनकाब कर दिया है। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि दिल्ली में सरकारी स्कूलों के शिक्षक बच्चों को पढ़ाएंगे या फिर सड़कों पर कुत्ते गिनेंगे? भाजपा की दिल्ली सरकार का ये आदेश उनकी सोच और प्राथमिकताओं को बेनकाब करता है।

### शिक्षकों को कुत्तों की गिनती के लिए लगाए जाने का आदेश सार्वजनिक करे 'आप' : सूद



नई दिल्ली। दिल्ली के शिक्षकों को आवारा कुत्तों की गिनती में लगाए जाने के आम आदमी पार्टी (आप) के आरोप पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को प्रैसवार्ता में आप को खुली चुनौती दी है कि शिक्षकों को कुत्तों की गिनती के लिए लगाए जाने का आदेश सार्वजनिक करे, अन्यथा झूठ फैलाने के लिए दिल्ली की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने प्रैसवार्ता में कहा कि तथाकथित स्वघोषित बेरोजगार नेता और आप के तथाकथित राष्ट्रीय नेता दिल्ली के सामाजिक ताने-बाने को खराब करने के उद्देश्य से सोमवार को पूरे दिन सोशल मीडिया पर झूठ फैलाते रहे कि दिल्ली के शिक्षकों को आवारा कुत्तों की गिनती के लिए लगाया गया है। यह पूरी तरह झूठ है। आशीष सूद ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली के तहसीलदारों और सब रजिस्ट्रार की सस्पेंशन को लेकर झूठ फैलाकर प्रशासनिक अराजकता पैदा करने की कोशिश की गई। आम आदमी पार्टी से सवाल पूछते हुए आशीष सूद ने कहा कि आखिर आप को भ्रष्टाचारियों से इतना प्रेम क्यों है? आम आदमी पार्टी के शासनकाल में इन कार्यालयों में खुलेआम भ्रष्टाचार होता था और आज जब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रही है तो आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचारियों के पक्ष में क्यों खड़ी है।

**खबर संक्षेप**

### नांगलोई जल शोधन संयंत्र की सफाई, आपूर्ति रहेगी बाधित

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने सूचना जारी करते हुए कहा है कि नांगलोई जल शोधन संयंत्र की साफ सफाई के कारण संबंधित क्षेत्रों में करीब दस दिन तक आपूर्ति बाधित रहेगी। डीजेबी के अनुसार नांगलोई संयंत्र में क्लेरिफायर के रखरखाव के कारण 3 जनवरी 2026 से 12 जनवरी 2026 तक जल शोधन में कमी रहेगी। जिसकी वजह से संयंत्र से आपूर्ति वाले क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित रहेगी।

### व्यापारी कल्याण बोर्ड के लिए सीटीआई संगठन ने सीएम को लिखा पत्र

**नई दिल्ली**। दिल्ली के व्यापारियों ने एक बार फिर सरकार से मांग की है कि व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए, क्योंकि लंबे समय से इसका इंतजार ट्रेडर्स कर रहे है। इस संबंध में व्यापारियों के संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर 10 सूत्री विषयों को उठाया है। संगठन के चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया की व्यापारियों के बोर्ड बनाने का इंतजार लंबे समय से कर रहे है। इसलिए संगठन ने वर्तमान सीएम रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर अपील की है कि वह वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा अवश्य करें। इसके सदस्यों का औपचारिक ऐलान किया गया था और बजट के तौर पर 10 करोड़ रुपये का फंड भी आवंटित हुआ था। बोर्ड के जरिए नियामक सुधार, कल्याणकारी योजनाओं और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

### लेट पेमेंट सरचार्ज पर 100 प्रतिशत छूट में केवल एक महीना बचा, लोगों से की लाभ उठाने की अपील

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की लेट पेमेंट सरचार्ज पर 100 प्रतिशत की मिल रही छूट अब अपने अंतिम चरण की और है। इस योजना में अब लगभग एक महीना (31 जनवरी 2026) शेष बचा है। ऐसे में डीजेबी ने लोगों से अपील की है कि सबसे पहले अपनी लेट पेमेंट को जमा कराएं और सरचार्ज पर मिल रही 100 प्रतिशत की छूट का फायदा जरूर उठाएं। इस बारे में डीजेबी के एक अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को राहत देते हुए लेट पेमेंट सरचार्ज पर जो 100 प्रतिशत की छूट दे रखी है उसका अभी तक हजारों उपभोक्ताओं ने फायदा उठाया है। लेकिन अब भी हजारों ऐसे उपभोक्ता है जिनका बिल बकाया पड़ा है। इनमें कुछ हजारों से लेकर बड़ी राशि वाले बकाया बिल भी शामिल भी है। ऐसे में डीजेबी सभी घरेलु उपभोक्ताओं से आग्रह करता है कि इस सुनहरे मौके के समाप्त होने से पूर्व ही अपना बकाया बिल अवश्य जमा कर दें और 100 प्रतिशत की छूट का फायदा उठाएं। इस सीमा को बढ़ाए जाने के सवाल के जवाब में अधिकारी ने बताया कि फिलहाल योजना के तहत 31 जनवरी 2026 बकाया जमा करने वालों को ही सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जबकि इसके बाद 1 फरवरी से 31 मार्च 2026 तक बकाया बिल जमा करने वालों को 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

## प्रमुख समितियों से प्राप्त सभी महत्वपूर्ण सुझावों को बजट में किया जाएगा शामिल : सत्या शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली नगर निगम की प्रमुख समितियों के अध्यक्षों ने बजट पर रखे प्रस्ताव

दिल्ली नगर निगम ने संशोधित बजट अनुमान तथा 2026-27 के बजट अनुमानों को अंतिम रूप देने की दिशा में प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसे लेकर विशेष बजट बैठक में पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं समिति (डेम्स), निर्माण समिति, स्वास्थ्य समिति, शिक्षा समिति, उद्यान समिति तथा ग्रामीण समिति के अध्यक्ष ने बजट पर विस्तार से प्रस्ताव रखे। बैठक के बाद स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि इन सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए उन्हें आगामी बजट में शामिल किया जाएगा। ग्रामीण समिति के अध्यक्ष



योगेश राणा ने कहा कि गांव के उत्थान हेतु फंड दिया जाए जिससे गांव की सड़को, गलियों का विकास किया जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग से पॉलिसी बना कर डार्क स्पॉट दूर करने के लिए लाईटें लगवाई जाए। गांव में ग्राम सभा की जमीन डीडीए को हस्तान्तरित हो गई थी, वह जमीन डीडीए से वापस लेकर उसमे स्वास्थ्य केन्द्र या कम्पेक्टर की व्यवस्था की जाए। इसमें दिल्ली ग्रामोदय अभियान और दिल्ली विलेज डेवलपमेंट बोर्ड का फंड उपयोग किया जाए।

#### डेम्स अध्यक्ष ने दिया सफाई पर जोर

पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर ने सुझाव देते हुए कहा कि प्रत्येक वार्ड में एक जेसीबी मशीन व स्वीपिंग मशीन की व्यवस्था की जाए, हर निगम पार्षद को दस स्वच्छता कर्मचारी अलग से दिए जाए ताकि वार्ड में उनसे कहीं भी सफाई कराई जा सके, कूडाघर व सार्वजिनक शौचालयों की देखरेख के लिए अलग से बजट की व्यवस्था की जाए, सफाई कर्मियों के बकाया राशि (एरियर) के लिए फंड की व्यवस्था की जाए, निगम में बंद हुए कूडाघरों को प्राइवेट कंपनियों को किराए पर दिया जाए ताकि नगर निगम का राजस्व बढ़ सके

शिक्षा समिति के योगेश वर्मा ने सुझाव देते हुए कहा कि निगम के विद्यालय बहुत ही अच्छी लोकेशन पर है और उनके प्रवेश द्वार भी अलग से है, उनकी दीवार को विज्ञापन के लिए इस्तेमाल किया जा सकें, जिससे निगम को भी राजस्व प्राप्त होगा।

### विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कैग की रिपोर्ट पर होगी चर्चा : कपिल मिश्रा

**नई दिल्ली**। आगामी 5 जनवरी से शुरू होने वाले दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र काफी हंगामेदार होने वाला है। क्योंकि इस सत्र में सरकार प्रदूषण के मुद्दे पर और शीश महल पर सीएजी की रिपोर्ट पर खुली चर्चा करवाएगी। इस बात की जानकारी दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को प्रैसवार्ता में दी। प्रैसवार्ता में मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 जनवरी से चार दिनों के लिए आयोजित होगा। विधानसभा सत्र में सरकार की ओर से महत्वपूर्ण प्रस्ताव लाए जाएंगे। विधानसभा में प्रदूषण के मुद्दे पर विस्तृत और खुली चर्चा की जाएगी। इस दौरान पर्यावरण और प्रदूषण पर सरकार स्वयं प्रस्ताव लेकर आएगी और पिछले 20 वर्षों की स्थिति और वैज्ञानिक रिपोर्टें सदन में रखी जाएंगी। इसके साथ ही प्रदूषण से जुड़ी कमियों और भविष्य की कार्ययोजना पर सदन में खुली चर्चा की जाएगी जिसमें सभी पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर दिया जाएगा। वहीं कपिल मिश्रा ने बताया कि अरविंद केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री रहने के दौरान बनवाए गए सीएम हाउस शीश महल पर सीएजी की रिपोर्ट भी इस विधानसभा सत्र में पेश की जाएगी और इस पर चर्चा की जाएगी। वहीं दिल्ली जल बोर्ड पर सीएजी की रिपोर्ट भी विधानसभा के पटल पर रखी जाएगी। इसके अलावा, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दिल्ली सरकार की विश्वविद्यालयों के संचालन में किस तरह का भ्रष्टाचार हुआ, उस पर भी कैग की रिपोर्ट सामने रखी जाएगी।

### विधानसभा सत्र में सीएम आरोप प्रत्यारोप की जगह सीएजी रिपोर्ट पर करे कार्रवाई : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि आने वाले विधानसभा में भाजपा सरकार को चाहिए कि जनहित मुद्दों पर चर्चा करें। केवल आरोप प्रत्यारोप के सहारे अपनी नाकामियों को छिपाने के चक्कर में सदन का बहुमुल्य समय खराब न करें। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि सीएम रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के भ्रष्टाचार पर आई 14 सीएजी रिपोर्ट में पाई अनियमितताओं के खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की।

यह बात बिलकुल साफ है कि आम आदमी पार्टी ने अपने पिछले 11 वर्षों के कार्यकाल में दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बर्बाद करके केवल घोटाले किए है। परंतु भाजपा सरकार को भी दिल्ली की जनता के सामने यह रखना चाहिए कि उन्होंने दमघोटू प्रदूषण, यमुना सफाई, डीटीसी बसों की



संख्या बढ़ाने, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल, खस्ताहाल सड़कों को लेकर क्यों कुछ नही किया। उन्होंने कहा कि भाजपा पिछले 10 महीनों से चुनाव में किए सभी वादों और दावों पर भागती नजर आई है। सीएम रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार की भ्रष्टाचार पर आई 14 सीएजी रिपोर्टों में पाई अनियमितताओं के खिलाफ अगर कार्यवाही करती तो करोड़ों के राजस्व का नुकसान करने वालों को सजा तो मिल सकती थी।

## 'भारत की आंतरिक सुरक्षा की रीढ़ हैं सीआरपीएफ के जवान'

### विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सीआरपीएफ की 103वीं बटालियन के जवानों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश के सबसे चुनौतीपूर्ण सुरक्षा परिवेश में कार्य करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान अनुशासन, साहस और अडिग पेशेवर प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वे भारत की आंतरिक सुरक्षा की रीढ़ हैं।

यह विचार दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में सीआरपीएफ की 103वीं बटालियन के जवानों एवं अधिकारियों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर जवानों के



परिवारजन एवं बच्चे भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 103वीं बटालियन के उप कमांडेंट, सहायक कमांडेंट एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने देश भर में आंतरिक सुरक्षा एवं सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने में सीआरपीएफ की ऐतिहासिक और निरंतर भूमिका की सराहना की। उन्होंने उग्रवाद और आतंकवाद के विरुद्ध अभियानों, वामपंथी उग्रवाद से निपटने, चुनावों के दौरान सुरक्षा प्रबंध, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के समय नागरिक प्रशासन की सहायता में बल के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सीआरपीएफ की भागीदारी का भी उल्लेख करते हुए वैश्विक शांति एवं स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को उजागर किया। गुप्ता ने विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर तथा अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में सेवा दे चुके सीआरपीएफ कर्मियों के योगदान को सराहा और कठिन परिस्थितियों में उनके समर्पण, साहस एवं पेशेवर दक्षता की प्रशंसा की।

जवानों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष ने बताया कि इस संस्था की स्थापना 1911 से जुड़ी है, जब तृतीय दिल्ली दरबार के अवसर पर किंग जॉर्ज पंचम द्वारा राजधानी को कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित करने की घोषणा की गई थी।

### इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर दृश्यता 250 मीटर तक रही

# मामूली सुधार के बावजूद दूसरे दिन भी सौ से ज्यादा उड़ानें रद्द, सड़क पर रेंगे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में मामूली सुधार के बावजूद दूसरे दिन मंगलवार को भी घने कोहरे की वजह से 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई और दर्जनों को देरी का सामना करना पड़ा। ऐसा ही हाल रेल गाड़ियों का रहा और सड़कों पर वाहन रेंगने को मजबूर दिखाई दिए। जानकारी अनुसार इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर दृश्यता 250 मीटर तक रही। जिसके चलते इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार को लगभग 118 उड़ानें रद्द करनी पड़ी, जबकि 16 उड़ानों को डायवर्ट किया गया व दर्जनों उड़ानों को देरी का सामना



नई दिल्ली। खुद को सर्दी से बचाने के लिए आलाव जलाकर हाथ तापती महिलाए। फोटो : एजेंसी

करना पड़ा। इसी प्रकार रेलवे के अनुसार घने कोहरे ने ट्रेनों की स्पीड पर ब्रेक लगाते हुए लगभग 65 से अधिक ट्रेनें 10 घंटे तक लेट रही। इनके अलावा दिल्ली के कई क्षेत्रों में विजिबिलिटी जीरो के बेहद करीब दर्ज हुई जिसकी वजह से सड़कों पर वाहनों के हेड लाइट जलाने के बावजूद रेंगते देखा गया। दोपहर के समय कुछ हालात सामान्य हुए जिसके बाद वाहनों ने रफ्तार पकड़ी।

### सात वर्षों में इस बार दिल्ली का औसत वायु प्रदूषण रहा सबसे खराब

नई दिल्ली। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में दिसंबर का एक्यूआई सात सालों में सबसे खराब रहा। इस साल दिसंबर में दिल्ली का औसत एक्यूआई 349 रहा जो इससे पहले वर्ष 2018 में 360 रिकॉर्ड किया गया था। दिसंबर 2024 में औसत एक्यूआई 294, 2023 में 348, 2022 में 319, 2021 में 336, 2020 में 332, 2019 में 337 और 2015 में 301 रहा। जबकि इसके विपरीत 2025 में इस महीने दिल्ली में पांच दिन वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। पिछले साल दिसंबर में दिल्ली में छह दिन ऐसी स्थिति रही थी। सोमवार को भी दिल्ली की वायु गुणवत्ता शाम चार बजे 401 के साथ गंभीर श्रेणी में पहुंच गई, जबकि रविवार को यह 390 के साथ अत्यंत खराब श्रेणी में दर्ज की गई थी, लेकिन मंगलवार को इसमें कुछ सुधार दर्ज हुआ। मंगलवार को घना कोहरा, जहरीली हवा और सर्दी के चलते दिल्ली वालों को ट्रिपल अटैक की मार झेलनी पड़ रही है। मंगलवार को भी दिल्ली में वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में दर्ज हुआ। हालांकि सोमवार को गंभीर श्रेणी की तुलना में इसमें मामूली सुधार जरूर हुआ है, लेकिन हालात अब भी खराब है। सुबह के समय राजधानी दिल्ली का औसत एक्यूआई 383 रिकॉर्ड किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। दिल्ली के विभिन्न वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों के आंकड़ों के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 451, अशोक विहार में 433, रोहिणी में 446, वजीरपुर में 449 और चांदनी चौक में 432 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी के तहत आता है। कुल 15 केंद्रों पर हवा का सूचकांक गंभीर श्रेणी में रहा।

### 'शीतकालीन सत्र में भाजपा सरकार के 10 महीने के काम का हिसाब लेगी आप'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




आम आदमी पार्टी ने 5 जनवरी से शुरू हो रहे दिल्ली विधानसभा के शीलकालीन सत्र के दौरान भाजपा सरकार की 10 महीने के कार्यकाल की नाकामियों पर घेरने की तैयारी कर ली है। 'आप' विधायक दल के चीफ व्हीप संजीव झा ने कहा कि आम आदमी पार्टी शीतकालीन सत्र में भाजपा सरकार के 10 महीने के काम का हिसाब लेगी।

भाजपा सरकार ने महिलाओं को 2 हजार 500 रुपए नहीं देकर अपने ही प्रधानमंत्री को झूठा साबित कर दिया। दस महीने में भाजपा सरकार बड़ी-बड़ी बातें करने के अलावा न दिल्ली की हवा साफ कर पाई और न यमुना का प्रदूषण ही कम कर पाई। छठ पर्व पर भाजपा ने सबको यमुना में डुबकी लगवाई और आचमन कराया था, लेकिन अब पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह कह रहे कि यमुना का पानी नहाने के लायक नहीं है। संजीव झा ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बने 10 महीने हो गए हैं। अब भाजपा सरकार को बताना चाहिए कि उसने इन 10 महीनों में दिल्ली की जनता के हित में क्या काम किया। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में झूठे वादे करके दिल्ली की जनता से वोट ले लिया और सरकार बना ली। भाजपा ने वादा किया था कि अगर उसकी सरकार बनेगी तो दिल्ली की महिलाओं को 2 हजार 500 रुपये प्रतिमाह देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद एक चुनावी सभा में दिल्ली की महिलाओं से यह वादा करके गए थे, लेकिन भाजपा सरकार ने तो प्रधानमंत्री को भी झूठा साबित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 1 करोड़ की ठगी



**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 1,08,10,000 रुपए की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को मोहाली से काबू किया है। एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत में बताया कि उसके व्हॉट्सएप पर एक मेसेज आया। जिसके बाद उन्होंने व्हॉट्सएप पर लिंक भेजा। क्लिक करने के बाद उसका एडवांस ब्रोकर अकाउंट खोला गया था। फिर उसने व्हॉट्सएप से जोड़ा गया। जिसके बाद शेयर मार्केट में निवेश करने के लिये उसने अलग-अलग बैंक अकाउंट्स में कुल 1,08,10,000 रुपए भेजे।

### तस्करों व अवैध हथियार रखने वालों पर प्रहार



**फरीदाबाद।** हरियाणा पुलिस द्वारा ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के अंतर्गत अवैध नशा, अवैध हथियार, शराब, जुआ, सट्टा, संगीन अपराधियों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। ऑपरेशन को सफल बनाने में पुलिस की भी सक्रिय भूमिका है। 29 दिसंबर को फरीदाबाद पुलिस ने एक दिन में 2.920 किलोग्राम गांजा व 3 देशी कट्टे बरामद कर पांच अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### प्रीपेड टास्क के नाम पर ठगी, गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने प्रीपेड टास्क के नाम पर 6,52,100 रुपए की ठगी करने के मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी देवेन्द्र को टोंक से गिरफ्तार किया है। एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत में बताया कि उसके पास व्हाट्सएप पर मेसेज आया जिसमें घर बैठे टास्क पूरा कर पैसे कमाने का विज्ञापन दिया गया था। ठगो ने शिकायतकर्ता से प्रीपेड टास्क के नाम पर 6,52,000 रुपए निवेश करवाए।

### अलग-अलग मामलों में 3 वाहन चोर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस द्वारा वाहन चोरों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में फरीदाबाद पुलिस ने अलग-अलग मामलों में चार वाहन चोरों को गिरफ्तार कर 1 चोरी की मोटरसाईकिल, 1 स्कूटी व 1 ईको गाडी बरामद की हैं।दरअसल एक बाइक चोरी की शिकायत मिली थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने अभिषेक को चोरी की बाइक सहित तिरंगा पार्क सेक्टर-48 से गिरफ्तार किया है।

डीसी व डीसीपी ने मंझावली में किया ग्रामीणों से संवाद

# गांव के विकास व स्वच्छता में सक्रिय योगदान दें ग्रामीण

डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा को समर्पित होकर कार्य कर रही है। समाधान शिविर के साथ ही लोगों के घर द्वार उनकी जन सुनवाई करने के उद्देश्य से रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत प्रशासन गांव में पहुंच रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन फरीदाबाद की ओर से गत रात्रि को मंझावली गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में उपायुक्त आयुष सिन्हा तथा डीसीपी राजकुमार ने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान पार्षद रेखा रानी और गांव के सरपंच सूरजपाल भूरा भी मौजूद रहे। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत की तरफ से सभी का फूल माला पहनाकर और पगड़ी बांधकर अधिकारियों का स्वागत किया गया।



डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा को समर्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के साथ ही लोगों के घर द्वार उनकी जन सुनवाई करने के उद्देश्य से रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत प्रशासन गांव में पहुंच रहा है। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन हर समय नागरिकों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने के लिए तत्पर है। किसी भी नागरिक की किसी भी विभाग से संबंधित यदि कोई समस्या है तो वह बिना किसी हिचक के प्रशासन के समक्ष रखें, उनका समयबद्ध ढंग से समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे गांव के विकास में अपना योगदान दें। गांव के विकास में प्रत्येक नागरिक की भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव की साफ-सफाई रखना हमारे हाथ में है। अपने आसपास परिवेश में गंदगी का आलम न बनने दें।

### योजना की जानकारी के लिए विभागों से संपर्क करें

डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंद पात्र लोगों के लिए संचालित हैं। लाभार्थी योजना की जानकारी के लिए संबंधित विभागों से संपर्क करें। सभी योजनाएं परिवार पहचान पत्र से जुड़ी हैं और सेवाएं ऑनलाइन की गई हैं, ताकि पारदर्शिता के साथ अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### ... ताकि गांव को नशा मुक्त घोषित किया जा सके

डीसीपी राजकुमार ने बताया कि गांव में नशे की समस्या को लेकर सर्वे किया गया है। जिसके तहत ग्रामीण स्तर पर एक समिति गठित की गई है, जिसमें स्थानीय लोगों को शामिल किया गया है, ताकि गांव को नशा मुक्त घोषित किया जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कहीं भी नशे का व्यापार करने वाले व्यक्तियों की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन या पुलिस को 9050891508 पर अथवा 1933 पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सूचित करें, ताकि समय रहते कठोर कार्रवाई की जा सके। साथ ही ग्रामीणों को साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की।

विकसित गुरुग्राम महारैली को किया संबोधित

# गुरुग्राम बना भारत की आर्थिक प्रगति का इंजन: सीएम सैनी

खिलाड़ी तान्या भारद्वाज को भी सम्मानित किया

हरियाणा विकास के पथ पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, जो केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में राज्य सरकार की 'डबल इंजन' सरकार की मजबूत नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। मुख्यमंत्री मंगलवार को गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा द्वारा आयोजित विकसित गुरुग्राम महारैली को संबोधित कर रहे थे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुग्राम केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति का इंजन बन चुका है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विकास के पथ पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, जो केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में राज्य सरकार की 'डबल इंजन' सरकार की मजबूत नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। मुख्यमंत्री मंगलवार को गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा द्वारा आयोजित विकसित गुरुग्राम महारैली को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि यहां 250 से अधिक फॉच्यून कंपनियां उपस्थित हैं। गुरुग्राम स्टार्टअप का इको सिस्टम बन रहा है। यह इस बात का प्रमाण है कि यदि सही नीति और नीयत से काम किया जाए तो हम क्या नहीं हासिल कर सकते।

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ी तान्या भारद्वाज को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 113.64 लाख रुपये की छह परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें 72.96 लाख के दो कार्यों के उद्घाटन व 40.68 लाख रुपये के शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रैली उस संकल्प का प्रतिबिंब है, जो हमने गुरुग्राम को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शहरों की श्रेणी में खड़ा करने का हमारी सरकार ने लिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जो समस्याएं हैं, उनका तेज गति से समाधान होगा। उन्होंने कहा कि जब हम गुरुग्राम का नाम लेते हैं तो दुनिया के नक्शे पर एक नया महानगर उभरता हमारी आंखों के सामने नजर आता है।

### डबल इंजन की सरकार की ताकत का कमाल



यह वह शहर है जहां गुरु द्रोणाचार्य की शिक्षा व आधुनिक तकनीक का मेल होता है। यहां आईटी, बीपीओ, स्टार्टअप, ऑटोमोबाइल की कंपनियों से शहर विकास में आगे बढ़ रहा है। यहां 19 से अधिक यूनिकॉर्न स्थापित हैं। देशभर से लोग गुरुग्राम में आते हैं। उन्होंने कहा कि जिस शहर की पहचान कभी छोटे से शहर के रूप में थी, आज यह गुरुग्राम पूरी दुनिया में जाना जाता है। आज मिलेनियम सिटी के रूप में गुरुग्राम खड़ा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच का परिणाम है। डबल इंजन की सरकार की ताकत का कमाल है कि आज हरियाणा तेजी से विकास कर रहा है।

### भाजपा सरकार ने गुरुग्राम विधानसभा में 2000 करोड़ खर्च किए

उन्होंने कहा कि हमने वर्ष 2014 से लेकर अब तक गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र में करीब दो हजार करोड़ के विकास कार्य कराए हैं। अगर कांग्रेस का 10 साल का शासन देखें तो कुछ नजर नहीं आता। कांग्रेस के शासन में यहां मात्र 724 करोड़ रुपये खर्च किए गए। भाजपा सरकार ने गुरुग्राम विधानसभा में 2000 करोड़ खर्च किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पूरे हरियाणा का संतुलित और समावेशी विकास सुनिश्चित करना है, चाहे वह शहर हो या गांव, और इसी संकल्प के साथ सरकार पूरी प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जो वायदे करती है, उन्हें धरातल पर उतारती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों के संकल्प-पत्र में किए गए 217 वादों में से 54 वादे मात्र एक वर्ष में पूरे कर दिए गए हैं, जबकि 163 वादों पर कार्य प्रगति पर है।

सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक

# एडीसी मान ने की ओवरस्पीडिंग व नो-पार्किंग उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित सभागार कक्ष में रोड सेफ्टी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान, डेथ ऑडिट, रोड सेफ्टी ऑडिट तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुधारात्मक कदम उठाने पर विस्तृत चर्चा की गई। एडीसी सतबीर मान ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि दुर्घटनाग्रस्त सड़कों की पहचान कर वहां गड्ढों, टूटी ग्रिल, खराब साइन बोर्ड और प्रकाश व्यवस्था जैसी कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए कि रोड सेफ्टी ऑडिट की रिपोर्ट के आधार पर समयबद्ध सुधार कार्य सुनिश्चित करें। साथ ही मॉडल रोड परियोजना के तहत सडक़ की स्थिति, ड्रेनेज, लाइटिंग, रोड मार्किंग, साइन बोर्ड और अन्य मानकों की नियमित जांच कराने के निर्देश दिए गए।

### कोहरे में सतर्क रहने की जरुरत

एडीसी सतबीर मान ने कहा कि सर्दी के मौसम में कोहरे के कारण वाहन चलाते समय यात्रियों को अधिक सावधान और सतर्क रहने की जरुरत है। कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है ऐसे में ऑटो और बसों पर अधिक से अधिक संख्या में रिफ्लेक्टर टेप लगवाएं। सडक़ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रोड मार्किंग, साइन बोर्ड, ट्रैफिक सिग्नल और स्ट्रीट लाइटों की नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि पर्याप्त रोशनी बनी रहे और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। उन्होंने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि आवश्यक स्थानों पर कैट आई और साइन बोर्ड लगाए जाएं। विशेषकर तीव्र मोड़ों पर स्पीड लिमिट और चेतावनी बोर्ड होना अनिवार्य है।

# आरडब्ल्यूए सेक्टर-10 सफाई अभियान चलाकर मनाएगा नववर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर-10 स्थित ब्लॉकडी टू की रेजीडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन ने मंगलवार से अपने ब्लॉक में तीन दिन सफाई अभियान चलाकर नववर्ष मनाने का फैसला लिया है। ब्लॉकडीटू सेक्टर-10 के निवासी शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट व हरदीप बीसला एडवोकेट सफाई कर्मचारियों के साथ कई घंटों सफाई कार्य में हाथ बंटाया और उन का सहयोग किया।

वशिष्ठ ने कहा कि सड़कों से पैदल गुजरने वाले लोग व गाड़ी में गंदगी की भरी पोलोथीन को सड़क पर डाल देते। जिसकी वजह से सड़क के आसपास काफी गन्दगी फैल जाती है और गंदगी ढेर लग जाते हैं। लोगों द्वारा गंदगी डाल कर सड़कों के दोनों तरफ काफी कचरा जमा कर दिया जाता है।

टीम ने सुबह एकत्रित होकर एक स्थान पर इस कचरे को एकत्रित किया और ब्लांक कर्मचारियों के साथ मिलकर दो-तीन टैक्टर ट्रॉली में डाल कर शहर से दूर डलवा दिया।

ब्लॉक में वाहनों के गुजरने से मिट्टी उड़कर मकानों के अंदर आ जाती हैं। अगली बार किसी त्योहार पर सड़क के दोनों तरफ से मिट्टी उठाने का अभियान चलाया जाएगा। वशिष्ठ ने कहा हर सेक्टर वासी को अपने घर के साथ बहार भी रोज़ाना एक घंटे सफाई करनी चाहिए। यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है वह खुद भी सफाई अभियान का हिस्सा बने और दूसरे के भी प्रेरित करें।

कर्मचारी समय पर उप तहसील में हाजिर नहीं होते

# मुख्यमंत्री उड़न दस्ता ने उप तहसील गौंछी का औचक निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गौंछी की उप तहसील में नियुक्त कर्मचारी अधिकारी समय पर हाजिर नही होते हैं व काफी कमियां पाई जा सकती हैं। औचक निरीक्षण करने की आवश्यकता है। इस सूचना के संबंध में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता द्वारा जीवनदास नायब तहसीलदार एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ उप तहसील गौंछी का औचक निरीक्षण किया। तहसील में नायब तहसीलदार सहित 8 कर्मचारी, अधिकारी नियुक्त पाए गए। जिनमें से 2 कर्मचारी किसान आईडी बनाने के लिए गांव में जाने पाए गए 1 कर्मचारी देरी से कार्यालय आया व अन्य 5 समय पर हाजिर मिले।

### 2 माह में 268 पेपरलेस तरीके से वसीका रजिस्ट्रेशन होनी पाई गई

निरीक्षण के दौरान उप तहसील कार्यालय में रजिस्टर्ड वसीका से संबंधित रिकार्ड प्राप्त किया गया। पिछले 2 माह में 268 पेपरलेस तरीके से वसीका रजिस्ट्रेशन होनी पाई गई। पिछले 6 माह के दौरान दर्ज रजिस्ट्रेशन का रिकॉर्ड प्राप्त करके अवलोकन किया गया। उप तहसील में सीएम विंडो, जन संवाद व अन्य शिकायते शून्य पाई गई। इसके अतिरिक्त करीब 102 म्यूटेशन लंबित पाए गए। निरीक्षण के दौरान पाई गई अन्य अनियमितताए के सम्बंध में अलग से रिपोर्ट तैयार की जाकर भेजी जाएगी।

पीएम कार्यालय को भेजे ज्ञापन मिला जवाब

# बिना पूर्व सूचना के नहीं होगी फरीदाबाद में कोई तोड़फोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बहुजन समाज पार्टी की मेयर पद की प्रत्याशी रही मनसा पासवान व उनकी टीम द्वारा प्रधानमंत्री के घेराव को लेकर नायब तहसीलदार के मार्फत सौंपे गए ज्ञापन का जवाब प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा प्राप्ति प्रतिलिपि को भिजवा दिया गया है।

इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मनसा पासवान और एडवोकेट तरूण अरोड़ा ने बताया कि उन्होंने फरीदाबाद में लगातार हो रही तोड़फोड़ को लेकर टीम मनसा पासवान द्वारा दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री के कार्यालय का घेराव करने की घोषणा की थी तथा प्रदर्शन की परमिशन मांगी थी।

### तोड़फोड़ से पहले पुनर्वास की व्यवस्था करवाई जाएगी

दिल्ली पुलिस द्वारा परमिशन नहीं दी गई। जिसके बाद टीम मनसा हार्डवेयर चौक पर पहुंची और बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडक़र की प्रतिमा पर माल्यापण करने के बाद दिल्ली रवाना होने से पूर्व ही पुलिस ने टीम को रोक लिया और बस में बैठाकर मनसा पासवान, एडवोकेट तरूण अरोड़ा व अन्य सदस्यों को कोतवाली थाने ले आई, जहां नायब तहसीलदार ने उनसे ज्ञापन लेकर दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय भिजवा दिया। जिसकी प्राप्ति प्रतिलिपि के साथ आश्वासन दिया कि फरीदाबाद में कोई तोड़फोड़ नहीं होगी।

तमिलनाडु की पारंपरिक कला को मिला नया बाजार

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल बन रहा सरस आजीविका मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशानुसार और सीईओ जिला परिषद शिखा के मार्गदर्शन में सेक्टर-12 एचएसवीपी ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी उत्सव एवं सरस आजीविका मेला में देश के विभिन्न राज्यों से आए स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। इसी क्रम में तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले से आई लता ने जानकारी दी कि वह मेले में कांचीपुरम की प्रसिद्ध पारंपरिक साड़ियाँ लेकर आई हैं। लता ने बताया कि वह शक्ति स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं और इस मेले में भाग लेकर उन्हें बेहद अच्छा महसूस हो रहा है। मेले को लेकर अपने अनुभव सांझा करते हुए लता ने कहा कि सरस आजीविका मेले जैसे मंच से उन्हें अपने उत्पादों को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित करने और नए ग्राहकों तक पहुंचने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांचीपुरम साड़ियां अपनी उत्कृष्ट बुनाई, शुद्ध रेशम और पारंपरिक डिजाइनों के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध

### स्व. सहायता समूहों को और अधिक मिल रहा प्रोत्साहन




उन्होंने हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन लगातार होते रहेंगे, जिससे स्वयं सहायता समूहों को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके।

### कांचीपुरम साड़ियों को विशेष प्रतिसाद

मेले में आने वाले लोग कांचीपुरम साड़ियों में विशेष रुचि दिखा रहे हैं, जिससे उन्हें अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। लता ने बताया कि यहां प्रतिभागियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। स्टॉल व्यवस्था, आवास, स्वच्छता, पेयजल और सुरक्षा की उचित व्यवस्था की गई है, जिससे बाहरी राज्यों से आए प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मेले के दौरान उन्हें किसी तरह की समस्या नहीं आई है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पिंटू, पुत्रः** बलराम, **पताः** झुग्गी नं. 272, प्रह्लादपुर, शाहबाद डेयरी, दिल्ली; दूसरा पताः झुग्गी नं. ए/272, टी हट्स, शाहबाद डेयरी, दिल्ली–110042 ने मुकदमा **FIR No. 397/17 U/s 25/54/59 ARMS ACT, थानाः मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पिंटू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पिंटू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 397/17 U/s 25/54/59 ARMS ACT, थानाः मोती नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पिंटू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंशुल सिंघल
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04 (पश्चिम)
कमरा नं. 268, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17449/WD/2025
(Court Matter)

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | एक थैला, 2 टोपी। | 31.12.2025 15.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 2 | बागवानी विभाग, सीओई, पियानांगवा, नूह | वर्ष 2025-26 हेतु सीओई, पिनांगवा (नूह) में "पॉलीथीन शीट का प्रावधान व बिछाना/आकार (120 फुट × 80 फुट × 12 फुट) के कच्चा/अस्थाई जल संग्रहण टैंक की खुदाई" हेतु ई-निविदा। | 31.12.2025 20.01.2026 | ईएमडी 25000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 coepinangawa0@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव अटाली ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल (जीडब्ल्यूएम) की शोधन प्रक्रिया और ड्रेन्स का निर्माण + 7 कार्य। | 29.12.2025 05.01.2026 | 277.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/60/41599/1/88/7 दि. 30.12.25

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **रजत, पुत्रः गिरीश बाबू, निवासीः मकान नं. जी–67, राम चंद्र छतरपुर, नई दिल्ली** और **ए–369, छतरपुर, नई दिल्ली** और **मकान नं. एफ–151/5, छतरपुर, नई दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.96/2021 Dt.23.03.2021 U/S 419/420/468/471 IPC** के तहत एक मामला **थाना जनक पुरी, पश्चिमी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **रजत** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **रजत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.96/2021 Dt.23.03.2021 U/S 419/420/468/471 IPC, थाना जनक पुरी, पश्चिमी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **रजत** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **10.02.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री हरजोत सिंह औजला
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–11,
दक्षिण पश्चिम जिला, कमरा नंबर–05,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/17618/WD/2025
(अदालती मामला)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कांति देवी, पत्नीः चंदर प्रकाश, पताः म. नं. 261, डी–ब्लॉक, सोनिया विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 75/2008, U/s 420/468/471 IPC, पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कांति देवी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कांति देवी** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 75/2008, U/s 420/468/471 IPC, पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अभियुक्त **कांति देवी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री वैभव गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–11
सेंट्रल जिला, कमरा नं. 138, पहली मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17590/N/2025

## यूपी में महिला सुरक्षा को मिलेगी नई रफ्तार

# 1600 मिशन शक्ति केंद्रों को मिलेंगी 6400 स्कूटी व मोबाइल

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की 'आधी आबादी' की सुरक्षा और स्वावलंबन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प अब धरातल पर नई रफ्तार पकड़ने वाला है। मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। वर्ष 2026 में प्रदेश के सभी 1600 मिशन शक्ति केंद्रों को अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। इसके तहत महिला पुलिस टीमों की गतिशीलता बढ़ाने के लिए उन्हें दो पहिया वाहन और त्वरित संवाद के लिए मोबाइल हैंडसेट की सौगात दी जाएगी।

**खास बातें**

- महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता
- रियल टाइम निगरानी में मिलेगी मदद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प के तहत, उत्तर प्रदेश सरकार मिशन शक्ति अभियान को मजबूत कर रही है। 2026 तक सभी 1600 मिशन शक्ति केंद्रों को अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। महिला पुलिस टीमों को गतिशीलता के लिए 6400 स्कूटी और त्वरित संवाद के लिए मोबाइल हैंडसेट मिलेंगे। 67 करोड़ के इस मास्टरप्लान से महिलाओं को एक छत के नीचे त्वरित न्याय, कानूनी सहायता और जागरूकता मिलेगी, जिससे यूपी देश का सबसे सुरक्षित राज्य बनेगा।



### 67 करोड़ का मास्टरप्लानः गांव-गली तक पहुंचेगी मदद

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की नोडल अधिकारी एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत स्थापित 1600 केंद्रों को सशक्त करने के लिए करीब 67 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। स्कूटी से बढ़ेगी 'रफ्तार': प्रत्येक मिशन शक्ति केंद्र को 4 स्कूटी आवंटित की जाएंगी। कुल 6,400 नई स्कूटी की खरीद से महिला पुलिसकर्मी किसी भी आपात स्थिति में संकरी गलियों और दूर-दराज के गांवों तक मिनटों में पहुँच सकेंगी।

### मोबाइल से 'रियल-टाइम' कनेक्टिविटी

हर केंद्र को एक आधुनिक मोबाइल हैंडसेट दिया जाएगा, जिससे शिकायतों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग और उच्चाधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित हो सकेगा।

### एक ही छत के नीचे समाधान और त्वरित कार्रवाई

मिशन शक्ति केंद्र केवल शिकायत दर्ज करने का स्थान नहीं, बल्कि महिलाओं के लिए 'वन-स्टॉप सॉल्यूशन' के रूप में उभरे हैं। एडीजी के अनुसार, इन संसाधनों के आने से इन केंद्रों की कार्यक्षमता कई गुना बढ़ जाएगी।

### 'पिंक बूथ' से 'एंटी रोमियो स्क्वाड' तक का सफर

योगी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में महिला सुरक्षा के एक व्यापक इकोसिस्टम का निर्माण किया है। एंटी रोमियो स्क्वाड, पिंक बूथ, महिला डेस्क और फास्ट ट्रैक कोर्ट की सफलता के बाद अब मिशन शक्ति केंद्रों का हाई-टेक होना अपराधी तत्वों में खौफ पैदा करेगा। सरकार का लक्ष्य है कि 2026 तक तकनीक और फील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर के मेल से उत्तर प्रदेश को देश का सबसे सुरक्षित राज्य बनाया जाए, जहाँ हर महिला निर्भय होकर अपने सपनों को उड़ान दे सके।

## खबर संक्षेप

### माघ मेला गेट पर लगी आग, मचा हड़कंप

**प्रयागराज।** जिले में पहले स्नान से पहले माघ मेला गेट पर आग लगने की घटना सामने आई है। आग



सूचना से हड़कंप मच गया। इसके बाद तुरंत दमकल की गाड़ियां पहुंच गईं। आग पर काबू पा लिया गया है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दमकलकर्मी पहले से तैनात थे, जिन्होंने कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया।

### केंद्र ने झारखंड का 136 करोड़ नहीं दिया

**लोहरदगा।** जिले में वामदल के महेश कुमार सिंह ने वीबी जी राम जी पर सरकार पर निशाना साधा।



उन्होंने केंद्र सरकार से 136 करोड़ राशि न देने का आरोप लगाया। साथ ही भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा- भाजपा सरकार वीबी जी राम जी पारित कर देश को दुनिया के नीचले पायदान पर लाकर दर-दर का भिखारी बना देगी। क्योंकि वीबी जी राम जी-मनरेगा का नर कंकाल है।

## उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर में मदरसा घोटाला, 42 मदरसा प्रबंधक फंसे

# नियम ताक पर रखकर करोड़ों का खेल एसआईटी जांच ने खोली पोल, एफआईआर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में मदरसों की मंजूरी और सरकारी धन के दुरुपयोग से जुड़ा घोटाला सामने आया है। विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच में मिर्जापुर में 89 मदरसों की मंजूरी में गंभीर गड़बड़ियां मिली हैं। इन्हें पहले फर्जी ढंग से मान्यता दी गई। बाद में मदरसा आधुनिकीकरण योजना के तहत यहां तैनात शिक्षकों को बिना सत्यापन के अवैध रूप से 10 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान किया गया। एसआईटी की जांच रिपोर्ट में 42 मदरसा प्रशासकों के साथ-साथ मिर्जापुर में तैनात रहे तीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और कर्मचारी दोषी पाए गए हैं। रिपोर्ट में मिर्जापुर के दो तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, दो क्लर्क, एक कंप्यूटर ऑपरेटर और 42 मदरसा प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की गई है। इसके अलावा एक अन्य तत्कालीन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पर 2017 में बिना सत्यापन के डिजिटल हस्ताक्षरों के माध्यम से मदरसों को लॉक करने और लगभग 1 करोड़ 94 लाख रुपये का भुगतान करने का आरोप है। उनके खिलाफ विभागीय जांच की संस्तुति की गई है। वर्ष 2020 में निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण की सिफारिश पर मामले की जांच एसआईटी को सौंपी गई थी। अल्पसंख्यक कल्याण की प्रमुख सचिव संयुक्ता समद्दार ने बताया कि एसआईटी की रिपोर्ट मिली है। इसका परीक्षण कराया जा रहा है।

यूपी में 89 मदरसों को मनमानी ढंग से मान्यता दी गई। 10 करोड़ रुपये वसूले गए। खुलासे से अफसरों के होश उड़ गए। दो जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी समेत 47 पर रिपोर्ट की संस्तुति की गई है। गैर मुस्लिम मदरसा संचालक को भी लाभ दिया गया।

**खास बातें**

- अवैध रूप से 10 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान किया गया
- 89 फर्जी मदरसों को दी मान्यता
- शिक्षकों के वेतन के लिए बजट मांगा गया

### मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम-2004 का उल्लंघन किया



जांच में यह भी पता चला कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मदरसों के प्रशासकों के साथ मिलीभगत करके सरकारी आदेशों और उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम-2004 का उल्लंघन किया। अधिनियम के अनुसार कोई भी गैर मुस्लिम द्वारा स्थापित या संचालित मदरसे विधि मान्य नहीं होंगे, लेकिन एक मदरसे के संचालक को मुस्लिम न होने पर भी योजना का लाभ दिया गया। मानकों को ताक पर रखकर मदरसों को अस्थायी मंजूरी दी गई। इन मदरसों के रिकॉर्ड की उचित जांच किए बिना ही शिक्षकों के वेतन के लिए बजट मांगा गया और कुछ ऐसे मदरसों को भी भुगतान कर दिया गया, जिनके लिए बजट स्वीकृत नहीं किया गया था।

## योगी आदित्यनाथ के लखनऊ

# योगी सरकार में शामिल हो सकते हैं कुछ नए चेहरे, कोर कमेटी ने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में जल्द ही कुछ मंत्रियों को शामिल किया जा सकता है। देखना यह है कि दिल्ली से पार्टी हाईकमान मंत्रीमंडल विस्तार को कब हरी झंडी दिखाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ आवास पर मंगलवार देर शाम प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के अलावा संघ से क्षेत्र प्रचारक अनिल कुमार व अन्य संघ के पदाधिकारी पहुंचे। सभी नेताओं के बीच करीब सवा घंटे तक चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार इस दौरान मंत्रिमंडल विस्तार के अलावा प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। साथ ही संगठन को लेकर भी विचार विमर्श हुआ। माना जा रहा है कि दिल्ली से हरी झंडी मिलते ही कभी भी विस्तार पर अमल किया जा सकता है। इसके बाद संगठन के पुर्नगठन का काम शुरू होगा। सूत्रों का कहना है कि सीएम की मौजूदगी में हुई बैठक में सबसे अधिक चर्चा मंत्रिमंडल विस्तार पर हुई।

### दिल्ली से पार्टी हाईकमान की हरी झंडी मिलने के बाद होगा मंत्रिमंडल

भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत करीब आधे दर्जन विधायकों को मंत्री बनाए जाने पर गंभीरता से विचार किया गया। जिसमें 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए जातीय समीकरण पर विशेष ध्यान दिए जाने के भी सुझाव दिए गए हैं। इसी फार्मूले पर भाजपा के प्रदेश संगठन का भी पुर्नगठन करने पर सहमति बनी है। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी देर रात दिल्ली रवाना हो गए हैं। वहीं, बुधवार को कोर कमेटी से जुड़े कुछ और नेता भी दिल्ली जा सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि पंकज चौधरी दिल्ली में हाईकमान के सामने कोर कमेटी की बैठक में हुई चर्चा और प्रस्ताव की जानकारी देंगे। इसके बाद मंत्रिमंडल के विस्तार पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### देश में कलात्मक स्वतंत्रता...

निर्माण करने का पूरा अधिकार और स्वतंत्रता दोनों मिले हुए हैं। दरअसल, ये फिल्म इस साल अप्रैल महीने में आधिकारिक रूप से लांच की जाएगी। लेकिन उससे पहले बॉलीवुड फिल्म अभिनेता सलमान खान ने इसका टीजर बीते 27 दिसंबर को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जारी किया था। जिसका चीन के सरकारी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स के अलावा चीन के बाकी मीडिया ने विरोध करते हुए कहा कि इसमें घटना से जुड़े तथ्यों को सही ढंग से नहीं। बल्कि तोड़-मरोड़कर गलत ढंग से पेश किया गया है।

**सलमान ने निभाई कर्नल बाबू की भूमिकाः** बैटल ऑफ गलवान में सलमान खान कर्नल बिक्कुमल्ला संतोष बाबू (16वीं बिहार रेजिमेंट के कमांडिंग अधिकारी) की भूमिका में हैं। जिन्होंने इस झड़प के दौरान निहत्थे होते हुए भी पूरी बहादुरी के साथ चीन की सेना के आक्रामक अतिक्रमण को रोकने की कोशिश थी। जिसमें वह शहीद हो गए थे। कर्नल बाबू को झड़प के दौरान दिखाई गई अद्भुत वीरता और साहस के लिए मरणोपरांत देश के दूसरे सबसे बड़े युद्धकालीन सम्मान महावीर चक्र से सम्मानित किया गया है।

### गलवान में शहीद हुए...

केवल अपने शहीद सैनिकों के आंकड़े को सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर लिया था। बल्कि हालिया समय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में गलवान के शहीदों की याद में एक भव्य स्मारक का उद्घाटन कर उसे राष्ट्र को समर्पित भी किया है। वहीं, चीन ने इस सैन्य झड़प में जान गंवाने वाले अपने सैनिकों के बारे में आधिकारिक पुष्टि करने में ही लगभग साल भर का समय लगा दिया था।

### अक्टूबर-2024 में खत्म...

की स्थिति में फिर से सामान्य बनाने की प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ रहे हैं। जिसमें पूर्वी लद्दाख में सेनाओं की तनावग्रस्त इलाकों से वापसी और इलाके में सैन्य गश्त की पुनः बहाली से जुड़े तंत्र का मुद्दा मुख्य रूप से शामिल है। विवाद समाप्ति के बाद दोनों देशों ने अपने संबंधों को सामान्य बनाने की कवायद शुरू कर दी है और उसके तहत कई अहम निर्णय भी लिए जा चुके हैं। वीजा बहाली, सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत, पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करना, प्राचीन व्यापारिक मार्गों को खोलना इसमें मुख्य हैं।

### भारत सुधार के...

से आधारित है। उन्होंने कहा कि दुनिया अगली पीढ़ी के सुधारों के माध्यम से प्रगति की गति में आई तेजी की सराहना करती है, जो विभिन्न क्षेत्रों को कवर करते हैं और देश की विकास क्षमता को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं कई लोगों से कहता रहा हूं कि भारत सुधार के दौर में है। इस सुधार का प्राथमिक इंजन भारत की जनसंख्या, हमारी युवा पीढ़ी और हमारे लोगों का अदम्य साहस है।

**देश के प्रख्यात अर्थशास्त्रियों के साथ बैठकः** इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बजट 2026 पर विचार-विमर्श करने के लिए देश के प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और आर्थिक क्षेत्र विशेषज्ञों से मुलाकात की। यह बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रहमण्यम, आयोग के अन्य सदस्य, अर्थशास्त्री और क्षेत्रीय विशेषज्ञ भी बैठक में उपस्थित रहे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से 1 फरवरी को 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किए जाने की संभावना है।

### विमानन कंपनियों...

को भोजन उपलब्ध कराएं। उड़ान रद्द होने की स्थिति में या तो दूसरी उड़ान की व्यवस्था करें या पूरा पैसा वापस करें। साथ ही समय पर चेक-इन करने के बाद भी यात्रियों को विमान में चढ़ने से मना न किया जाए और उनकी शिकायतों का तुरंत समाधान हो।

### कई जगह दृश्यता...

हुई हैं। घने कोहरे के कारण अकेले दिल्ली हवाईअड्डे पर 128 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिनमें आगमन और प्रस्थान की 64-64 उड़ानें शामिल थीं। आठ उड़ानों को दूसरे शहरों में डायवर्ट करना पड़ा। लगभग 470 उड़ानें विलंबित हुईं। इनमें प्रत्येक उड़ान के प्रस्थान में औसतन 24 मिनट की देरी हुई।

### इंडिगो की 118 ....

कोलकाता, अमृतसर, चंडीगढ़, जयपुर, देहरादून, इंदौर, पटना और भोपाल जैसे अन्य हवाई अड्डों से आने-जाने वाली उड़ानें भी रद्द की गई हैं। इंडिगो के मुताबिक इन 80 फ्लाइट्स में से आधी दिल्ली एयरपोर्ट से कैंसिल की गईं और बाकी में मुंबई, बेंगलुरु, कोचीन, हैदराबाद, कोलकाता, अमृतसर, चंडीगढ़, जयपुर, देहरादून, इंदौर, पटना और भोपाल जैसे एयरपोर्ट से आने-जाने वाली फ्लाइट्स शामिल थीं।

### पुतिन के घर...

प्रयास ही हैं। हम सभी संबंधित पक्षों से यह आग्रह करते हैं कि वे इन प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करें और इन्हें कमजोर करने वाले किसी भी कार्य से बचें'। रूस की तरफ से ये दावा किया गया है कि यूक्रेन ने करीब 91 ड्रोन की मदद से मास्को के उत्तर में नोवगोरोड क्षेत्र की तरफ से राष्ट्रपति के घर पर हमला करने की कोशिश की थी। इन सबके बीच यूक्रेन ने रूस पर ऐसे किसी भी हमले से साफ इंकार किया है। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने भारत के प्रधानमंत्री द्वारा मामले पर जताई गई चिंता को लेकर नाराजगी जाहिर की है।

**यह युद्ध का युग नहींः पीएम मोदीः** गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन के राष्ट्राध्यक्षों के साथ क्रमशः मास्को, कीव में बीते वक्त के दौरान हुई मुलाकातों और इनसे इतर भी कई मौकों पर दोनों देशों के बीच जारी युद्ध को लेकर भारत का रुख साफ किया है। जिसमें पीएम ने इस बात पर जोर दिया है कि यह युद्ध का युग नहीं है। इसलिए समस्या का समाधान युद्धक्षेत्र में नहीं निकाला जा सकता है। दोनों देश सभी प्रकार की शत्रुता को समाप्त करने के लिए बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटें। क्योंकि यही वो मार्ग है जिसके जरिए अंत में दोनों देशों के बीच शांति स्थापित हो सकती है।

**यूक्रेन के विदेश मंत्री ने जताई नाराजगीः** इन सबके बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने एक्स पोस्ट के जरिए भारत के प्रधानमंत्री द्वारा रूस के राष्ट्रपति के घर पर हुए हमले को लेकर जताई गई चिंता पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि लगभग 24 घंटे बीत गए हैं और अभी तक रूस ने राष्ट्रपति पुतिन के घर पर यूक्रेन द्वारा किए गए हमले का कोई भरोसेमंद सबूत नहीं दिया है। हमें पता है वो ऐसा कोई सबूत देंगे भी नहीं। क्योंकि जब ऐसा कोई हमला हुआ ही नहीं तो सबूत कैसा? लेकिन हम ये देखकर परेशान हैं कि उक्त घटना को लेकर भारत समेत अमीरात देशों और पाकिस्तान ने चिंता जताई है। जबकि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। इन सबमें भी सबसे हैरान की बात यह है कि जब इसी साल सितंबर महीने में रूस ने अपनी मिसाइल से यूक्रेन की सरकारी इमारत पर हमला बोला था। तब इनमें से किसी भी देश ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया।

### लावरोव ने की...

इसके अलावा कहा कि मास्को, यूक्रेन के साथ शांति वार्ता पर अपना रुख में बदलाव करेगा। लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टीम के साथ जारी शांति वार्ता चलती रहेगी। लावरोव ने बताया कि रूस के राष्ट्रपति ने यूक्रेन के इस हमले के बारे में अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ फोन पर हुई बातचीत में उन्हें सूचित कर दिया है। जिसे सुनने के बाद वह (ट्रंप) स्तब्ध थे। राष्ट्रपति पुतिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति ने अपने घर पर हुई हमले की घटना के बारे में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अवगत करा दिया है।

### अधिनियम के लागू ...

तरह ही अपनी सेवा में निरंतर बनें रहेंगे ऐसा राज्य सरकार के माध्यम से सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर मनरेगा कर्मियों के प्रतिनिधियों के साथ एक संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 का स्वागत किया। इसी के साथ उन्होंने नए अधिनियम के तहत अपनी सेवाओं को जारी रखने और मानदेय भुगतान के बारे में प्रश्न पूछे। अपने संबोधन में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने मनरेगा कर्मियों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि, अधिनियम की धारा 37 (3) के तहत यह साफ है कि, मनरेगा में कार्यरत कर्मियों का रोजगार पूरी तरह सुरक्षित है एवं जो कर्मी मनरेगा कार्यान्वित कर रहे थे, वही वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 को भी कार्यान्वित करेंगे। उन्होंने यह भी दोहराया कि उनकी सेवा आगे भी जारी रखने से संबंधित प्रावधान का राज्यों के माध्यम से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। वेतन भुगतान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि नए अधिनियम में प्रशासनिक मद में खर्च की सीमा को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप आगे जाकर ना केवल राज्यों के माध्यम से कर्मियों के वेतन भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जा सकेगा बल्कि साथ में उनकी सेवा शर्तों में सुधार की भी काफी संभावना है।

### धनखड़ अभी भी...

को नियमानुसार मिलने वाले आधिकारिक आवास की मांग की थी। हालांकि, पत्र लिखे जाने के कई महीने बीत जाने के बाद भी उन्हें न तो कोई बंगला आवंटित किया गया है और न ही इस बारे में कोई स्पष्ट जवाब मिला है।

**स्वास्थ्य कारणों से दिया था इस्तीफाः** गौरतलब है कि जगदीप धनखड़ ने इस वर्ष संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन, 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के कुछ सप्ताह बाद, सितंबर महीने में, उन्होंने अपना आधिकारिक आवास 'उपराष्ट्रपति एन्क्लेव' भी खाली कर दिया था। इसके बाद वे दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके में एक निजी फार्म हाउस में रहने लगे। बताया जाता है कि यह फार्म हाउस इनेलो नेता अभय चौटाला का है।

**हक के बावजूद नहीं मिला आवासः** धनखड़ के एक करीबी व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, "पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते उन्हें जो सुविधाएं और आवास मिलना चाहिए, वह अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने नियमों के तहत आवेदन भी किया, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई पहल नहीं दिखी है।" नियमों के अनुसार, पूर्व उपराष्ट्रपति को लगभग दो लाख रुपये प्रतिमाह की पेंशन के साथ-साथ दिल्ली में टाइप-8 का सरकारी बंगला दिए जाने का प्रावधान है। इसके अलावा उन्हें एक निजी सचिव, एक अतिरिक्त निजी सचिव, एक निजी सहायक, एक चिकित्सक, एक नर्सिंग अधिकारी और चार निजी परिचारकों की सुविधा भी मिलती है। वहीं, पूर्व उपराष्ट्रपति के निधन के बाद उनके जीवनसाथी को टाइप-7 श्रेणी का आवास देने का नियम है।

**उठ रहे हैं सवालः** पूर्व उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद पर रहे व्यक्ति को उनके अधिकारों और सुविधाओं के लिए इस तरह इंतजार करना पड़ना, कई सवाल खड़े करता है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह मामला केवल आवास का नहीं, बल्कि संवैधानिक पदों की गरिमा और उनसे जुड़े प्रावधानों के पालन का भी है।

### बांग्लादेश की पूर्व...

के राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, दुनियाभर के नेताओं की तरफ से जनसंचार के विभिन्न माध्यमों के जरिए शोक संवेदनाएं प्रकट करने का सिलसिला शुरू हो गया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भारत के निकट पड़ोसी राष्ट्र बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर गहरा दुख जताया है। उधर, विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर भारत और उसकी आम-जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बुधवार को ढाका की यात्रा पर रहेंगे। यहां बता दें कि बीएनपी की पूर्व अध्यक्ष लंबे वक्त से लीवर सिरोसिस, मधुमेह, हृदय रोग, किडनी और फेफड़ों संबंधी समस्या का शिकार थीं।

**शेख हसीना ने भी जताया दुखः** खालिदा जिया की राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रही पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भी उनके परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं जताई हैं। उन्होंने कहा कि मैं बीएनपी अध्यक्ष और बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के निधन पर संवेदनाएं प्रकट करती हूं। बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री और लोकतंत्र स्थापना के लिए किए गए संघर्ष में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनका निधन बीएनपी और देश के राजनीतिक जीवन के लिए अत्यंत दुखद है। मैं, बेगम जिया की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं। साथ ही मैं उनके पुत्र तारिक रहमान और शोकाकुल परिजनों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। समस्त बीएनपी परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं जताते हुए मैं आशा व्यक्त करती हूं कि सर्वशक्तिमान अल्लाह उन्हें इस मुश्किल वक्त को सहन करने के लिए धैर्य, शक्ति और संबल प्रदान करें। बताते चलें कि शेख हसीना पिछले साल अगस्त महीने में बांग्लादेश में हुए हिंसक छात्र आंदोलन की वजह से ढाका छोड़कर भारत पहुंची थीं। तब से लेकर आज तक वो देश में शरण लिए हुए हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने एक अंतरराष्ट्रीय न्यायिक अधिकरण द्वारा उन्हें सुनाई गई मौत की सजा के बाद भारत से प्रत्यर्पण की मांग की है। जिसे लेकर नई दिल्ली ने अभी तक फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

**चुनावों से ठीक पहले आई दुखद खबरः** गौरतलब है कि बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी 2026 को आम चुनाव कराने की घोषणा की गई है। इससे ठीक पहले चुनावों में अकेले सबसे बड़ी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के रूप में उभरने की संभावनाओं के बीच बेगम खालिदा जिया की मृत्यु का समाचार सामने आ गया। जिसे लेकर बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने भी शोक जताया है। अपने शोक संदेश में यूनुस ने कहा कि खालिदा जिया लोकतांत्रिक आंदोलन की प्रतीक रही हैं। बांग्लादेश में कई महान अभिभावक रहे हैं, जो देश के इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, खालिदा जिया की लोकतंत्र, बहुदलीय संस्कृति को बढ़ावा देने और लोगों के अधिकारों की स्थापना के लिए दिए गए योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। राजनीतिक विरोधाभासों के बीच उनकी लंबी राजनीतिक यात्रा राष्ट्र कल्याण के प्रति समर्पित थी।

**नियति ही राजनीति में ले आईः** बेगम खालिदा जिया का जन्म अविभाजित भारत के पश्चिम-बंगाल में 1945 में हुआ था। उनका और उनके परिवार का राजनीति से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं था। पिता इस्कंदर मजूमदार व्यवसायी और माता तैयबा मजूमदार गृहणी थीं। 1960 में जिया का विवाह सेना के अधिकारी जियाउर रहमान से हुआ। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में रहमान ने स्वतंत्र बांग्लादेश के पक्ष में युद्ध लड़ने की घोषणा की। देश को पाकिस्तान के जुल्मों-सितम से आजादी मिली। रहमान बांग्लादेश की सेना में लौटे और सेना में उच्च पद तक पहुंचे। इसके बाद धीरे-धीरे उनका प्रभाव बांग्लादेश की राजनीति में भी बढ़ने लगा। 1975 में बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की हत्या के बाद देश में बनी राजनीतिक अस्थिरता के बीच जियाउर रहमान सबसे मजबूत सैन्य नेता बनकर उभरे और 1977 में बांग्लादेश के राष्ट्रपति बन गए। इसी के साथ उन्होंने बीएनपी की स्थापना की।

**30 मई 1981 के बाद बदले हालातः** 30 मई 1981 को चटगांव में हुए एक विद्रोह के दौरान जियाउर रहमान की हत्या कर दी गई थी। पति की मौत के बाद बीएनपी बिखरने लगी और पार्टी नेताओं ने खालिदा जिया से नेतृत्व संभालने की मांग की। शुरुआती सोच-विचार के बाद 1984 में बेगम खालिदा जिया ने पार्टी की कमान संभाली। इसके बाद आया साल 1991, बांग्लादेश में चुनाव हुए और बीएनपी को बहुमत मिला और पहली बार बेगम खालिदा जिया बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं। दूसरी बार 1996 में सत्ता संभालने के कुछ सप्ताह बाद ही उन्हें पद छोड़ना पड़ा। इसके बाद तीसरी बार 2001 में एक बार फिर उन्होंने बांग्लादेश की पीएम के रूप में सत्ता की जिम्मेदारी संभाली। 2006 तक उनका कार्यकाल रहा।

### पीएम ने जिया की ...

प्रति अपनी ओर से गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। ईश्वर उनके परिवार को इस दुखद क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इसके अलावा पीएम ने अपनी पोस्ट में वर्ष 2015 में बेगम खालिदा जिया के साथ ढाका में हुई मुलाकात को लेकर कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। साथ ही कहा कि बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में बांग्लादेश के विकास के साथ-साथ भारत और बांग्लादेश संबंधों में उनके महत्वपूर्ण योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। 2015 में ढाका में बेगम जिया के साथ हुई मेरी सौहार्दपूर्ण मुलाकात मुझे याद है। हमें उम्मीद है कि उनकी दूरदृष्टि और विरासत हमारी साझेदारी का मार्गदर्शन करती रहेगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

### दार अस सलाम...

इस देश में मानव जाति का इतिहास हजारों नहीं लाखों वर्ष पुराना है। स्थानीय संस्कृति और रहन-सहन को हजारों वर्ष से चुनौती मिलती रही। पहले अरब और फिर यूरोपियन व्यापारियों ने इसे अपने कब्जे में लेकर पर्याप्त दोहन निरंतर किया। यही कारण है कि सोने की खदानें जिस देश में हैं वह आज भी गरीबी के खिलाफ संघर्ष कर रहा है। मुस्लिम और ईसाई मतावलंबी की बहुलता वाले इस देश में यूरोपियन लोगों का आगमन वास्को डि गामा के साथ हुआ था। पहले पुर्तगाल, फिर जर्मनी और आखिर में ब्रिटिश सत्ता ने इस देश को अपना उपनिवेश बनाए रखा। लंबे संघर्ष के बाद वर्ष 1961 में इसने स्वतंत्रता हासिल की और अंतरराष्ट्रीय नक्शे पर अपने आपको तंगानिका के नाम से अस्तित्व में लाया। वर्ष 1964 में पड़ोस में स्थित सल्तनत जांजीबार ने भी स्वतंत्रता हासिल कर ली और दोनों इलाकों के एकीकरण के साथ अस्तित्व में आया आज का तंजानिया।

तीन घंटे से भी ज्यादा लंबे इस सफर के बाद बेहिसाब शोर करता हमारा विमान मवांजा के विमान तल की उस हवाई पट्टी पर उतर गया, जिसे शायद ही याद हो कि उस पर आखिरी बार डामर की परत कब चढ़ी थी। विमानतल कुल जमा दो कमरों का ही था लेकिन व्यवस्थित था।

झील किनारे स्थित यह शहर आपको भारत के किसी भी मंझोले किस्म के नगर की याद सहजता से दिला देगा। सेरेंगिट्टी नेशनल पार्क जाने का उपयुक्त समय सुबह है इसलिए रात यहां ही गुजारना है। तंजानिया से भारत के व्यापारिक संबंध सैकड़ों साल पुराने होने के कारण आपको अपनी मौजूदगी हर जगह महसूस होगी। लेक किनारे जिस होटल में हम रुके वहां रेस्टोरेंट नें खाना खाते समय उसके शेफ से मुलाकात हुई। उसका नाम मनोज है और वह उत्तराखंड से आकर पिछले चार साल से यहां काम कर रहा है। भारतीय बहुत अधिक संख्या में आते हैं इसलिए तमाम होटल भारतीय भोजन उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था रखते हैं।

अगले दिन तड़के सात बजे ही हम सेरेंगेट्टी के लिए निकल पड़े। वाहन चालक हमीद के अनुसार सफर चार घंटे का रहने वाला था। भारत में तो सड़कों की स्थिति में बहुत अधिक सुधार हो चुका है लेकिन यहां अभी बहुत संघर्ष बाकी है। सड़क पर गड्ढे तलाशें या गड्ढों में सड़क, तय करना मुश्किल था। पचास किलोमीटर प्रति घंटे की नियंत्रित रफ्तार के साथ हम 11 बजे विश्व प्रसिद्ध सेरेंगेट्टी नेशनल पार्क के प्रवेश द्वार पर थे। पंद्रह हजार किलोमीटर से भी अधिक विस्तारित यह स्थान जैव विविधता और जैव संरक्षण की दृष्टिकोण से दुनियाभर में मिसाल बना हुआ है। वर्ष 1951 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित यह क्षेत्र 1981 में यूनेस्को की विश्व धरोहर में भी शामिल किया गया।

राष्ट्रीय उद्यान घोषित करने की वजह बेहिसाब शिकार के चलते उत्पन्न खतरा ही था। यह कितनी हैरानी की बात है कि तंजानिया ने गुलामी के दौर में ही वन्य जीवों को अवैध शिकार से बचाने कदम वर्ष 1951 में ही उठा लिए वहीं हमने यह कदम आजादी के ढाई दशक बीत जाने के बाद 1972 में उठाए। अभी भी अवैध शिकार हमारे तंत्र क लिए बहुत बड़ी चुनौती है। यहां वाहन चालक ही गाइड और असिस्टेंट की भूमिका में रहता है। हमारे साथ इस भूमिका में हमीद हैं। खराब सड़क पर वाहन पर जितना बेहतर उनका नियंत्रण है, उतनी ही बेहतर उनको इलाके और वन्य जीवों की जानकारी भी है। सेरेंगिट्टी का अनुभव तीन आपसे कल साझा करेंगे लेकिन आपकी जानकारी के लिए सेरेंगेट्टी नाम मसाई भाषा के शब्द सेरेंगेट से निकला है, जिसका अर्थ है घास का अंतहीन मैदान। यह उद्यान नाम के अनुरूप ही है। मीलों दूर तक वृक्ष रहित घास के मैदान चहुंओर आपको दिखाई देंगे। बचपन में भूगोल की किताबों में आपने सवाना के जिन घास के मैदानों के बारे में पढ़ा था, वह यहीं हैं। प्रवेश संबंधित कागजी औपचारिकताएं हमीद ने ही बिना हमें वाहन से उतारे पूरी करा लीं, और हम विश्व प्रसिद्ध इस अभ्यारण्य में दाखिल हो गए।

### आकर्षण का केंद्र..

(हिरन की प्रजाति) भी इसका हिस्सा होते हैं लेकिन वह सरेंगेट्टी का इलाका पार नहीं करते। मसाई मारा के मायने क्या हैं , यह आपको कल बताते हैं।



# रणबीर की लव एंड वॉर दोबारा हुई पोस्टपोन

**मुंबई।** रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की स्टारर फिल्म 'लव एंड वॉर' एक बार फिर से पोस्टपोन हो गई है। पहले मार्च और मई में आने के लिए शेड्यूल हुई इस मूवी की रिलीज आगे बढ़ गई है, जिससे नितेश तिवारी की 'रामायणम' की टीम निराश हो गई है। रणबीर कपूर के दो बड़े प्रोजेक्ट पाइपाइन में हैं। एक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' और दूसरी नितेश तिवारी की 'रामायणम'। दोनों के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। हालांकि, उन्हें अभी लंबा इंतजार करना होगा।



लाइफ Style

# मृणाल

## नए साल से पहले छुट्टी मनाने निकलीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नए साल का जश्न मनाने के लिए किसी नई जगह पर रवाना हुई हैं। उन्होंने काम से छुट्टी ली और वह घूमने निकल गईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी कुछ झलकियां साझा की हैं। 'सीता रामम' फेम अभिनेत्री ने अपनी शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनकी तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींचा है।

मृणाल ठाकुर ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह काफी खुश हैं। एक तस्वीर में उन्होंने चश्मे के साथ पोज दिया है। एक दूसरी तस्वीर में वह रोड के किनारे पोज दे रही हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वह आइसक्रीम का आनंद ले रही हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा है 'बहुत जरूरी'। इसके साथ उन्होंने कई इमोजी बनाए हैं। इसे देख कर लगता है कि वह छुट्टी के दौरान घूमने-फिरने, खाने और आराम करने को सबसे ज्यादा जरूरी चीज बता रही हैं। मृणाल ठाकुर की पोस्ट पर कई फैंस ने दिल वाले इमोजी के साथ कई कमेंट किए हैं। एक फैन ने उन्हें क्यूट बताया है, तो दूसरे ने लिखा, 'आप एक्सप्रेशन क्वीन और ब्यूटी क्वीन हैं।' एक यूजर ने मिस वर्ल्ड कह कर संबोधित किया है। मृणाल ठाकुर जल्द ही अदिवी शेष और अनुराग कश्यप के साथ फिल्म 'डकैत' में नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। वह फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का भी हिस्सा होंगी। इसका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यही नहीं मृणाल ठाकुर 'है जवानी तो इश्क होना है' और 'पूजा मेरी जान' का भी हिस्सा होंगी।

हॉलीवुड मसाला



# अब तक बन चुके हैं 13 भाग...

**लॉस एंजिल्स।** 'हैलोवीन'साल 1978 में रिलीज हुई थी। डायरेक्टर जॉन कारपेंटर की फिल्म 'हैलोवीन'अब एक कल्ट क्लासिक बन चुकी है। 3 लाख डॉलर के कम बजट में बनाई गई इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड लगभग 70 मिलियन डॉलर की कमाई की, जो कि उस दौर में बहुत ज्यादा थी। 47 साल भी इस फिल्म एक डरावनी सीन आज भी लोगों के जहन में बना हुआ है। अब तक इस सीरीज की लगभग 13 फिल्में आ चुकी हैं और दर्शकों सभी को खूब एंजॉय किया है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे लड़के से शुरू होती है जो कम उम्र में ही अपनी 6 साल की बहन का मर्डर कर देता है।



# अवतार- एनाकोंडा एक दूसरे को दे रहीं टक्कर

**मुंबई।** भारतीय दर्शकों के लिए इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड के अलावा दो हॉलीवुड फिल्में भी लगी हुई हैं। फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश और एनाकोंडा बॉक्स ऑफिस पर एक- दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं। अवतारः फायर एंड ऐश की रिलीज को 11 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 11वें दिन दूसरे सोमवार को 3.48 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर इस हॉलीवुड फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर 141.38 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। एनाकोंडा की रिलीज को पूरे पांच दिन हो चुके हैं। एनाकोंड ने पांचवें दिन सोमवार को 28 लाख रुपए की कमाई की है। वहीं, एनाकोंडा ने बॉक्स ऑफिस पर अभी तक कुल मिलाकर 4.78 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश का निर्देशन जेम्स कैमरून ने किया है।



# अलग अंदाज में न्यू ईयर मनाएंगी हुमा...

**मुंबई।** नया साल आने में चंद दिन बचे हैं। कई बॉलीवुड सेलेब्स इस मौके पर पार्टी करेंगे, वेकेशन पर जाएंगे। लेकिन, हुमा कुरैशी ऐसा कुछ नहीं करने वाली हैं। उनका न्यू ईयर सेलिब्रेशन का प्लान बिल्कुल हटकर है। यह तरीका सुनकर उनके फैंस भी हैरान हो जाएंगे। हुमा कुरैशी ने बताया कि वह न्यू ईयर पर ट्रैवल नहीं कर रही हैं। ना ही वेकेशन पर जा रही हैं। वह कहती हैं, ' मैं नए साल पर तीन दिन सोना चाहती हूं, क्योंकि मेरा यह साल बहुत बिजी रहा है। मैं एक नई फिल्म पर भी काम करने वाली हूं। इसलिए मैं साल के आखिर तीन दिन बस आराम करना चाहती हूं। मैं कुछ नहीं करना चाहती हूं। मैं सच में हॉलिडे पर्सन, रेजोल्यूशन पर्सन या पार्टी पर्सन नहीं हूं। मैं बस कुछ 'मी टाइम' चाहती हूं। मैं बस रिलैक्स करना चाहती हूं।



# पहली बार होगा महिला गैंग से सामना

**मुंबई।** गोलमाल फ्रेंचाइजी की फिल्म गोलमाल 5 को लेकर नया अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म में पहले ही तरह अजय देवगन, अरशद वारसी के अलावा शरमन जोशी भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा पहली बार किसी महिला विलेन की एंट्री होगी। बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी में शुमार 'गोलमाल' एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है, लेकिन इस बार कहानी में बड़ा ट्विस्ट होने वाला है। निर्देशक रोहित शेट्टी अपनी सुपरहिट सीरीज के पांचवें पार्ट 'गोलमाल 5' को एक नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार फिल्म सिर्फ कॉमेडी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें फैंटेसी एलिमेंट भी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही 'गोलमाल' की दुनिया में पहली बार एक महिला विलेन की एंट्री होने जा रही है।

टीवी मसाला

# इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी मेरे साथ ये सब मत करना

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट अचानक पैपराजी पर गुस्सा हो गईं। इसके बाद उन्होंने पैप्स को फटकार भी लगाई। बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट शो के पूरा होने के बाद भी लगातार चर्चाओं में रहती हैं। यही कारण है कि जब भी फरहाना बाहर निकलती हैं,



पैपराजी उनको घेर लेते हैं। एक बार फिर ऐसा ही हुआ, जब फरहाना शहर में निकलीं तो पैप्स उनके पीछे लग लिए। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिससे फरहाना का पारा हाई हो गया और वो पैप्स पर नाराज हो गईं। इसके बाद वो पैप्स को नसीहत देते भी नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ब्लैक आउटफिट में फरहाना एक रेस्टोरेंट के बाहर नजर आ रही हैं। इस दौरान वो पैपराजी से बातचीत भी करती हैं। लेकिन तभी फरहाना पैप्स को फटकार भी लगाती हैं और उनके कमेंट पर आपत्ति जताती हैं। दरअसल, इस दौरान एक पैपराजी कहता है, 'लगता है चढ़ गई है।' फरहाना पैपराजी के इस कमेंट को सुन लेती हैं। इसके बाद वो पैप्स को फटकार लगाते हुए कहती हैं, 'क्या बोल रहे थे अभी? पिया है, पी रखी है, कुछ तो ऐसा बोल रहे थे ना। मेरे सामने ये सब दोबारा मत करना। मैं मस्ती-मजाक में प्यार करती हूं। इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी। ऐसी टिप्पणियां करके मुझसे मजाक न करना।' हालांकि, फरहाना इसके बाद भी पैपराजी को प्यार से हाथ हिलाकर अपनी कार में बैठ गईं।

## सुनील ने धरा आमिर का रूप

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर अपनी कॉमेडी के अलावा अपनी मिमिक्री से भी लोगों को हैरान करते रहते हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील ग्रोवर अक्सर ही अलग-अलग बॉलीवुड कलाकारों की मिमिक्री करते हैं। अब सुनील ग्रोवर ने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान की मिमिक्री की है। जिसकी एक झलक देखकर ही फैंस हैरान रह गए। क्योंकि, सुनील ग्रोवर हूबहू आमिर खान की ही तरह लग रहे हैं और बोल भी उन्हीं की तरह रहे हैं।'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे बतौर मेहमान पहुंचेंगे। अभी शो का सिर्फ प्रोमो सामने आया है। इस प्रोमो में ही सुनील ग्रोवर आमिर खान बनकर पहुंचते हैं। आमिर के गेटअप में सुनील ने मेहमानों से बातचीत करते हुए उनकी कई शादियों पर चुटकुले सुनाए और रिश्तों को लेकर सलाह भी दी। साथ ही उन्होंने कार्तिक और अनन्या की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के टाइटल का भी मजाक उड़ाया। इसका प्रोमो सामने आया है और इसमें सुनील ग्रोवर को आमिर के गेटअप में देखकर फैंस हैरान रह गए।




# पंचायत 5 से लेकर तस्करी तक 2026 में धूम मचाएंगी ये बड़ी वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** साल 2026 दस्तक देने के लिए तैयार है। सिनेमा प्रेमियों के लिए साल 2026 बहुत अच्छा होने वाला है। इसकी वजह है कि अगले साल कई बेहतरीन वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं। कुछ वेब सीरीज के अगले सीजन रिलीज होने वाले हैं।

***पंचायत सीजन 5*** : गांव के माहौल पर आधारित वेब सीरीज 'पंचायत' की सभी सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया है। दर्शकों ने इस सीरीज में सभी कलाकारों का अभिनय और सीरीज की कहानी को पसंद किया है। 'पंचायत' सीजन 1 साल 2020 में, सीजन 2 साल 2022 में, सीजन 3 साल 2024 में, सीजन 4 साल 2025 में रिलीज हुआ था। 'पंचायत' सीरीज का अगला सीजन 2026 में रिलीज हो सकता है।

***गुल्लक सीजन 5*** : मध्यवर्गीय परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित सीरीज 'गुल्लक' के सभी सीजन को दर्शकों ने खूब सराहा। 'गुल्लक' सीजन 1 साल 2019 में, सीजन 2 साल 2021 में, सीजन 3 साल 2022 में और सीजन 4 साल 2024 में रिलीज हुआ। सीरीज का 5वां सीजन साल 2026 में रिलीज हो सकता है।








***हीरामंडी सीजन 2*** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' के पहले सीजन को दर्शकों से खूब प्यार मिला। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन मई 2024 में रिलीज हुआ था। खबरों के मुताबिक 'हीरामंडी' का सीजन 2 साल 2026 या 2027 में रिलीज हो सकता है।

***फ्रीडम एट मिडनाइट सीजन 2*** : भारत के विभाजन, स्वतंत्रता और राजनीति पर आधारित वेब सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' को दर्शकों ने खूब सराहा। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी इस वेब सीरीज में सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन 15 नवंबर 2024 को रिलीज हुआ था। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' सीजन 2 अगले साल 9 जनवरी को रिलीज होगा।

***तस्करीः द स्मगलर्स वेब*** : क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' में इमरान हाशमी ने एक कस्टम ऑफिसर की भूमिका निभाई है। इसमें वह अंतरराष्ट्रीय तस्करी के काले नेटवर्क का पर्दाफाश करते दिखेंगे। दर्शक बेसब्री से इस सीरीज का इंतजार कर रहे हैं। यह 14 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।

# रश्मिका और विजय उदयपुर में करेंगे शादी..!

*मुंबई। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार्स रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर खबर है कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगे। अक्टूबर में परिवार की मौजूदगी में गुपचुप सगाई करने के बाद अब दोनों 2026 में जीवनसाथी बनने के लिए तैयार हैं। अब वेडिंग डेट और वेन्यु को लेकर एक खुलासा हुआ। 'रश्मिका और विजय की शादी 26 फरवरी 2026 को उदयपुर के एक महल में होने वाली है। उन्होंने एक ऐतिहासिक प्रॉपर्टी को फाइनल किया है। सगाई की तरह ही शादी को भी एकदम निजी रखे जाने की प्लानिंग है। सिर्फ उनके करीबी लोग ही शामिल होंगे।' रश्मिका और विजय ने दशहरा के एक दिन बाद 3 अक्टूबर 2025 को हैदराबाद में सगाई की। हालांकि, दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन विजय की टीम ने 'एचटी' को इसकी जानकारी दी है। उस समय उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि यह जोड़ा फरवरी में शादी करेगा। रश्मिका और विजय की सगाई में भी सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।*



## कई कलाकारों के लिए बेहतरीन होने वाला है साल 2026

# ये कलाकार बड़े पर्दे पर करेंगे डेब्यू, दिखाएंगे अभिनय का जलवा

*नई दिल्ली। साल 2026 दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस साल कई कलाकार बॉलीवुड की फिल्मों से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए रेडी हैं। इनमें कई सेलेब्स की संतानें हैं। पिछले साल राशा थडानी, जुनैद खान और खुशी कपूर जैसे कलाकारों ने बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू किया था। आइए जानते हैं साल 2026 में कौन से कलाकार बड़ी स्क्रीन पर नजर आ सकते हैं।*

**सुहाना खान** : शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान 2026 में बड़ी स्क्रीन पर नजर आने वाली हैं। वह शाहरुख खान स्टारर 'किंग' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की अभी रिलीज की तारीख तय नहीं हुई है। सुहाना खान ने 'द आर्जीच' से एक्टिंग में कदम रखा था। यह फिल्म साल 2023 में ओटीटी पर आई थी।

**अगस्तय नंदा** : अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा साल 2026 में बॉलीवुड फिल्म 'इक्कीस' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अगस्त्य परमवीर चक्र प्राप्तकर्ता मेजर अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाएंगे। अगस्त्य नंदा पहली बार 'द आर्चीज' में नजर आए थी। यह फिल्म ओटीटी पर आई थी।

**सिमर भाटिया** : अभिनेत्री सिमर भाटिया 2026 में फिल्म 'इक्कीस' से डेब्यू करने वाली हैं। वह अक्षय कुमार की भांजी हैं। फिल्म में वह अगस्त्य नंदा के साथ नजर आएंगी। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। इसमें दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र नजर आएंगे।







**यशवर्धन आहूजा** : खबरें हैं कि गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा एक फिल्म में काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जाता है कि यह फिल्म रोमांटिक होगी। इसका निर्देशन साउथ के निर्देशक साई राजेश कर रहे हैं।

**मेधा राणा** : मेधा राणा फिल्म 'बॉर्डर 2' से बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इसमें वह वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। मेधा राणा सीरीज 'लंदन फाइल्स' में नजर आई थीं। इसमें अर्जुन रामपाल और पूरब कोहली अहम किरदार में थे। अब वह बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं।

### सीटीआर से लेकर चीन तक फैला तस्करी का कारोबार, महिला तस्कर को बॉर्डर से किया गिरफ्तार

# बाघों की सुरक्षा में सेंध- मध्य प्रदेश में अब तक 55 मौतें, वर्ष 2010 से लेकर अब तक मौत के मामलों में भी शीर्ष पर पहुंचा टाइगर स्टेट

**इससे पहले बुधनी मिडघाट रेललाइन पर भी एक बाघ का शव मिलने की घटना सामने आ चुकी है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बाघों की लगातार हो रही मौतों ने वन्यजीव संरक्षण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला सागर जिले का है, जहां ढाना रेंज के हिलगन गांव के पास जंगल में एक बाघ का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। यह पिछले 15 दिनों में प्रदेश में बाघ की सातवीं मौत है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व स्थित है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि यह बाघ उसी क्षेत्र से भटककर यहां पहुंचा होगा।

**देश में बाघों की मौत (एनटीसीए के अनुसार)**



| | |
|---|---|
| 2021 | 129 |
| 2022 | 122 |
| 2023 | 182 |
| 2024 | 126 |
| 2025 | 103 |

बाघ की पहचान और मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमॉर्टम और फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया है। इससे पहले बुधनी मिडघाट रेललाइन पर भी एक बाघ का शव मिलने की घटना सामने आ चुकी है। बीत रहे वर्ष 2025 में प्रदेश में अब तक 55 बाघ की मौत हो चुकी है। इसमें अधिकतर मामले शिकार के हैं।

वहीं, जानकारों का कहना है कि टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त मध्य प्रदेश वर्ष 2010 से अब तक शिकार से बाघों की मौत के मामलों में भी शीर्ष पर बना हुआ है। हालांकि मध्य प्रदेश में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में सालों पहले हुए शिकार और तस्करी के मामले में भी वन विभाग ने चीन बॉर्डर के पास से महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्रदेश में टाइगर का शिकार करने के बाद खाल और हड्डियों को चीन में बेचा जाता था।

### प्रोजेक्ट टाइगर के बाद सर्वाधिक मौतें

सागर जिले में बाघ की मौत की घटना ऐसे समय सामने आई है, जब वर्ष 2025 में अब तक मध्य प्रदेश में कुल 55 बाघों की मौत दर्ज की जा चुकी है। यह आंकड़ा प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत के बाद किसी एक वर्ष में अब तक का सबसे अधिक माना जा रहा है। पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो-2021 में 34, 2022 में 43, 2023 में 45 और 2024 में 46 बाघों की मौत दर्ज की गई थी। बीते छह वर्षों में ही प्रदेश में कुल 269 बाघों की मृत्यु हो चुकी है।

### बाघों की 57 प्रतिशत मौतें अप्राकृतिक

विशेषज्ञों और आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लगभग 57 प्रतिशत बाघों की मौतें अप्राकृतिक कारणों से हुई हैं। इनमें अवैध शिकार, बिजली के करंट से मौत, जहर देना और आपसी संघर्ष जैसे कारण शामिल हैं। कई मामलों में शिकारियों द्वारा बाघों के अंग काटकर ले जाने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय तस्करी की आशंका और बढ़ जाती है।

### जिम्मेदारी तय होने पर ही रुकेंगी मौतें

वाइल्डलाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने कहा कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व लंबे समय से शिकारियों के निशाने पर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 की रिपोर्ट में बाघों की बढ़ती मौतों और शिकार की घटनाओं का उल्लेख किया गया था, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। दुबे ने कहा कि जब तक शिकार के मामलों में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाना संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2010 से अब तक मध्य प्रदेश बाघों की अप्राकृतिक मौतों के मामलों में देश में शीर्ष पर रहा है।

## अपना दल (एस) का ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र संपन्न

**भोपाल।** अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई प्रदेश में तेजी से अपना कुनबा बढ़ा रही है। इसी क्रम में रविवार को सातवां ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। सत्र में यूपी व एमपी के वरिष्ठ और राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल हुए, जहां पिछड़ा वर्ग मूल्यांकन एवं आरक्षण विषय पर गहन चर्चा के माध्यम से आरक्षण से जुड़ी चुनौतियों और सरकार की नीतियों पर प्रकाश डाला गया। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व व राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी श्री आर बी सिंह पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र में प्रदेश के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सत्र में विशेष आमंत्रित अतिथियों के रूप में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग वित्त निगम के सदस्य ओपी कटियार , उप्र कीराज्य मंत्री रेखा पटेल , तथा राष्ट्रीय सलाहकार एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष (उत्तर प्रदेश) राजेंद्र पाल ने भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव और मध्य प्रदेश प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल ने कहा, आज का प्रशिक्षण सत्र पिछड़े वर्ग के अधिकारों, उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान तथा आरक्षण नीतियों पर जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने वर्षों से निरंतर संघर्ष करके पिछड़ों के लिए आरक्षण के दायरे को विस्तृत किया है। उन्होंने नीट में आरक्षण और ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाने के साथ-साथ भारत सरकार से ओबीसी के लिए अलग मंत्रालय बनाने की मांग भी की है। इस दौरान ओबीसी आरक्षण को संवैधानिक अधिकार बताते हुए 14% से बढ़ाकर 27% करने की मांग रखी।

### सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर सिंहस्थ को प्रदान करेंगे भव्यता

# उज्जैन आने वाले श्रद्धालु केवल हमारे मेहमान नहीं, महाकाल के खास अतिथि, कमी न रहे

- पुराने हॉकी स्टेडियम में आधुनिक एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा
- चिंतामण गणेश बनेगा मुख्य स्टेशन, मोहनपुरा में भी होगा रेलवे स्टेशन, उज्जैन में बन रहा एयरपोर्ट
- मुख्यमंत्री ने उज्जैन में किया करीब 129 करोड़ रुपए के 12 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री ने उत्कर्ष उज्जैन डॉट कॉम वेब पोर्टल का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीते तीन-चार दिनों के अंदर ही 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। उज्जैन आने वाले सभी श्रद्धालु सिर्फ हमारे मेहमान नहीं, स्वयं बाबा महाकाल की ओर से आमंत्रित अतिथि हैं। महाकाल ने उन्हें दर्शन देने के लिए बुलाया है। इसलिए सभी श्रद्धालुओं के सत्कार से जुड़ी हर व्यवस्था में संवेदना और आत्मीयता भी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से ही उज्जैन नगरी सिर्फ भारत नहीं, सम्पूर्ण विश्व की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनी हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को उज्जैन के नानाखेड़ा स्टेडियम में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां लगभग 129 करोड़ रुपए की लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में युवाओं को केंद्र में रखकर तैयार की गई तीन महत्वपूर्ण पहलों का एक साथ लोकार्पण एवं शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन के नागरिकों का सहयोग ही बाबा महाकाल की सच्ची सेवा है। सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर सिंहस्थ-2028 को सबसे भव्य, दिव्य और अनुशासित के साथ एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक आयोजन बनाएंगे।

इस प्रोजेक्ट के जरिए विद्यार्थियों को कम उम्र से ही कोडिंग और डिजिटल सोच से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उत्कर्ष उज्जैन डॉट काम वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया। यह पोर्टल युवाओं के लिए सीखने, मार्गदर्शन और अवसरों का एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म बनेगा। साथ ही कौशल सेतु इंडस्ट्री-लीड स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का भी आगाज किया। कौशल सेतु शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को पाटते हुए युवाओं को वास्तविक इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तीनों पहले उज्जैन के युवाओं को केवल डिग्री तक ही सीमित नहीं रखेंगी, बल्कि उन्हें जॉब-रेडी, स्टार्टअप-रेडी और फ्यूचर-रेडी बनाने का आधार तैयार करेंगी।

### 124 करोड़ रुपए लागत से बनने वाले 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन शहरी क्षेत्र में 124 करोड़ रुपए लागत से बनने वाले 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इसमें करीब 102 करोड़ रुपए लागत से विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण कार्य, 9.50 करोड़ रुपए लागत से कपिला गौशाला का संवर्धन एवं विकास कार्य, 8.75 करोड़ रुपए लागत से पंवासा क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में विकास कार्य, 3.47 करोड़ रुपए लागत से कानीपुरा में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण तथा लगभग 5 करोड़ रुपए लागत से नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी शामिल है।

### इस स्टेडियम में आधुनिक एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा

सीएम ने घोषणा की कि उज्जैन के इस पुराने हॉकी स्टेडियम में आधुनिक एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा, जिससे यहां इंटरनेशनल हॉकी मैच हो सकें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में भारतीय खिलाड़ी लगभग सभी खेलों में पदक विजेता बन रहे हैं। हम मप्र के युवाओं को नौकरी लेने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सीखो-कमाओ योजना, स्किल इंडिया मिशन और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम जैसी पहलें युवाओं को पढ़ाई के साथ व्यावहारिक अनुभव देकर उन्हें बाजार और उद्योगों के लिए तैयार कर रही हैं।

### इंदौर-उज्जैन के बीच भविष्य में मेट्रो भी दौड़ेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज प्रोजेक्ट स्वाध्याय के लिए 3 हजार युवाओं के लिए निनौरा और मक्सी के पास 2 हजार युवाओं के लिए कौशल विकास केंद्र शुरू किए हैं। इंदौर-उज्जैन के बीच भविष्य में मेट्रो भी दौड़ेगी, लेकिन उससे पहले वंदे भारत मेट्रो ट्रेन की सौगात मिलेगी।

### मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा आज

# नगरीय निकाय उप निर्वाचन में 67.28 और पंचायत में 65.37 प्रतिशत हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन के लिए सोमवार को शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। सोमवार को शाम 6 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय उप निर्वाचन के लिए 67.28 प्रतिशत और पंचायत उप निर्वाचन में 65.37 प्रतिशत मतदान हुआ है। नगरीय निकायों में मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 31 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से होगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस उप चुनाव में आयोग द्वारा मतदान दिवस की जानकारी के लिए पीठासीन अधिकारी और प्रेक्षकों की ओर से प्रेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के लिए प्रेक्षा ऐप विकसित कर सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी कि भिण्ड जिले के नगरीय निकाय मेहगांव में 83.54, आलमपुर में 80.62 और लहार में 66.56 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसी तरह रीवा जिले के सेमरिया में अध्यक्ष पद के लिये हुए मतदान में 64.05 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। मण्डला में 68.25, देवास जिले के सतवास में 79.72 और बड़वानी जिले के नगरीय निकाय पानसेमल में 70.92 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### श्योपुर में 69.29, मुरैना में 76.89, भिण्ड में 62.87, ग्वालियर में 79.53 मतदान

पंचायत उप निर्वाचन के लिए जिला श्योपुर में 69.29, मुरैना में 76.89, भिण्ड में 62.87, ग्वालियर में 79.53, दतिया में 80.98, शिवपुरी में 87.47, अशोकनगर में 68.57, सागर में 64.40, टीकमगढ़ में 67.45, दमोह में 70.38, पन्ना में 56.84, सतना में 56.94, रीवा में 44.45, सीधी में 59.18, शहडोल में 64.21, अनूपपुर में 54.25, कटनी में 71.58, जबलपुर में 78.49, बालाघाट में 71.10, सिवनी में 73.37, नरसिंहपुर में 75.83, छिंदवाड़ा में 75.19, बैतूल में 77.53, नर्मदापुरम में 83.56, विदिशा में 75.88, आगर-मालवा में 70.68, शाजापुर में 86.75, खण्डवा में 80.05, खरगौन में 75.72, बड़वानी में 69.56, उज्जैन में 62.11, रतलाम में 86.86, मंदसौर में 82.65, नीमच में 89.25 और जिला मउगंज में 58.67 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### ईवीएम से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8 बजे से होगी

सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकासखण्ड मुख्यालय पर ईवीएम से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जाएगी। जिला पंचायत सदस्यों एवं पंच पद के लिए परिणामों की घोषणा 5 जनवरी 2026 को सुबह 10.30 बजे से की जाएगी। स्थानीय निकायों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 उत्तरार्द्ध में 6 पार्षद एवं एक अध्यक्ष पद (सेमरिया) तथा पंचायतों में 4 जिला पंचायत सदस्य (आगर-मालवा, श्योपुर, रीवा और दमोह), 4 जनपद पंचायत सदस्य (सागर-राहतगढ़, पन्ना-शाहनगर, अनूपपुर-पुष्पराजगढ़, बड़वानी-ठीकरी जनपद पंचायत), 54 सरपंच पदों के लिए मतदान हुआ।

### 77 मतदान केन्द्रों में सफलतापूर्वक कराया गया मतदान

इस निर्वाचन में राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से विकसित नवीन तकनीक इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीबीएमएस-पेपरलेस) के प्रयोग से जिला दमोह के जिला पंचायत सदस्य के लिए 77 मतदान केन्द्रों में सफलतापूर्वक मतदान कराया गया। यहां पर मतदान 69.85 प्रतिशत दर्ज किया गया। इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम मतदान केन्द्र पर मतदान दल की ओर से किए जाने वाले समस्त कार्यों को डिजिटल माध्यम से किया गया। इससे पूर्व आयोग इस तकनीक से सरपंच एवं जनपद सदस्य के लिए मतदान सफलतापूर्वक करा चुका है।

### घूमने आए युवके की टोली पर हमला, दो युवक गंभीर

# पारंपरिक लोहार मंडई उत्सव में उपद्रवियों का हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

डौंडीलोहारा के पारंपरिक लोहार मंडई उत्सव में शनिवार शाम उस वक्त हंगामा हो गया, जब अज्ञात हमलावरों ने दल्ली राजहरा से आए युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद पावेंद्र कोड़प्पा (23 वर्ष) और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दल्ली राजहरा से छह युवकों का एक दल मंडई मेला देखने डौंडीलोहारा पहुंचा था। शाम को जब मंडई अपनी रौक पर थी, तभी पुरानी रंजिश को लेकर अज्ञात युवकों ने इन पर हमला बोल दिया।

### हमले के बाद फरार हुए हमलावर

हमले के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। चाकूबाजी की इस घटना से मंडई परिसर में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाकर भागने लगे। स्थानीय लोगों और साथियों की मदद से खून से लथपथ घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, दो युवकों की हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना ने सार्वजनिक आयोजनों में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और चाक-चौबंद इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हमलावरों ने हथियारों से युवकों के शरीर पर वार किए।

### अस्पताल में भर्ती, पुलिस कर रही मामले की जांच

# विधायक की पत्नी संदिग्ध परिस्थिति में घायल, दोनों हाथों में गंभीर जख्म




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

मंगलवार को एक सनसनीखेज घटना ने पूरे जिले को हिला दिया। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की पत्नी पर धारदार हथियार से हमला हुआ है। हमले में उनके दोनों हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गए, वहीं गले पर भी कट के निशान मिले हैं। घटना के बाद उन्हें आनन-फानन में महारानी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम इलाज में जुटी हुई है। वहीं पूछताछ में सामने आया है कि सुमित्रा बघेल अपनी माता की मृत्यु के बाद पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य को लेकर मानसिक तनाव में थीं, जिसके चलते उन्होंने स्वयं को चोटिल किया है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए महारानी अस्पताल में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार घायल की हालत स्थिर है, लेकिन चोटें गंभीर हैं और लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति साफ होगी।

### रायपुर में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की

# नड्डा ने दिए राज्यों को मिशन मोड में काम करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राजधानी में उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था, टीबी उन्मूलन अभियान, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, कैंसर उपचार और जनस्वास्थ्य से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। नड्डा ने राज्यों को मिशन मोड में काम करने के निर्देश देते हुए कहा कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा। बैठक में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक रणबीर शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने दवा विनियमन को कड़ा करने, निदान सुविधाओं के विस्तार, टेलीमेडिसिन सेवाओं को बढ़ावा देने और जनभागीदारी आधारित मॉडल को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि देशभर में शुरू किए गए स्वास्थ्य परामर्श अभियान से बेहतर औषधि प्रबंधन, निदान सेवाओं और जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों को नई दिशा मिलेगी।

### रक्तकोषों की सुरक्षा का पालन करने के निर्देश

बैठक में राज्य के सभी रक्तकोषों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और उनकी नियमित निगरानी को और सख्त बनाने के निर्देश दिए गए। निःशुल्क औषधि एवं निदान योजना का अधिकतम लाभ आमजन तक पहुंचाने, खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम और खाद्य व औषधि परीक्षण क्षमता बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने पर भी जोर दिया गया।

टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की गति तेज करने पर विशेष चर्चा हुई। इसके तहत अधिक से अधिक निक्षय मित्र जोड़ने, टीबी मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने और जोखिमग्रस्त आबादी में एक्स-रे आधारित जांच अभियान को तेज करने के निर्देश दिए गए। नड्डा ने बताया कि टीबी कार्यक्रम को मजबूत करने के लिए 146 हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी।

# विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा में गए युवा कांग्रेस में वापस लौटे

- कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में ग्रहण की सदस्यता
- युवाओं का आरोप, जो वायदे किए गए थे वह पूरे नहीं हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नरेला विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा चुनाव पूर्व भाजपा में शामिल हुए युवाओं ने कांग्रेस में घर वापसी शुरू कर दी है। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। क्षेत्र के वार्ड 78 सैयद उस्मान अली, वार्ड 75 संजीव तिवारी, वार्ड 79 आनंद विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता लेकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करने की बात कही है। युवाओं का आरोप है कि चुनाव पूर्व उनसे जो वायदे किए गए थे वह पूरे नहीं हुए। क्षेत्र की बड़ी आबादी आज भी रोजगार के लिए परेशान है।

### रेस में एडीजी बनने के लिए राय सबसे आगे, श्रीवास्तव के रिटायरमेंट के बाद शमी का नंबर

# प्रदेश के इतिहास में पहली बार पीएचक्यू में हो जाएंगे 13 डीजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में पहली बार ऐसा हो सकता है कि एक जनवरी के बाद डीजी के पद पर 13 अफसर पदस्थ हो जाएं। यह स्थिति इसलिए बन सकती है कि प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ एक अफसर का कार्यकाल 23 दिसंबर को पूरा हो चुका है, लेकिन अभी उनके वापस आने की सूचना पुलिस मुख्यालय को नहीं मिली है, यदि पदोन्नति आदेश के बाद वे प्रदेश में आए तो नेक्स्ट बिलो रूल (एनबीआर) के तहत उन्हें डीजी के पद पर पदोन्नत करना पड़ेगा।

ऐसी स्थिति में प्रदेश में डीजी रैंक के अफसरों की संख्या 13 हो जाएगी। वर्ष 1994 बैच के अफसर अनंत कुमार सिंह प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में हैं, उनकी प्रतिनियुक्ति की अवधि 23 दिसंबर को पूर्ण हो चुकी है। यदि अनंत कुमार सिंह के आने की स्थिति 31 दिसंबर तक स्पष्ट नहीं हुई तो एक जनवरी को उनके ही बैच के अफसर आशुतोष राय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक से पदोन्नत होकर डीजी बना दिए जाएंगे। जबकि वर्ष 1994 बैच के अफसरों में पहले नंबर पर अनंत कुमार सिंह हैं, दूसरे नंबर पर मनमीत सिंह नारंग और तीसरे क्रम पर आशुतोष राय हैं। मनमीत सिंह नारंग भी प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसलिए आशुतोष राय 1 जनवरी को डीजी के पद पर पदोन्नत हो सकते हैं। यदि राय पदोन्नत हुए तो अनंत कुमार जनवरी से लेकर जून तक प्रदेश में आए, तब उस स्थिति में अनंत कुमार सिंह को भी डीजी का पद देना होगा। डीजी के पद के लिए ऐसी स्थिति में एनबीआर लागू होगा और अनंत कुमार सिंह को डीजी के पद पर पदोन्नत किया जाएगा।

### इसलिए होना है प्रमोट

स्पेशल डीजी सीआईडी पवन श्रीवास्तव 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले हैं। वर्ष 1992 बैच के श्रीवास्तव के रिटायर होने के बाद उनकी जगह पर वर्ष 1994 बैच के अफसरों का अतिरिक्त पुलिस डीजी के लिए पदोन्नति होगी। महानिदेशक के पद से स्पेशल श्रीवास्तव के रिटायर होने के बाद डीजी पद से 30 जून को संजीव शमी रिटायर होंगे।

## चिंतन

# चीन के नियम '50' से सीख ले भारत

अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच चीन अब लगातार अपने देश में बने सामान को ही बढ़ावा दे रहा है। इसके लिए ड्रैगन 50 फीसदी का नया नियम लेकर आया है। यह नियम सभी चिप कंपनियों पर लागू होगा। इसके तहत अब चीन में लगने वाली नई या पुरानी फैक्ट्रियों का विस्तार करने के लिए कम से कम 50% उपकरण चीन में ही बने हुए इस्तेमाल करने होंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक चीनी सरकार चाहती है कि देश में ही चिप बनाने का पूरा सामान तैयार हो जाए, ताकि उसे दूसरे देशों पर निर्भर न रहना पड़े। इस नियम का उद्देश्य खुद की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को मजबूत करना है। इससे चीन में चिप बनाने वाली कंपनियों को अपने उपकरणों के लिए घरेलू आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर रहना होगा, जिससे चीनी कंपनियों को बड़ा फायदा होगा। इस नए नियम का अमेरिकी कंपनियों पर भी काफी प्रभाव पड़ सकता है। चीन ने अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं, जिनमें नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन, एल3 हैरिस मैरीटाइम सर्विसेज और बोइंग जैसी बड़ी रक्षा कंपनियां शामिल हैं। वहीं, चीन के नियम-50 से भारत को भी सीख लेनी चाहिए, ताकि भारत का वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का मिशन सफल हो सके। बता दें कि यह एक बहुत बड़ा कदम है जो चीन ने उठाया है। चीन अब विदेशी तकनीक पर अपनी निर्भरता कम करता जा रहा है। यह कोशिश तब और तेज हो गई, जब साल वर्ष 2023 में अमेरिका ने एक्सपोर्ट पर और सख्त नियम बना दिए थे। अमेरिका ने चीन को एडवांस्ड एआई चिप्स और चिप बनाने वाले उपकरण बेचने पर रोक लगा दी थी। हालांकि, अमेरिका के इन नियमों ने कुछ सबसे एडवांस्ड मशीनों की बिक्री रोक दी, लेकिन 50% वाले इस नियम की वजह से चीनी कंपनियां अब उन जगहों पर भी अपने देश के सप्लायर्स को चुन रही हैं, जहां अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोप के विदेशी उपकरण उपलब्ध हैं। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग लगातार यह कहते रहे हैं कि देश को चिप बनाने के मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'पूरे देश' को मिलकर प्रयास करना होगा। भारत भी चीन से इस मामले में कुछ सबक ले सकता है। चिप निर्माण में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत अभी सेमीकंडक्टर बनाने के लिए जरूरी मशीनें, केमिकल और वेफर्स जैसे सामान दूसरे देशों से खरीदता है। ये सामान ताइवान, अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों से आते हैं, लेकिन अब भारत सरकार 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' (आईएसएम) के तहत खुद सेमीकंडक्टर बनाने की क्षमता बढ़ा रहा है। भारत भी इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है, ताकि दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो। भारत को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए चीन जैसे नियम को अपनाना चाहिए। भारत को अपने घरेलू उद्योगों को मजबूत करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी। अपने व्यापारिक संबंधों को विविध बनाने और चीन के अलावा अन्य देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की कोशिश करनी होगी। भारत को अन्य देशों के साथ सहयोग बढ़ाने और वैश्विक व्यापारिक संगठनों में अपनी भूमिका मजबूत करने की कोशिश करनी चाहिए। इसके अलावा, भारत को विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए प्रयास करने चाहिए, अपनी प्रौद्योगिकी विकसित करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए, ताकि भारत की दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सके और देश का आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सके।



सुरक्षा रणनीति
डॉ. एन.के. सोमानी

# भारत का साथ जरूरी या केवल दिखावा

संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपनी नई सुरक्षा रणनीति का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) में यूरोप की सांस्कृतिक चुनौतियों और चीन से मिल रही प्रतिस्पर्धा पर सख्त रुख अपनाया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगभग एक साल के कार्यकाल के अंतिम चरण में जारी रणनीति में पश्चिमी गोलार्ध और इंडो-पैसिफिक का जिक्र किया गया है। ड्राफ्ट का स्वरूप बहुत संक्षिप्त होने के बावजूद इसमें भारत को प्राथमिकता देते हुए भारत के साथ संबंधों पर विशेष जोर दिया गया है। ऐसे में आशंका इस बात की है कि भारत के साथ बात कर ट्रंप प्रशासन कहीं अपने राष्ट्रीय हितों को साधने की कोशिश तो नहीं कर रहा है।

चीन और यूरोप के साथ संबंधों में तनातनी के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपनी नई सुरक्षा रणनीति का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) में यूरोप की सांस्कृतिक चुनौतियों और चीन से मिल रही प्रतिस्पर्धा पर सख्त रुख अपनाया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगभग एक साल के कार्यकाल के अंतिम चरण में जारी रणनीति में पश्चिमी गोलार्ध और इंडो-पैसिफिक का जिक्र किया गया है। ड्राफ्ट का स्वरूप बहुत संक्षिप्त (20 पेज) होने के बावजूद इसमें भारत को प्राथमिकता देते हुए भारत के साथ संबंधों पर विशेष जोर दिया गया है।

ड्राफ्ट में अमेरिका को भारत के साथ वाणिज्यिक, रणनीतिक और अन्य द्विपक्षीय संबंधों को और बेहतर बनाने की बात कही गई है। ड्राफ्ट में कहा गया है कि भारत के साथ मजबूत सहयोग से न केवल हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी बल्कि भारत को क्वाड (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। ड्राफ्ट की दिलचस्प बात यह है कि एक तो ट्रंप प्रशासन इसमें रूस के साथ कदम-ताल करते दिख रहा है और दूसरा सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट से पाकिस्तान को लगभग गायब कर दिया गया है। यह पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है खासतौर से फील्ड मार्शल असीम मुनीर के लिए।राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति अमेरिका की कार्यकारी शाखा द्वार समय-समय पर तैयार किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसमें देश की सुरक्षा संबंधी चिंताओं और प्रशासन द्वारा उनसे निपटने की योजनाओं का विवरण दिया जाता है।

गोल्डवाटर-निकोलस अधिनियम के आधार पर निर्मित सुरक्षा रणनीति का कार्यन्वयन राष्ट्रीय सैन्य रणनीति जैसे सहायक दस्तावेज में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार किया जाता है। साल 2017 में जब डोनाल्ड ट्रंप पहली बार व्हाइट हाउस में आए उस वक्त उन्होंने अपने पूर्ववर्ती शासनाध्यक्षों द्वारा निर्मित विदेश नीति के सिद्धांतों से अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था। नई सुरक्षा रणनीति में वह एक कदम ओर आगे बढ़ते हुए दिख रहे हैं। 2025 की रणनीति में मुख्य फोकस अमेरिकी पहचान तथा संस्कृति को स्थापित करने के लिए मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) के आदर्श पर रखा गया है। अमेरिका ने हाल के वर्षों में असाधारण प्रगति हासिल की है और आने वाले समय में वह अपनी राष्ट्रीय-शक्ति के सभी पहलुओं को और सुदृढ करेगा। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि नई रणनीति सुनिश्चित करेगी कि अमेरिका विश्व इतिहास का सबसे महान और सबसे सफल राष्ट्र रहे। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि नई सुरक्षा रणनीति का दस्तावेज 'अमेरिका फर्स्ट' की भावना से भरा हुआ हैं। लेकिन अहम सवाल यह है कि न्यू सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट में भारत के उल्लेख का निहितार्थ क्या है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की रणनीतिक जरूरतों को छोड़ कर शेष वैश्विक संदर्भ में अमेरिका भारत को किस नजरिए देखता है, खासकर पाकिस्तान और भारत-रूस मैत्री संबंधों के संदर्भ में यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। दरअसल जिस तरह से ट्रंप ने सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट में यूरोप के प्रति खीज का प्रदर्शन किया है और भारत को 'जरूरत के साथी' के तौर पर दिखाया है, उससे साफ है कि पूरा दस्तावेज भ्रम और उलझन का गड़बड़ झाला बन गया है। दस्तावेज कुछ



निश्चित और कुछ अनिश्चित तत्वों की ओर भी संकेत कर रहा है। जहां तक अनिश्चितंता का सवाल है तो यह उनकी स्वभावगत विशेषता है और इसकी नींव ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के पहले ही दिन रख दी गई थी। ग्यारह माह की अपनी राजनीतिक यात्रा में वह इससे इंच भी इधर-उधर नहीं हुए। हां, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत को महत्पूर्ण रणनीतिक साझेदार मानना उनके प्रशासन में कुछ हद तक निश्चिता का संकेत है।

सुरक्षा रणनीति किसी देश या संगठन के राष्ट्रीय हितों की रक्षा, खतरों का सामना करने और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जाने वाली एक व्यापक योजना होती है। चूंकी सुरक्षा रणनीति में चीन को अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। इसलिए सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट में भारत-अमेरिका सहयोग को प्रमुख क्षेत्र बताया गया है। अमेरिका मानता है कि तकनीक के मोर्चे पर भारत के साथ जुड़ाव क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन के लिए महत्वपूर्ण है। यह सहयोग न केवल आर्थिक रूप से फायदेमंद होगा बल्कि भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी मददगार होगा। इसके अलावा साउथ चाइना सी (दक्षिण चीन सागर) में चीन द्वारा उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत के साथ तालमेल को महत्वपूर्ण बताया गया है। नई सुरक्षा रणनीति के दस्तावेज में इस बात का दावा भी किया गया है कि अमेरिका एक स्वतंत्र और संप्रभु गणराज्य रहेगा। अमेरिका का दायित्व अपने नागरिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा करना है। इसमें मजबूत सीमाएं, आव्रजन पर नियंत्रण और देशों के बीच सहयोग से अवैध जनसंख्या प्रवाह रोकने की बात शामिल है। समुद्री मार्गों के स्वतंत्र परिचालन के मामले में भारत और अमेरिका का समान दृष्टिकोण रहा है।

दोनों देश एक मुक्त एवं खुले और नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए समृद्ध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की वकालत करते है। कोई दो राय नहीं कि इंडो-पैसिफिक दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी और लगभग आधी जीडीपी का स्रोत होने के कारण वैश्विक रणनीति, आर्थिक शक्ति-संतुलन और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को अहम घटक बन चुका है। चीन इस क्षेत्र में प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है। सैन्य शक्ति और आर्थिक बल के जरिए चीन इसकी क्षेत्रीय व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इंडो-पैसिफिक में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए अमेरिका भारत को एक जरूरी पक्षकार मानता है। हो सकता है यह चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने की अमेरिकी रणनीति का हिस्सा हो, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका की सुरक्षा रणनीति में भारत के साथ के लिए लालायित दिखने की अमेरिकी इच्छा भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को तो मजबूत बनाती ही है। दूसरी ओर, सिक्योरटी ड्राफ्ट की शब्दावली से साफ है कि अमेरिका की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। अब ट्रंप प्रशासन भारत को अहम रणनीतिक सहयोगी के तौर पर साथ लेकर चलने के बजाए उसे केवल लेन-देन वाले राष्ट्र के तौर पर देखने लगा है। कहना गलत नहीं होगा कि सिक्योरटी ड्राफ्ट की शब्दावली में अमेरिकी आदर्शवाद को रेखांकित करने के लिए सुंदर शब्दों का तो भरपूर इस्तेमाल किया गया है लेकिन यह यथार्थ के कितने करीब है, इसका उत्तर भविष्य के गर्भ में है।

ऐसे में आशंका इस बात की है कि भारत के साथ बात कर ट्रंप प्रशासन कहीं अपने राष्ट्रीय हितों को साधने की कोशिश तो नहीं कर रहा है। अगर ऐसा है तो यह देखना भी काफी दिलचस्प होगा कि भारत का मौजूदा नेतृत्व डोनाल्ड ट्रंप के आर्थिक समीकरणों को साधकर भारत-अमेरिकी संबंधों को पुनः बाइडेन युग की ओर लौटा पाने में कितना सफल रहता है।

( लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

सुनील कुमार महला




# सतत विकास : समृद्धि और संरक्षण का साझा मार्ग !

अरावली पहाड़ियों की जिस परिभाषा को पहले सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया था, उसी पर अब रोक लगाकर नई उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति के गठन का आदेश देना स्वागत योग्य कदम है। वास्तव में, यह संकेत देता है कि पहले की रिपोर्ट को लेकर जो आम लोगों द्वारा जो आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, वे निराधार नहीं थीं। अरावली को केवल पहाड़ियों की एक भौगोलिक श्रृंखला मानना भूल होगी, क्योंकि यह उत्तर भारत के उपजाऊ मैदानों को मरुस्थलीकरण से बचाने वाली एक जीवन रेखा है। सरकारी समिति की सिफारिश पर तय की गई परिभाषा से यह आशंका पैदा हुई थी कि अरावली का बड़ा हिस्सा संरक्षण से बाहर हो सकता है, जिससे खनन और निर्माण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा मिलता। केवल यह कह देने से कि रिपोर्ट को गलत समझा जा रहा है, आम लोगों की चिंताएं दूर नहीं होतीं। आज जब देश गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब नीति निर्धारण में स्पष्टता, पारदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेना यह दर्शाता है कि उसने जनहित और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी चिंताओं को गंभीरता से समझा है। जानकारी के अनुसार अब विशेषज्ञों की समिति अलग-अलग समय की जानकारियों का अध्ययन करेगी। यानी पुरानी तस्वीरें, पुराने नक्शे और सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों की आपसी तुलना की जाएगी। इससे यह साफ होगा कि पिछले कुछ दशकों में अरावली पहाड़ियों में क्या-क्या बदलाव हुए हैं। उम्मीद है कि इस जांच से यह सच्चाई सामने आएगी कि अवैध खनन, बिना योजना के निर्माण और पेड़ों की कटाई ने इस बहुमूल्य प्राकृतिक धरोहर को कितना नुकसान पहुंचाया है। विवाद केवल 100 मीटर ऊंचाई तय करने को लेकर नहीं है। असल बात यह है कि पर्यावरण में छोटी-सी बात भी बहुत असर डालती है। किसी पहाड़ी को उसके आसपास के जंगल, पानी, मिट्टी और जीव-जंतुओं से अलग करके नहीं समझा जा सकता। अरावली को लेकर आम लोगों की कड़ी प्रतिक्रिया इसलिए आई, क्योंकि अब वहां पर्यावरण का बिगड़ना साफ दिखाई देने लगा है और उसका नुकसान सीधे लोगों को महसूस हो रहा है। इस वर्ष यानी कि वर्ष 2025 में देश के पहाड़ी राज्यों में आई विनाशकारी आपदाएं, दिल्ली-एनसीआर और मुंबई जैसे महानगरों में लगातार जहरीली होती हवा कोई अचानक घटित घटनाएं नहीं हैं, बल्कि यह वर्षों से पर्यावरण के प्रति बरती गई लापरवाही और अदूरदर्शी नीतियों का सीधा परिणाम हैं।

वास्तव में यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी गंभीर चेतावनियों के बाद भी शासन और समाज के स्तर पर पर्यावरण को लेकर अपेक्षित संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। एक ओर अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर जनआंदोलन और विरोध-प्रदर्शन हो रहे थे, वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड में हजारों एकड़ वन भूमि पर अवैध कब्जों का मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें राज्य में बड़े पैमाने पर वन भूमि पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि राज्य सरकार वन भूमि की रक्षा करने में गंभीरता नहीं दिखा रही है। कोर्ट के समक्ष आए तथ्यों के अनुसार हजारों हेक्टेयर वन क्षेत्र पर अवैध निर्माण और कब्जे हो चुके हैं, जो पर्यावरण, जैव विविधता और हिमालयी पारिस्थितिकी के लिए गंभीर खतरा हैं। अदालत ने राज्य सरकार को अतिक्रमण हटाने, नई गतिविधियों पर रोक लगाने और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं और मामले की आगे भी निगरानी की जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली से जुड़े मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर वास्तव में यह साफ व स्पष्ट संकेत दिया है कि इस विषय में गहन तथ्यान्वेषण जरूरी है। वहीं पर सरकार ने भी पूर्व आदेश की कमियों को स्वीकार किया है। केंद्र सरकार की ओर से यह सहमति जताई गई है कि अब अरावली क्षेत्र में खनन या नियमों में कोई भी बदलाव सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति से ही होगा। यहां तक कि यह भी माना गया है कि नवंबर के फैसले को लेकर कई गलतफहमियां थीं। माननीय न्यायालय का उद्देश्य विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना है। यह बात ठीक है कि आज के समय में खनन को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है, फिर भी यह सुनिश्चित करना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है कि इससे प्रकृति और मानव जीवन को खतरा न हो। अंततः, अरावली की रक्षा केवल न्यायालय या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि आम नागरिकों की सतर्कता भी उतनी ही आवश्यक है, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की अनियंत्रित लूट को रोका जा सके।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित
**दर्शन**

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

# कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित
**प्रेरणा**

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिव जी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

## वैकुंठ एकादशी



हैदराबाद में मंगलवार को चारमीनार के पास वैकुंठ एकादशी त्योहार के दौरान भक्त एक धार्मिक जुलूस में हिस्सा ले रहे हैं।

## आज की पाती

### अदालत का सही फैसला

भारत में आस्था अक्सर तर्क से बड़ी हो जाती है। यही कारण है कि यहां मंदिर के बाहर घंटियों की आवाज से ज्यादा तेज कभी-कभी सांसों की घुटन होती है, लेकिन हम सुनना नहीं चाहते। मुंबई की एक अदालत का हालिया फैसला, जिसमें सार्वजनिक स्थान पर कबूतरों को दाना डालने पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया, इसी टकराव की एक स्पष्ट और साहसी मिसाल है। यह फैसला कबूतरों के खिलाफ नहीं, बल्कि उस मानसिकता के खिलाफ है जो भावुकता के नाम पर विज्ञान, कानून और सार्वजनिक स्वास्थ्य को कुचल देती है। हमारे समाज में कबूतरों को दाना डालना पुण्य माना जाता है। लेकिन कबूतर बीमारियां भी फैलाते हैं, इस दृष्टि से यह फैसला सही लगता है। – *विवेक शर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सुधारों की रफ्तार



भारत ने सुधारों की रफ्तार पकड़ ली है! 2025 में विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं, जिन्होंने हमारी विकास यात्रा को गति प्रदान की है। ये सुधार एक विकसित भारत के निर्माण के हमारे प्रयासों को भी बल देंगे।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मूल भावना के विपरीत



यह आश्चर्य है कि पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया और उसके एजेंडे में संसद द्वारा पारित 'विकसित भारत-जी राम जी' कानून के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने की बात शामिल है। संसद में बने कानून के खिलाफ विस में प्रस्ताव पारित करना संसदीय मूल भावना के विपरीत है।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### गरीब परिवारों को फ्लैट



हमारी सरकार 2026 में 6000 से ज्यादा गरीब परिवारों को दिल्ली में अपना फ्लैट देने जा रही है। पहले चरण में सावदा घेवरा में बिजली, पानी, शौचालय जैसी सुविधाओं के साथ 2,500 गरीब परिवारों को फ्लैट की चाबी सौंपी जाएगी।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### हार्दिक संवेदनाएं



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। उनके परिवार, समर्थकों और बांग्लादेश की जनता के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर


# चीन की सेना का ताइवान के पास सैन्य अभ्यास जारी



चीन की सेना ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन ताइवान द्वीप के आसपास संयुक्त अभ्यास किया। बीजिंग ने इसे अलगाववादी और 'बाहरी हस्तक्षेप' वाली ताकतों के खिलाफ 'कड़ी चेतावनी' बताया वहीं ताइवान ने कहा कि उसने अपनी सेना को अलर्ट पर रखा है। ताइवान ने चीन की सरकार को 'शांति का सबसे बड़ा दुश्मन' करार दिया। दो दिनों तक जारी रहने वाले इन सैन्य अभ्यासों को 'जस्टिस मिशन 2025' नाम दिया गया है। चीन के ये अभ्यास ताइवान को संभावित रूप से अब तक की सबसे बड़ी अमेरिकी हथियार बिक्री पर आक्रोश व्यक्त करने और जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के उस बयान के बाद किए जा रहे हैं कि यदि चीन ताइवान के खिलाफ कार्रवाई करता है तो उनकी सेना हस्तक्षेप कर सकती है। चीन का कहना है कि ताइवान को उसके शासन के अधीन आना होगा। चीन की सेना ने सोमवार को अपने बयान में अमेरिका और जापान का नाम नहीं लिया, लेकिन विदेश मंत्रालय ने ताइवान की सत्तारूढ़ पार्टी पर अमेरिका से समर्थन मांगकर स्वतंत्रता हासिल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। मंगलवार सुबह, आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक सरकारी प्रवक्ता के हवाले से कहा कि इस दिशा में किए गए किसी भी प्रयास का 'निष्फल होना तय है'।

## ऑफ बीट

# रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?



बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# केंद्रीय मंत्री नड्डा की मौजूदगी में हुई हरियाणा की स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा से उनके नई दिल्ली स्थित कार्यालय में बैठक की। इस महत्वपूर्ण बैठक में हरियाणा में संचालित प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा केंद्र सरकार से अपेक्षित सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में टीबी मुक्त भारत/टीबी मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत राज्य के प्रदर्शन को सराहा गया। केंद्रीय मंत्री ने निक्षय पोषण योजना को और मजबूत करने, निक्षय मित्रों की भागीदारी बढ़ाने तथा एक्स-रे जांच कवरेज का विस्तार करने की सलाह दी। फरवरी माह में 100-दिवसीय टीबी अभियान को पुनः शुरू किया जाएगा, जिसमें सांसदों, विधायकों, जिला समितियों और उपायुक्तों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। दवाइयों और जांच सेवाओं में बेहतर उपलब्धता हरियाणा की आवश्यक दवा सूची (ईडीएल) में राष्ट्रीय सूची की तुलना में अधिक दवाइयाँ शामिल हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता 90 प्रतिशत से अधिक तथा कुल अणु (मॉलिक्यूल) उपलब्धता 80 प्रतिशत से ऊपर पाई गई, जिसे केंद्रीय मंत्री ने सराहनीय बताया। जांच सेवाओं की बात करें तो उप-स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर 13 प्रकार की जांच, जबकि जिला अस्पतालों में सूचीबद्ध 134 में से 108 जांचें उपलब्ध हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) भी बड़ी संख्या में जांच सेवाएं दे रहे हैं। इन सेवाओं को हब एंड स्पोक मॉडल के माध्यम से और मजबूत करने का सुझाव दिया गया।



### चिकित्सा विशेषज्ञों की उपलब्धता पर दिया जोर

बैठक में चिकित्सा विशेषज्ञों की उपलब्धता बढ़ाने और उनकी तैनाती को सुव्यवस्थित करने पर बल दिया गया। वर्तमान में हरियाणा अपने स्वास्थ्य बजट का लगभग 70 प्रतिशत वेतन पर खर्च करता है। इसे अन्य राज्यों के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से 50 प्रतिशत तक लाने के लिए युक्तिसंगत भर्ती और योजना बनाने की सलाह दी गई। ड्रग सप्लाई पोर्टल और एफडीए सुधार राज्य को सलाह दी गई कि दवा उपलब्धता पोर्टल को उप-स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक पूर्ण रूप से लागू किया जाए, ताकि आम जनता को दवाओं की उपलब्धता की जानकारी मिल सके। लंबित मैपिंग कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जानकारी दी गई कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन के तहत प्रमुख पदों पर प्रतिनियुक्ति आधारित नियुक्तियां की गई हैं तथा गुणवत्ता नियंत्रण के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित की जा रही हैं। चिकित्सा शिक्षा और पीपीपी पर फोकस भिवानी में मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेज के संचालन शुरू होने की जानकारी दी गई। केंद्रीय मंत्री ने हरियाणा में यूजी और पीजी मेडिकल सीटें बढ़ाने की सलाह दी। साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा स्थापित पीपीपी सेल के साथ समन्वय कर डायग्नोस्टिक एवं अन्य सेवाओं में साझेदारी के अवसर तलाशने को कहा गया।

## खबर संक्षेप

### लुलु मॉल पर कार्रवाई टैक्स न देने पर खाता फ्रीज




**लखनऊ।** आयकर विभाग ने लुलु मॉल का बैंक खाता फ्रीज कर दिया है। 27 करोड़ के आयकर का भुगतान न किए जाने पर यह कदम उठाया गया। देनदारी और लेनदेन से जुड़े कई दस्तावेजों की समीक्षा की गई, जिसमें कर चोरी के संकेत मिले। विभाग का कहना है कि बकाया कर राशि को लेकर कंपनी को पहले नोटिस जारी किए गए थे।

### आप का जनरल सेक्रेटरी जोशी गिरफ्तार



**सूरत।** सूरत में आप के नेता श्रवण जोशी को गिरफ्तार किया गया है। सूरत एसओजी की टीम जोशी को जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। सूरत शहर के लिंबायत इलाके में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सस्ती अनाज की दुकान के मालिक ने आप से जुड़े महामंत्री और कार्यकर्ता पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### शाह का 'मिशन बंगाल' : बंगाल में आगामी चुनाव की गरमाहट बढ़ी, सियासत पर बोले गृहमंत्री शाह

*गृह मंत्री शाह ने कोलकाता में की प्रेस वार्ता*

# चुनावी लाभ के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही ममता सरकार, इसी मुद्दे पर होगा आगामी चुनाव

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा के चुनाव को लेकर राज्यभर में सियासी गररमाहट तेज हो गई है। राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारियां भी तेज कर दी है। इसी के कारण आरोप-प्रत्यारोप भी अपने चरम पर है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस वार्ता की।

उन्होंने राज्य की टीएमसी पर जमकर निशाना साधा। घुसपैठ, भ्रष्टाचार, प्रशासन समेत कई मुद्दों को लेकर शाह ने ममता सरकार को आड़े हाथ लिया। शाह ने कहा कि ममता चुनावी लाभ के लिए बांग्लादेशियों की घुसपैठ को बढ़ावा दे रही हैं। बंगाल सरकार द्वारा हमें जमीन न दिए जाने के कारण हम बांग्लादेश सीमा की बाड़बंदी पूरी नहीं कर पाए हैं। 2026 में बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव घुसपैठ रोकने और घुसपैठियों को बाहर निकालने इन्हीं मुद्दों पर लड़े जाएंगे।

- **राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगी**
- **राज्य की ममता सरकार को लिया आड़े हाथ**
- **टीएमसी के शासन में यहां भय और भ्रष्टाचार बढ़ा**




### बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दे रही राज्य सरकार

अमित शाह ने बंगाल सरकार पर बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए राज्य सरकार जमीन नहीं दे रही, जिसकी वजह से घुसपैठ की समस्या बनी हुई है। त्रिपुरा, असम, राजस्थान, पंजाब, कश्मीर और गुजरात की सीमाओं पर घुसपैठ क्यों रुक गई, लेकिन पश्चिम बंगाल में क्यों नहीं? उन्होंने कहा कि बंगाल में राज्य सरकार की जानकारी में घुसपैठ हो रही है और इसका मकसद जनसंख्या में बदलाव कर वोट बैंक मजबूत करना है। शाह ने साफ कहा कि बंगाल सीमा से हो रही घुसपैठ देश की राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।

### बंगाल की पहचान डर और भ्रष्टाचार से हो रही

शाह ने कहा कि बंगाल के लिए आज से अप्रैल तक का समय बेहद अहम है, क्योंकि इस दौरान राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 15 साल में टीएमसी सरकार के शासन में राज्य में भय, भ्रष्टाचार और गलत प्रशासन फैला है, जिसके कारण बंगाल में आम नागरिकों में चिंता का माहौल बन गया है। शाह ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण बंगाल का विकास रुक गया है। प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याण योजनाएं यहां टोल सिंडिकेट की भेंट चढ़ गई हैं। बंगाल की पहचान डर और भ्रष्टाचार बन गई है।

### मैंने सीएम ममता को 7 बार किया आगाह, पत्र भी लिखा

शाह ने कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए उन्होंने खुद ममता को सात पत्र लिखे हैं, लेकिन राज्य सरकार अब तक जमीन नहीं दे रही है। अमित शाह ने बताया कि पिछले छह साल में गृह सचिव तीन बार बंगाल गए और राज्य के मुख्य सचिव के साथ बैठकें भी हुईं, इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने सवाल किया कि टीएमसी सरकार को जमीन देने में किस बात का डर है और क्या राज्य सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती। शाह ने आरोप लगाया कि बंगाल सरकार घुसपैठियों के दस्तावेज बना रही है, जिससे घुसपैठ लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार घुसपैठ रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है और इससे बंगाल की जनसंख्या संरचना तेजी से बदल रही है, जो बेहद चिंताजनक है।

### अगले साल बंगाल में भाजपा बनाएगी सरकार, आंकड़े भी किए पेश

शाह ने जोर दिया कि 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजापा बंगाल में दो-तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। शाह ने आंकड़े गिनाते हुए कहा कि 2014 लोकसभा चुनाव में भाजपा को 17% वोट और तीन सीटें मिलीं। 2019 लोकसभा चुनाव में वोट बढ़कर 41% और सीटें 18 हो गईं। 2021 विधानसभा चुनाव में भाजपा को 21% वोट और 77 सीटें मिलीं और 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी को 39% वोट और 12 सीटें मिलीं। जो पार्टी 2016 में सिर्फ 3 सीटों पर थी, वह 5साल में 77 सीटों तक पहुंच गई। कांग्रेस शून्य पर पहुंच गई और वाम दलों को एक भी सीट नहीं मिली।

### ममता का शाह पर बड़ा हमला

#### शकुनि का चेला दुःशासन...




केंद्रीय गृह मंत्री शाह के पश्चिम बंगाल दौरे को लेकर टीएमसी चीफ ममता बेनर्जी करारा हमला बोला है। ममता ने कहा कि शकुनि का चेला दुशासन बंगाल में जानकारी इकट्ठा करने आया है। जैसे ही चुनाव आते हैं, दुशासन और दुर्योधन दिखने लगते हैं। आज वे कह रहे हैं कि ममता बनर्जी ने जमीन नहीं दी। पेट्रापोल और अंडाल में ज़मीन किसने दी? घुसपैठिए सिर्फ़ बंगाल से ही आते हैं। अगर ऐसा है, तो क्या आपने पहलगाम में हमला किया था? दिल्ली में हुई घटना के पीछे कौन था?

#### इस बार खेला का नाम फाटाफटी होगा

ममता ने कहा कि हम बंगाल जीतेंगे और उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से देश से बाहर निकाल देंगे। चुनाव आयोग भाजपा का बड़ा दलाल है। भाजपा हमेशा नहीं रहेगी। एसआईआर की वजह से 57 लोगों की मौत हुई है, उनके नाम पर स्मृति बेदी बनाई जाएगी। मुझे गोली मार के हत्या कर दो, सारी समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन वह भी नहीं कर पाओगे। इस बार के खेला का नाम फाटाफटी होगा।

### अधीर रंजन ने पीएम से की कई मुद्दों पर चर्चा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। इस समय में यह बैठक खास अहमियत रखती है क्योंकि बंगाल में विधानसभा चुनाव अगले साल मार्च-अप्रैल में होने हैं। इस मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें बंगाल में एसआईआर को लेकर चिंताएं शामिल थीं। इसके अलावा कई राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के खिलाफ हिंसा की अलग-अलग घटनाओं पर भी बातचीत हुई। पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान कांग्रेस सांसद ने देश के अलग-अलग हिस्सों, खासकर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषा बोलने वाले लोगों पर हो रहे हमलों का मुद्दा उठाया। चौधरी ने प्रधानमंत्री से मांग की कि वे इस मामले में तुरंत दखल दें, क्योंकि ऐसे हमलों से पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक तनाव और हिंसा फैल सकती है।

# अरावली पर सुप्रीम कोर्ट के दखल से उत्साहित जयराम की तीन अन्य मामलों में भी संज्ञान लेने की गुजारिश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने पर्यावरण से जुड़े अहम मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट की सक्रिय भूमिका की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने अरावली पर्वतमाला की परिभाषा से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपने ही पूर्व फैसले को स्वतः संज्ञान लेते हुए वापस लेने को अत्यंत आवश्यक और स्वागतयोग्य कदम बताया है। जयराम रमेश ने कहा कि 20 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की परिभाषा में बदलाव से जुड़ा फैसला दिया था, जिसे मोदी सरकार ने पूरे उत्साह के साथ अपनाया था। हालांकि, अब सुप्रीम कोर्ट ने उस निर्णय को स्वयं संज्ञान लेते हुए वापस ले लिया है। उनके अनुसार, यह कदम पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

### पहला मुद्दा सरिस्का टाइगर रिज़र्व से जुड़ा

उन्होंने बताया कि 6 अगस्तको सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार और भारत सरकार द्वारा सरिस्का टाइगर रिज़र्व की सीमाओं को पुनः निर्धारित करने के प्रस्ताव पर रोक लगा दी थी। इस प्रस्ताव के जरिए लगभग 57 बंद खदानों को दोबारा खोलने का रास्ता तैयार किया जा रहा था। रमेश ने कहा कि इसे स्पष्ट रूप से खारिज किया जाना चाहिए।

**पूर्व प्रभाव से दी जाने वाली पर्यावरणीय मंजूरी** उन्होंने कहा कि 18 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही 16 मई के उस फैसले की समीक्षा का दरवाजा खोल दिया, जिसमें पूर्व प्रभाव से दी जाने वाली पर्यावरणीय मंजूरियों पर रोक लगाई गई थी। ऐसी मंजूरियां न्यायशास्त्र की मूल भावना के खिलाफ हैं और शासन व्यवस्था का मज़ाक बनाती हैं। उन्होंने कहा कि इस फैसले की समीक्षा अनावश्यक थी और किसी भी परिस्थिति में पूर्व प्रभाव से पर्यावरणीय मंजूरी नहीं दी जानी चाहिए। अक्सर कानूनों और नियमों को जानबूझकर इस भरोसे के साथ नजरअंदाज किया जाता है कि परियोजना शुरू हो जाने के बाद निर्णय प्रक्रिया को 'मैनेज' कर लिया जाएगा, जो बेहद खतरनाक प्रवृत्ति है॥

**नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से संबंधित:** जयराम ने याद दिलाया कि एनजीटी की स्थापना अक्टूबर 2010 में कानून, सुप्रीम कोर्ट के समर्थन के साथ की गई थी। लेकिन पिछले एक दशक में इसकी शक्तियों को लगातार कमजोर किया गया है। अब समय आ गया है जब कोर्ट को हस्तक्षेप कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एनजीटी बिना किसी भय या पक्षपात के, कानून के अनुसार स्वतंत्र रूप से कार्य कर सके।

### अठावले ने भाजपा पर लगाया विश्वासघात का आरोप, बीएमसी में अकेले लड़ेगी आरपीआई

# रिपब्लिकन पार्टी मुंबई में एक बहुत मजबूत पार्टी है, लेकिन भाजपा ने हमें नजरअंदाज कर दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के प्रमुख रामदास अठावले ने मंगलवार को भाजपा पर विश्वासघात का आरोप लगाते हुए बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों में अपने दम पर ताल ठोंकने का ऐलान किया है। आरपीआई को सीट बंटवारे की चर्चाओं में शामिल तक नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि पार्टी को बहुत देर से सूचित किया गया कि उसे केवल छह सीटें आवंटित की गई हैं।

अठावले ने कहा कि आरपीआई ने भाजपा को 26 सीटों की सूची सौंपी थी और उसे 14-15 सीटों के आवंटन की उम्मीद थी। उन्होंने इसे धोखा करार दिया और घोषणा की कि आरपीआई मुंबई में 38 सीटों पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी और अपने चुनाव चिन्ह का इस्तेमाल करेगी। अठावले के गठबंधन से किनारा करने से भाजपा और शिवसेना के गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने भाजपा पर पार्टी कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया है। अठावले ने कहा कि लगातार नजरअंदाज किए जाने की वजह से रिपब्लिकन पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि भाजपा और शिवसेना के गठबंधन ने आरपीआई को टिकट देने में समस्या पैदा कर दी है। रिपब्लिकन मुंबई में एक बहुत मजबूत पार्टी है लेकिन भाजपा ने हमें नजरअंदाज कर दिया है, चर्चाओं के दौरान हमें एक बार भी नहीं बुलाया गया। अगर आरपीआई को भाजपा-शिवसेना की चर्चाओं में बुलाया गया होता, तो हमें कुछ सीटें आवंटित की जा सकती थीं, सोमवार रात 2 बजे हमें बताया गया कि हमें छह सीटें दी गई हैं। अठावले ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनसे संपर्क कर आरपीआई को 6सीटें आवंटित किए जाने की जानकारी दी थी। हालांकि, अठावले ने कहा कि ये सीटें उनकी पार्टी द्वारा अनुरोधित सीटों में शामिल नहीं थीं और आरपीआई के इन निर्वाचन क्षेत्रों में कोई उम्मीदवार नहीं थे। अठावले ने कहा, नागपुर, अमरावती और औरंगाबाद जैसे कई शहरों में हमें सीटें नहीं दी गईं। नालासोपारा में हमें एक भी सीट नहीं मिली। भिवंडी में एक सीट मिली। कल्याण-डोम्बिवली में एक भी सीट नहीं दी गई। भाजपा ने कई जगहों पर आरपीआई को नजरअंदाज किया।

### बिना स्पष्ट लिखित दिशा निर्देश और प्रशिक्षण जल्दी में लागू किया

# एसआईआर प्रक्रिया पर कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल, पारदर्शिता की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न राज्यों में कराए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की है। कांग्रेस का आरोप है कि बिना स्पष्ट लिखित दिशानिर्देश, पर्याप्त प्रशिक्षण और ठोस कारण बताए एसआईआर को जल्दबाजी में लागू किया जा रहा है, जिससे आम मतदाताओं, खासकर गरीब और हाशिए पर रहने वाले वर्गों को नुकसान हो रहा है।

इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने सवाल उठाया कि चुनाव आयोग पर इतनी जल्दबाजी में प्रक्रिया पूरी करने के लिए आखिर किसका दबाव है। उन्होंने कहा कि आयोग को एसआईआर की प्रक्रिया, डीडुप्लीकेशन सॉफ्टवेयर, नए ऐप और इसके लागू होने व रोके जाने की समय-सीमा को लेकर एक स्पष्ट विवरण सार्वजनिक करना चाहिए। सेंथिल ने कहा कि एसआईआर के तहत घर-घर जाकर सत्यापन किया जाता है और मतदाता सूची को लगभग नए सिरे से तैयार करना होता है। उन्होंने बताया कि वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए उस क्षेत्र का निवासी होना जरूरी है, लेकिन इसकी कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है।



रोजगार के कारण लोगों के स्थान परिवर्तन की स्थिति में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को धरातल पर जाकर सूझबूझ से निर्णय लेना होता है। यह लंबी और जटिल प्रक्रिया पहले दो साल में पूरी होती थी, लेकिन अब इसे मात्र एक महीने में पूरा करने का दबाव बनाया जा रहा है, जिसके कारण कई बीएलओ पर अत्यधिक दबाव पड़ा है।

सेंथिल ने कहा कि मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया में मतदाताओं से एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाए जा रहे हैं, जिनके अलग-अलग नियम हैं। एक वोटर का फॉर्म आने के बाद बीएलओ द्वारा जानकारी अपडेट की जाती है और दोबारा जांच के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन इसके आगे की प्रक्रिया स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि आयोग रोज नए निर्देश ऐप के जरिये जारी कर रहा है, जिससे बीएलओ असमंजस में हैं। केवल एन्यूमरेशन फॉर्म के आधार पर निर्णय लेने से गंभीर समस्याएं पैदा होंगी। पारिवारिक रिकॉर्ड और 2002 की मतदाता सूची से मिलान जैसे नियमों का सबसे अधिक असर गरीब, प्रवासी और हाशिए पर रहने वाले लोगों पर पड़ेगा, जिनके पास आवश्यक दस्तावेज या डिजिटल मैपिंग नहीं है।

सेंथिल ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया ने देशभर में भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी हो चुकी है और इनमें 10 से 15 प्रतिशत तक वास्तविक मतदाताओं के नाम कटने की आशंका है। उन्होंने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में कुछ वर्गों के मतदाताओं के नाम चुनिंदा रूप से हटाए जाने का भी उल्लेख किया।

सेंथिल ने बिहार में एसआईआर के दौरान हुई गड़बड़ियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव तक डी-डुप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के जरिये डुप्लीकेट नामों की पहचान की जाती थी, लेकिन बिहार में इसे खामी का हवाला देकर बंद कर दिया गया, जबकि अब 12 राज्यों में इसे फिर लागू किया गया है। उन्होंने इसे चुनाव आयोग का स्पष्ट यू-टर्न बताते हुए कहा कि बिहार की मतदाता सूची में अब भी करीब 14.5 लाख डुप्लीकेट नाम मौजूद हैं।

सेंथिल ने मांग की कि चुनाव आयोग यह स्पष्ट करे कि डी-डुप्लीकेशन सॉफ्टवेयर का उपयोग कब शुरू किया गया और कब बंद किया गया तथा मतदाता सूची की विसंगतियों को दूर करने के लिए किस नए ऐप का इस्तेमाल किया जा रहा है, इसकी पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए।

# सीबीआई अदालत ने 5.75 करोड़ रुपए के बैंक घोटाले में निजी कंपनी और उसके निदेशकों को दोषी ठहराया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई की विशेष अदालत ने 5.75 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में एक निजी कंपनी और उसके चार निदेशकों को दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई है। अदालत ने कंपनी के सभी निदेशकों को पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा और जुर्माना लगाया है। सीबीआई के अधिकारिक प्रवक्ता खबर की पुष्टि करते हुए बताया, एस डी.एन. इंटरनेशनल लिमिटेड तथा उसके निदेशकों केतन ए. शाह, मुकेश ए. शाह, अश्विन एच. शाह और रश्मिकांत शाह को सीबीआई अदालत ने दोषी पाया। सभी निदेशकों को पांच वर्ष का कठोर कारावास और चार-चार लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। वहीं, आरोपी कंपनी पर भी चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### वर्ष 1999-2000 का है मामला

सीबीआई के अनुसार, यह मामला वर्ष 1999-2000 का है। उस दौरान आंध्र बैंक की चेन्नई स्थित माउब्रेय्स रोड शाखा के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों ने आरोपी कंपनी के साथ आपराधिक साजिश रचते हुए बैंक के नियमों की अनदेखी की। कंपनी को ऋण सुविधाएं अनुचित तरीके से मंजूर की गईं।

#### ऋण राशि का दुरुपयोग

जांच में सामने आया कि हीरा निर्माण, प्रसंस्करण और निर्यात से जुड़ी यह कंपनी स्वीकृत ऋण राशि का उपयोग तय उद्देश्यों के लिए नहीं कर रही थी। आरोपियों ने बैंक से प्राप्त धनराशि को अन्यत्र डायवर्ट कर दिया, जिससे आंध्र बैंक को 5.75 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ ।

#### 2002 में मामला दर्ज

सीबीआई ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर 19 फरवरी 2002 को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। विस्तृत जांच के बाद 7 मई 2004 को सीबीआई ने चेन्नई स्थित विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। इस मामले में कुल 11 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

#### अदालत का फैसला

अदालत ने सुनवाई के बाद पांच आरोपियों को दोषी ठहराया। वहीं, तीन आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया, जबकि तीन आरोपियों की मृत्यु हो जाने के कारण उनके खिलाफ कार्यवाही समाप्त कर दी गई।

#### सीबीआई की सख्ती का संदेश

यह फैसला बैंकिंग प्रणाली में भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के मामलों में सीबीआई की सख्त कार्रवाई और न्यायिक प्रक्रिया की मजबूती को दर्शाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय बैंक धोखाधड़ी में शामिल लोगों के लिए एक कड़ा संदेश है।




## 2025 में रहा नारी शक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन

# भारतीय महिला खिलाड़ियों ने हर खेल में छोड़ी अपनी अमिट छाप

नई दिल्ली। चाहे वह क्रिकेट के मैदान की गहमागहमी हो या मुक्केबाजी का क्रूर रिंग, या फिर शतरंज के बोर्ड पर दिमागी खेल हो या निशानेबाजी और तीरंदाजी में सटीक लक्ष्य लगाना, वर्ष 2025 में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने प्रत्येक खेल में अपनी खास छाप छोड़ी।

### दिव्या बनीं भारत की पहली महिला विश्व कप विजेता



शतरंज में 19 वर्षीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख भारत की पहली महिला विश्व कप विजेता बनीं। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली क्रिकेट टीम ने मुश्किल दौर से उबरकर और सोशल मीडिया पर हो रहे ताने-बाने को नजरअंदाज करते हुए महिला वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचा।



### दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम बनीं विश्व चैंपियन

भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम भी श्रीलंका से विश्व चैंपियन बनकर लौटी। मुक्केबाजी में जैस्मीन लैंबोरिया और मीनाक्षी हुडा ने विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर मनोबल बढ़ाया। भारोत्तोलन में मीराबाई चानू की श्रेष्ठता को इस साल भी कोई चुनौती नहीं दे सका।

### पहलवान अंतिम पंघाल ने किया शानदार प्रदर्शन

कुश्ती में महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने यह सुनिश्चित किया कि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत का निराशाजनक प्रदर्शन ही इस वर्ष चर्चा का एकमात्र विषय न हो। अंतिम ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, जो इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस साल कुश्ती डोपिंग विवादों और कुछ पहलवानों के अधिक वजन वर्ग के कारण प्रतियोगिताओं से बाहर होने के लिए अधिक चर्चा में रही थी।




### सुरुचि सिंह ने जीता विश्व कप में गोल्ड

निशानेबाजी में 19 वर्षीय सुरुचि सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में तीन व्यक्तिगत पदकों सहित चार विश्व कप स्वर्ण पदक जीतकर उस स्पर्धा में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई।




### तीरंदाज शीतल देवी बनीं बिना हाथ वाली पहली पैरा विश्व चैंपियन



फुटबॉल के मैदान पर जहां पुरुष टाम एक के बाद एक झटके झेलती रही, वहीं महिला टीम ने अगले साल के एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करके आशा की किरण जगाई। तीरंदाजी में 18 वर्षीय शीतल देवी न केवल बिना हाथ वाली पहली पैरा विश्व चैंपियन बनीं।

---

## खबर संक्षेप



### सारिना विगमैन को मिला डेमहुड सम्मान

**लंदन।** इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच सारिना विगमैन को मानद डेमहुड से सम्मानित किया गया है। किंग चार्ल्स तृतीय की तरफ से नए साल के अवसर पर सम्मानित होने वाले व्यक्तियों की सूची में नीदरलैंड की रहने वाली 56 वर्षीय कोच विगमैन का नाम भी शामिल है। विगमैन के कोच रहते हुए इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम ने इस साल गर्मियों में लगातार दूसरी बार यूरो कप का खिताब जीता था। इसके अलावा टीम उनकी अगुवाई में 2023 में विश्व कप के फाइनल में भी पहुंची थी। विगमैन ने कहा, 'जब मैं पहली बार इंग्लैंड आई थी, तो मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि मुझे इतना सम्मान और स्नेह मिलेगा।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने दी प्रो लीग बहिष्कार की धमकी



**लाहौर।** पाकिस्तान की हॉकी टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने पूरा वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए फरवरी में होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण का बहिष्कार करने की धमकी दी है। इन खिलाड़ियों ने आरोप लगाया है कि उन्हें इस महीने की शुरुआत में खेले गए मैचों के लिए पूरा दैनिक भत्ता नहीं दिया गया है। राष्ट्रीय पुरुष टीम के कम से कम दो सदस्यों ने पुष्टि की कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) को स्पष्ट संदेश भेज दिया गया था कि यदि वित्तीय मुद्दों का समाधान नहीं किया गया तो कई खिलाड़ी एफआईएच प्रो लीग के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

### दिल्ली की आद्या कत्याल को जूनियर ट्रैप का स्वर्ण

**नई दिल्ली।** दिल्ली की किशोरी आद्या कात्याल ने मंगलवार को यहां कर्णी सिंह रेंज में राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में जूनियर महिला ट्रैप स्पर्धा का खिताब जीता। पंद्रह साल की आद्या ने 42 हिट के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश की सबीरा हारिस 41 हिट के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। तमिलनाडु की तनिष्का सेंथिलकुमार ने 28 हिट के साथ कांस्य पदक जीता। आद्या ने इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में 112 निशानों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और फिर फाइनल में इस फॉर्म को बरकरार रखा। दिल्ली की भाव्या त्रिपाठी क्वालीफिकेशन में 110 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।


---

# हरमनप्रीत कौर के अर्धशतक से भारत जीता श्रीलंका को 5-0 से हराकर किया सूपड़ा साफ

## श्रीलंका को 15 रन से पांचवां मैच हराया

तिरुवनंतपुरम ▶▶ भाषा

कप्तान हरमनप्रीत कौर के जुझारू अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां श्रीलंका को 15 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से क्लीनस्वीप किया। भारत ने किसी द्विपक्षीय श्रृंखला में स्वदेश में पहली और कुल तीसरी बार 5-0 से किसी टीम का सूपड़ा साफ किया है। श्रीलंका को पहली बार इस अंतर से हार का सामना करना पड़ा है। भारत के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम हसिनी परेरा (65 रन, 42 गेंद, आठ चौके, एक छक्का) और इमेशा दुलानी (50 रन, 39 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और दोनों के बीच दूसरे विकेट की 79 रन की साझेदारी के बावजूद सात विकेट पर 160 रन ही बना सकी। भारत की तरफ से दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, वैष्णवी शर्मा, श्री चरणी और अमनजोत कौर ने एक-एक विकेट चटकाया। हरमनप्रीत ने 43 गेंद में नौ चौकों और एक छक्के से 68 रन की पारी खेलने के अलावा अमनजोत (21) के साथ छठे विकेट के लिए 61 रन जोड़कर भारत को सात विकेट पर 175 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। अरुंधति ने अंत में 11 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 27 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से कविशा (11 रन पर दो विकेट), कप्तान अटापट्टू (21 रन पर दो विकेट) और रश्मिका (42 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे श्रीलंका ने दूसरे ओवर में ही कप्तान चामरी (02) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने अरुंधति की गेंद पर दीप्ति को कैच थमाया।




हरमनप्रीत

---

विमेंस टी-20 रैंकिंग

# शेफाली को चार पायदान का फायदा; 10वें नंबर पर जेमि





एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। 21 वर्ष की शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में दूसरे मैच में 34 गेंद में नाबाद 69, तीसरे मैच में 42 गेंद में 79 और चौथे में 46 गेंद में 79 रन बनाए। चौथे टी20 में 80 रन बनाने वाली उपकप्तान स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि जेमिमा रौड्रिग्स एक पायदान खिसककर 10वें स्थान पर हैं।

### शीर्ष पर काबिज दीप्ति

अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं जबकि रेणुका सिंह ठाकुर शीर्ष दस में पहुंच गई है। तीसरे मैच में चार विकेट लेने वाली रेणुका आठ पायदान चढ़कर संयुक्त छठे स्थान पर हैं। भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी 17 पायदान चढ़कर 52चें और वैष्णवी शर्मा 390 पायदान चढ़कर 124वें स्थान पर है । श्रीलंका के लिए खब्बू सलामी बल्लेबाज हसिनी परेरा 114 पायदान चढ़कर 71वें स्थान पर पहुंच गई हैं।



### ब्रैडमैन की बैगी ग्रीन कैप की होगी नीलामी

**सिडनी।** बल्लेबाज सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने भारत के 1947-48 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान जो बैगी ग्रीन कैप पहनी थी उसकी अगले महीने नीलामी की जाएगी। ब्रैडमैन ने उस श्रृंखला के दौरान भारतीय ऑलराउंडर श्रीरंगा वासुदेव सोहोनी को कैप उपहार में दी थी। वह एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दौरा था। ब्रैडमैन के युग की बची हुई अधिकांश बैगी ग्रीन कैप विभिन्न संग्रहालयों या निजी संग्रहों में रखी गई हैं लेकिन इस कैप को कभी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया गया या बिक्री के लिए नहीं रखा गया।

#### क्रिकेट इतिहास की वास्तविक वस्तु

एएपी के अनुसार यह कैप 75 वर्षों से अधिक समय से लगातार एक ही परिवार के स्वामित्व में रही है। लॉयड्स ऑक्शंस के ली हेम्स ने कहा, 'यह क्रिकेट इतिहास की एक वास्तविक वस्तु है, जिसे सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने व्यक्तिगत रूप से उपहार में दिया था।' ब्रैडमैन के युग के टेस्ट क्रिकेटर प्रत्येक श्रृंखला के लिए अलग-अलग कैप पहनते थे। इस कैप की सार्वजनिक नीलामी की जाएगी।

---

### पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मुख्य कोच अजहर महमूद को हटाया

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टेस्ट टीम के मुख्य कोच अजहर महमूद से उनके अनुबंध की समाप्ति से तीन महीने पहले ही अलग होने का फैसला किया है। पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर अजहर का अनुबंध मार्च 2026 तक था, लेकिन उन्हें समय से पहले ही हटा दिया गया है। पाकिस्तान अपना अगला टेस्ट मैच मार्च 2026 में खेलेगा। बोर्ड के सूत्र ने बताया, 'अजहर का अनुबंध मार्च में समाप्त हो रहा है और पाकिस्तान की टीम का टेस्ट दौरा मार्च 2026 से शुरू होगा, इसलिए बोर्ड नए मुख्य कोच के लिए अपनी रणनीति अभी से तैयार करना चाहता है।' अजहर का बोर्ड के साथ दो साल का अनुबंध था। उन्हें पिछले साल टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। सूत्रों के अनुसार पीसीबी ने टेस्ट टीम के लिए नए मुख्य कोच की तलाश शुरू कर दी है और सहायक स्टाफ में भी फेरबदल हो सकता है।



## एसए20: सनराइजर्स ईस्टर्न को लगातार मिले बोनस अंक, डीकॉक ने खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶ गक्बेरहा

आक्रामक बल्लेबाज क्विंटन डीकॉक ने 47 गेंदों में 77 रन की तूफानी पारी खेली, जिससे सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रिटोरिया कैपिटल्स को 48 रन से हराकर बोनस अंक हासिल किया। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 188 रन बनाए। कैपिटल्स की टीम इसके जवाब में 18 ओवर में 140 रन पर आउट हो गई। सनराइजर्स ने लगातार दूसरे मैच में बोनस अंक हासिल किया और उसके अब 10 अंक हो गए हैं।



कैपिटल्स की टीम दो मैचों के बाद भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। डीकॉक ने अपनी पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाए। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो के जल्दी आउट होने के बाद मैथ्यू ब्रीत्जके (33 गेंदों में 52 रन, सात चौके, एक छक्का) के साथ 70 गेंदों में 116 रन की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा शानदार फॉर्म में चल रहे जॉर्डन हरमन (20 गेंदों में 37 रन, पांच चौके, एक छक्का) ने भी उपयोगी योगदान दिया। सनराइजर्स के मार्को यानसन, एडम मिल्ने और एनरिक नोर्किया की तेज गेंदबाजी की तिकड़ी ने इसके बाद कैपिटल्स के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया। कैपिटल्स की तरफ से विल स्मीड ने 35 और शाई होप ने 36 रन बनाए। सनराइजर्स की तरफ से मिल्ने ने 25 रन देकर चार विकेट लिए।

### डब्ल्यूपीएल खेलने से एलीसे-एनाबेल ने किया इनकार

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की हरफनमौला एलिस पेरी और दिल्ली कैपिटल्स की अनाबेल सदरलैंड ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से अपना नाम वापस ले लिया।

---

## कार्लसन को हराया, हासिल किए 10 अंक

# विश्व ब्लिट्ज : एरिगैसी ने खेला मजबूत एंडगेम

एजेंसी ▶▶ दोहा

भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने अपने मजबूत एंडगेम और त्वरित गणना करने के कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के पहले दिन संयुक्त बढ़त हासिल की।

इसके बाद एरिगैसी ने एक अन्य शीर्ष ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को भी हराया और तीन अन्य गेम ड्रॉ किए। इस तरह से एरिगैसी ने पहले दिन 10 अंक हासिल किए और वह मैक्सिम वाचियर लाग्रेव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।




### कार्लसन ने मेज पर मारकर बुरी तरह हिलाया

एरिगैसी ने शानदार खेल दिखाया जबकि कार्लसन को नौवें दौर में तनावपूर्ण एंडगेम में हार का सामना करना पड़ा। एरिगैसी के पास सिर्फ नौ सेकंड जबकि कार्लसन के पास तीन सेकंड बचे थे। नॉर्वे का खिलाड़ी जैसे ही रानी को चलने वाला था, मोहरा उनके हाथ से फिसलकर मेज से बाहर जा गिरा। संयोग से तब अलेक्जेंडर ग्रिशुक वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने जल्दी से रास्ते से हटने की कोशिश की। जब तक कार्लसन ने अपनी रानी उठाई और उसे वापस बोर्ड पर रखा, तब तक उनका समय समाप्त हो चुका था।

### खेले जाएंगे छह और राउंड

शीर्ष पर काबिज खिलाड़ियों से ठीक पीछे छह खिलाड़ी हैं, जिनके समान 9.5 अंक हैं। विश्व ब्लिट्ज 2024 के सह-चैंपियन कार्लसन और इयान नेपोम्नियाची के संभावित 13 में से नौ अंक हैं। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए छह और राउंड खेले जाएंगे, जिसके बाद फाइनल होगा।

### हम्पी 61वें स्थान पर खिसकी

इस बीच महिला वर्ग में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरु हम्पी रविवार को रैपिड वर्ग में कांस्य पदक जीतने के दौरान दिखाए गए अपने प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकीं और 10 राउंड के बाद संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर खिसक गईं। उनका दिन पांच अंकों के साथ समाप्त हुआ, जहां उनके साथ चीन की ग्रैंडमास्टर टैन झोंगयी भी हैं। महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख छह अंकों के साथ संयुक्त रूप से 30वें स्थान पर हैं जबकि ग्रैंडमास्टर डी हरिका और आर वैशाली के समान 5.5 अंक हैं। महिला वर्ग में पांच और राउंड खेले जाएंगे, जिनमें से शीर्ष चार खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेंगे और उसके बाद फाइनल होगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)/
(84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हर्ष ढींगरा पुत्र महेन्द्र पाल पताः मकान नं डब्लूजेड–275ए श्री नगर रानी बाग शकूरबस्ती, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 118/2010 धारा 379/411/482/34 भा.द.स. के तहत** थानाः साउथ रोहिणी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हर्ष ढींगरा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हर्ष ढींगरा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 118/2010 धारा 379/411/482/34 भा.द.स. के तहत थाना साउथ रोहिणी, नई दिल्ली के उक्त हर्ष ढींगरा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रितिका जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं.105, नॉथ वेस्ट
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16225/RD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1.राज कुमार पुत्र** बन्ध राम, **निवासः** A-68, गली नं. 1, छज्जूपुर, वेलकम, दिल्ली **2.आमिर पुत्र** अहसान, **निवासः** 64, गली नं. 8, कर्दमपुरी, वेलकम, दिल्ली ने **FIR No. 98/2022 U/s 12/9/55 Gambling Act. थानाः वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उनहोंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1.राज कुमार 2.आमिर** मिल नही रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1.राज कुमार 2.आमिर** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 98/2022 U/s 12/9/55 Gambling Act. थानाः वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1.राज कुमार 2.आमिर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिपांशी राणा
जेएमएफसी-03, प्रथम तल, कमरा नं. 19
कड़कड़डूमा कोर्ट, शाहदरा, दिल्ली

DP/17543/NE/2025
(Court Notice)




### श्रीलंकाई राजदूत ने जताया आभार

# दितवाह से निपटने में भारत ने की बहुत मदद, पीएम मोदी का नेतृत्व शानदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*श्रीलंका के साथ भारत की लंबे समय से चली आ रही साझेदारी के बारे में कोलोन ने कहा कि भारत निश्चित रूप से बार-बार श्रीलंका के भरोसेमंद और अच्छे साझेदार के तौर पर उभरा है। श्रीलंका के लोग भारत को एक भरोसेमंद पार्टनर के रूप में देखते हैं, ऐसा जो हमारे लिए खड़ा है और पहले भी लगातार खड़ा रहा है*

भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन ने भारत और पीएम नरेंद्र मोदी के शानदार नेतृत्व की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि जब कभी श्रीलंका पर संकट आया तब भारत ने सबसे पहले हमारी मदद की। उन्होंने हाल ही में आए चक्रवात दितवाह के दौरान भारत की मदद के लिए भी आभार जताया। कोलोन ने कहा कि पीएम मोदी का नेतृत्व शानदार है। हम उन्हें ग्लोबल साउथ और अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक अहम आवाज के तौर पर देखते हैं।

*पीएम मोदी ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज*

*भारत हमारे पुनर्निर्माण और रिकवरी के अगले फेज में साथ*

### भारत मुश्किल समय में हमेशा श्रीलंका के साथ खड़ा रहा


भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन

श्रीलंकाई राजदूत ने कहा कि पीएम मोदी न सिर्फ श्रीलंका या एशिया में बल्कि वैश्विक रूप से एक बहुत सम्मानित नेता हैं। श्रीलंका के लोग उन्हें अपना प्यारा दोस्त मानते हैं, एक ऐसा दोस्त जो मुश्किल समय में हमेशा श्रीलंका के साथ खड़ा रहा है। पुरानी बुरी घटनाओं को याद करते हुए कोलोन ने कहा कि अप्रैल 2019 में ईस्टर संडे हमलों के दौरान जब श्रीलंका बिखर गया था और यात्रा संबंधी एडवाइजरी जारी की गई थी, तब भी पीएम मोदी ने छह हफ्तों के अंदर श्रीलंका का दौरा किया। उससे हमारे पर्यटन को फिर से शुरू करने और हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में बहुत मदद मिली थी।

### भारत सबसे पहले मदद के लिए आगे आया

श्रीलंकाई राजदूत कोलोन ने चक्रवात दितवाह के दौरान भारत की भूमिका के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हाल ही में जब श्रीलंका भीषण प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा था तब भी भारत सबसे पहले मदद के लिए आगे आया। बचाव ऑपरेशन, राहत और मेडिकल मदद के दौरान, भारत ने हेलीकॉप्टर तैनात किए, राहत सप्लाई भेजी और डॉक्टरों को भेजा, जिससे हमें कई तरह से मदद मिली। भारत हमारे पुनर्निर्माण और रिकवरी के अगले फेज में साथ खड़ा रहा है और ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

### बेसिक सर्विस और कनेक्टिविटी शुरू की

उन्होंने कहा कि अब साइक्लोन गुजर चुका है। राहत और बचाव का काम अब बंद हो गया है। भारत के प्रयासों से बेसिक सर्विस और कनेक्टिविटी फिर से शुरू हो गई है और जैसा कि आप शायद जानते हैं भारत ने श्रीलंका को काफी मदद दी है। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सागर बंधु तब शुरू हुआ जब साइक्लोन का असर खत्म नहीं हुआ था; अब हम अगले फेज में चले गए हैं। श्रीलंका सरकार ने इमरजेंसी फंडिंग जारी कर दी है।

### भारत श्रीलंका का भरोसेमंद साझेदार

श्रीलंका के साथ भारत की लंबे समय से चली आ रही साझेदारी के बारे में कोलोन ने कहा कि भारत निश्चित रूप से बार-बार श्रीलंका के भरोसेमंद और अच्छे साझेदार के तौर पर उभरा है। श्रीलंका के लोग भारत को एक भरोसेमंद पार्टनर के रूप में देखते हैं, ऐसा जो हमारे लिए खड़ा है और पहले भी लगातार खड़ा रहा है।

### जल्द शुरू होगी एफटीए पर बात

उन्होंने ट्रेड रिलेशन पर भी बात की। कोलोन ने कहा कि भारत और श्रीलंका ने 1998 में एक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया था। यह दोनों देशों के बीच पहला फ्री ट्रेड एग्रीमेंट था। तब से, हमारी ट्रेड पार्टनरशिप बढ़ी है। अब, श्रीलंका के लिए भारत सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है, लेकिन एफटीए को अपग्रेड करने की जरूरत है। हमें उम्मीद है कि इस पर जल्द ही बातचीत शुरू होगी।

## खबर संक्षेप

### सुरक्षा कारणों से जम्मू में वीपीएन प्रतिबंधित



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई जिलों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) के इस्तेमाल पर बैन लगा दिया है, क्योंकि सुरक्षा बलों ने यह सुनिश्चित करने के लिए सेल फोन सर्विलांस बढ़ा दिया है कि बैन के आदेश का उल्लंघन न हो। घाटी के कुपवाड़ा, कुलगाम और शोपियां जिले वीपीएन बैन लगाने वाले नए जिले हैं, जिन्होंने आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का आदेश दिया है।

### मीरा स्याल ब्रिटेन में 'डेमहुड' से सम्मानित



**लंदन।** प्रसिद्ध ब्रिटिश-भारतीय कलाकार मीरा स्याल लंदन में मंगलवार को जारी उन ब्रिटिश-भारतीयों की सूची में शामिल हैं, जिन्हें महाराजा चार्ल्स तृतीय ने नव वर्ष पर विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया है। स्याल को 'डेमहुड' की उपाधि से नवाजा गया है। लंदन में रहने वाली हास्य कलाकार, लेखिका, अभिनेत्री और फिल्म निर्माता को साहित्य, नाटक और परोपकार के क्षेत्र में सेवाओं के लिए 'डेम मीरा' की उपाधि से सम्मानित किया गया है।

### कट्टरपंथियों के दबाव में यूनुस सरकार, बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

# कारखाने में साथी ने ही मारी गोली आरोपी बोला: मैं मजाक कर रहा था

*2 हफ्ते में तीसरी घटना*

एजेंसी ▶▶ ढाका

*पुलिस स्टेशन के इंचार्ज मोहम्मद जाहिदुल इस्लाम ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और घटना में इस्तेमाल की गई शॉटगन ज़ब्त कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मैमनसिंह मेडिकल*

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस कथित तौर पर कट्टर इस्लामी एजेंडों को बढ़ावा दे रहे हैं या उन्हें सक्षम बना रहे हैं। अधिकारी ऐसे चरमपंथी समूहों जैसे जमात-ए-इस्लामी और हिज्ब-उत-तहरीर के प्रभाव में काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में एक फैक्ट्री के अंदर सिक्योरिटी ड्यूटी पर तैनात एक हिंदू गारमेंट वर्कर को उसके साथ काम करने वाले मजदूर ने गोली मार दी। इससे हिंदू वर्कर की मौके पर ही मौत हो गई।

यह पिछले दो हफ्तों में तीसरी ऐसी घटना है, जब किसी हिंदू की हत्या हुई है। यह घटना सोमवार को शाम करीब 6.45 बजे भालुका उपजिला इलाके में लबीब ग्रुप की गारमेंट यूनिट सुल्ताना स्वेटर्स लिमिटेड में हुई। पीड़ित की पहचान 42 साल के बजेंद्र बिस्वास के रूप में हुई है। वहीं, गोली मारने वाला आरोपी 29 साल का नोमान मिया है। पुलिस ने आरोपी नोमान मिया को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बातचीत के दौरान चला दी गोली, फैक्ट्री के अंदर ही अंसार बैरक में रह रहे थे

गोली बिस्वास की बाईं जांघ में लगी स्थानीय अस्पताल में मृत घोषित

### अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था बिस्वास


अस्पताल में मृतक के परिजन

*पुलिस के मुताबिक, दोनों आदमी फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे। ये दोनों फैक्ट्री के अंदर ही अंसार बैरक में रह रहे थे। बातचीत के दौरान, नोमान मिया ने कथित तौर पर मजाक में या हल्के-फुल्के अंदाज में बिस्वास पर सरकारी शॉटगन तान दी। कुछ ही देर बाद हथियार से गोली चल गई, और गोली बिस्वास की बाईं जांघ में लगी। बिस्वास को तुरंत भालुका उपजिला हेल्थ कॉम्प्लेक्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि जिस तरह से बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं, इस मामले को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं कि क्या मजाक में गोली चली या इसके पीछे कोई साजिश थी? मृतक बजेंद्र बिस्वास सिलहट सदर के कादिरपुर गांव के रहने वाले थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य बताए जा रहे हैं।*

### इस्लामी एजेंडों का बढ़ावा दिया जा रहा

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस कथित तौर पर कट्टर इस्लामी एजेंडों को बढ़ावा दे रहे हैं या उन्हें सक्षम बना रहे हैं। सरकार में मंत्री और अधिकारी ऐसे चरमपंथी समूहों जैसे जमात-ए-इस्लामी और हिज्ब-उत-तहरीर के प्रभाव में काम कर रहे हैं, यह सोमवार को प्रकाशित एक मानवाधिकार रिपोर्ट में कहा गया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि कट्टरपंथी मंच 'इंक़िलाब मंच' के प्रवक्ता शरिफ उस्मान हादी की हत्या ने यूनुस नेतृत्व वाली सरकार की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार को इस घटना से लाभ होने की आशंका जताई जा रही है।

### कानूनी कार्रवाई जारी

संबंधित पुलिस स्टेशन के इंचार्ज मोहम्मद जाहिदुल इस्लाम ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और घटना में इस्तेमाल की गई शॉटगन जब्त कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मैमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि कानूनी कार्रवाई चल रही है। इस हत्या से भालुका इलाके में तनाव बढ़ गया है।

### 18 दिसंबर को दीपू दास की भी हुई थी हत्या

यह घटना अकेली नहीं है। इससे महज 11 दिन पहले, 18 दिसंबर को इसी भालुका इलाके में दीपू चंद्र दास नामक हिंदू युवक को कथित तौर पर पीट-पीटकर, निर्वस्त्र कर और जिंदा जलाकर मार डालने की घटना सामने आई थी। इन लगातार घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या बांग्लादेश के औद्योगिक और ग्रामीण इलाकों में हिंदू अब सुरक्षित हैं?

### कहा- यूएई से हथियारों की खेप आ रही थी

## यूएई का यमन के मुकाला पोर्ट पर हवाई हमला, यमन में 90 दिन की इमरजेंसी



एजेंसी ▶▶ रियाद

खाड़ी के दो ताकतवर देशों सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच तनाव बढ़ गया है। सऊदी अरब ने मंगलवार सुबह यमन में मुकाला पोर्ट पर बमबारी की है। सऊदी अरब का दावा है कि यूएई के पूर्वी तट के एक बंदरगाह शहर फुजैरा पोर्ट से आए दो जहाजों से यहां हथियार और सैन्य वाहन मुकाला उतारे जा रहे थे। इन जहाजों के ट्रैकिंग सिस्टम बंद थे। सऊदी अरब का कहना है कि ये हथियार सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल (एसटीसी) नाम के अलगाववादी गुट को दिए जा रहे थे, जो कि शांति और स्थिरता के लिए खतरा बन सकते थे। इसलिए 'कोलिशन एयर फोर्सेस' ने सीमित हवाई हमला कर हथियारों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया। हमला रात में किया गया ताकि आम लोगों को नुकसान न पहुंचे।

### आरोप हैरान करने वाले: यूएई

यूएई ने जहाजों में हथियार होने के दावे से इनकार किया है। यूएई ने कहा कि सऊदी के आरोप हैरान करने वाले हैं। जिन सैन्य वाहनों की बात की जा रही है, वे यमन में तैनात अमीराती सेना के लिए थे। इन्हें सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन से बातचीत के बाद भेजा गया था। यूएई ने इन वाहनों को लेकर किए गए हवाई हमलों पर भी आश्चर्य जताया। साथ ही सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। सऊदी अरब और यूएई पिछले 10 साल से यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ रहे हैं लेकिन वे वहां अलग-अलग गुटों का समर्थन करते हैं। एसटीसी एक सशस्त्र अलगाववादी संगठन है, जिसे यूएई का समर्थन प्राप्त है। उसका का मकसद यमन को उत्तर और दक्षिण दो अलग देशों में बांटना है। इसके बाद वह दक्षिणी यमन में अलग सरकार बनाना चाहता है।

### यमन ने यूएई से डिफेंस डील रद्द की

मुकाला पर हुए हवाई हमले के बाद यमन सरकार ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ किया गया रक्षा समझौता रद्द कर दिया है। यमन की प्रेसिडेंशियल लीडरशिप काउंसिल के प्रमुख रशाद अल-अलीमी ने घोषणा की कि देश में मौजूद यूएई की सेनाओं को 24 घंटे के भीतर यमन छोड़ना होगा। इसके साथ ही सरकार ने हालात पर नियंत्रण के लिए 72 घंटे की हवाई, थल और समुद्री नाकाबंदी लागू करने और 90 दिनों के लिए आपातकाल घोषित करने का फैसला किया है। वहीं, यूएई ने कहा कि उसे दिए गए अल्टीमेटम के बाद वह यमन में तैनात अपने शेष बलों को वापस बुला लेगा

### लद्दाख भूमि रिकॉर्ड वेब पोर्टल लॉन्च

## सुशासन और डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम: एलजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता

लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर कविंदर गुप्ता ने राजस्व विभाग द्वारा लद्दाख भूमि रिकॉर्ड वेब जीआईएस पोर्टल लॉन्च किया है। यह नागरिकों को सरल, पारदर्शी और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ सुशासन और डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उपराज्यपाल कविंदर ने कहा कि पोर्टल का लॉन्च सुशासन और डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भूमि रिकॉर्ड किसी भी प्रशासन की आधारशिला होते हैं, जिसमें स्पष्ट, अद्यतन और प्रामाणिक रिकॉर्ड नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ विकास योजना और नीतिगत निर्णय लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लद्दाख में भूमि रिकॉर्ड को प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली के माध्यम से आधुनिक बनाया जा रहा है ताकि जनता सीधे इस अभ्यास से लाभान्वित हो सके। ऑनलाइन पहुंच प्रदान करेगा, कार्यालयों में बार-बार जाने की आवश्यकता को कम करेगा, पारदर्शिता बढ़ाएगा, विवादों को कम करेगा और प्रशासन में लोगों का विश्वास मजबूत करेगा।

उन्होंने कहा कि यह पहल लद्दाख के लोगों के प्रति केंद्र सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है और पीएम नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया, जीवन की सुगमता और समावेशी विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप है, यह सुनिश्चित करते हुए कि दूरदराज और सीमावर्ती क्षेत्रों को आवश्यक बुनियादी ढांचा और नागरिक-केंद्रित सेवाएं मिलें।

### वीडियो एडिटिंग कंपनी कपविंग की नई रिपोर्ट में बड़ा दावा

# यूट्यूब पर हर पांचवा वीडियो नकली, बढ़ा 'ब्रेन-रॉट' का खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओपनएआई के सोरा और गूगल के विओ जैसे टूल्स ने एआई वीडियो बनाना बेहद आसान कर दिया है। इसी का नतीजा है कि यूट्यूब पर अब बड़ी संख्या में ऐसे वीडियो दिखने लगे हैं, जिन्हें एआई स्लॉप या ब्रेनरॉट कंटेंट कहा जा रहा है। वीडियो एडिटिंग कंपनी कपविंग की नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यूट्यूब पर मौजूद करीब 21 प्रतिशत कंटेंट इसी श्रेणी में आते हैं।

कोरियाई एआई स्लॉप चैनलों को करीब 8.25 अरब व्यूज

पाक चैनलों को 5.34 अरब अमेरिका को 3.39 अरब व्यूज

### स्टडी में 500 में से 104 एआई वीडियो नकली




कपविंग ने एक नया यूट्यूब अकाउंट बनाकर यह जांच की कि बिना किसी पुराने डेटा या पसंद के एल्गोरिदम कैसा कंटेंट दिखाता है। इस टेस्ट में शुरुआती 500 शॉर्ट्स वीडियो देखे गए। पहले 16 वीडियो में एआई स्लॉप नहीं दिखा, लेकिन कुल मिलाकर 500 में से 104 वीडियो पूरी तरह एआई से जनरेट पाए गए।

### एआई कंटेंट कंज्यूम करने में दक्षिण कोरिया सबसे आगे

एआई स्लॉप देखने में दक्षिण कोरिया सबसे आगे है। वहां के टॉप एआई जनरेटेड कंटेंट बनाने वाले चैनलों को अब तक करीब 8.25 अरब व्यूज मिल चुके हैं। दक्षिण कोरिया का सबसे बड़ा स्लॉप चैनल थ्री मिनिट्स विसडम अकेले ही 2.02 अरब व्यूज हासिल कर चुका है, जिसमें पालतू जानवर से जंगली जानवरों को हराते दिखाए जाते हैं।

### पाकिस्तान और अमेरिका भी पीछे नहीं

*इस सूची में पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है, जहां टॉप स्लॉप चैनलों को 5.34 अरब व्यूज मिले हैं। अमेरिका तीसरे नंबर पर रहा, जहां ऐसे चैनलों को कुल 3.39 अरब व्यूज मिले। अमेरिका का टॉप स्लॉप चैनल क्यूनटोस फेसीएनटेस 1.28 अरब व्यूज जुटा चुका है और इससे क्रिएटर्स को करीब 2.66 मिलियन डॉलर की कमाई होने का अनुमान है।*

### ऑफिस वर्क में भी घुसा एआई स्लॉप

रिपोर्ट बताती है कि एआई जनरेटेड कंटेंट सिर्फ वीडियो तक सीमित नहीं है। मई 2025 तक इंटरनेट पर मौजूद लिखित कंटेंट में से 50 प्रतिशत से ज्यादा अब एआई से लिखा गया माना जा रहा है। एआई का असर प्रोफेशनल वर्कप्लेस पर भी दिख रहा है। अमेरिका में 10 में से 4 कर्मचारी प्रोफेशनल काम में एआई स्लॉप का शिकार हैं। यह ऐसा एआई कंटेंट होता है जो देखने में प्रोफेशनल लगता है, लेकिन असल काम में कोई ठोस वैल्यू नहीं जोड़ता। खासतौर पर आईटी और कंसल्टिंग सेक्टर इससे ज्यादा प्रभावित हैं।

### टिकटॉक ने उठाया कदम

यूट्यूब पर एआई स्लॉप के बढ़ते खतरे को देखकर टिकटॉक ने इससे निपटने के लिए कुछ फीचर्स लॉन्च किए हैं। हाल ही में टिकटॉक ने ऐसे टूल्स पेश किए हैं, जिनसे यूजर्स अपने फीड में एआई से बने कंटेंट की पहचान कर सकते हैं और चाहें तो उन्हें कम दिखने का विकल्प चुन सकते हैं।

TikTok

### असली-नकली में फर्क करना बड़ी चुनौती

एआई कंटेंट का बढ़ता चलन एक तरफ क्रिएशन को आसान बना रहा है, तो दूसरी तरफ गुणवत्ता और भरोसे पर सवाल खड़े कर रहा है। आने वाले समय में प्लेटफॉर्म्स के लिए सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि वे असली और उपयोगी कंटेंट को नकली यानी एआई स्लॉप से अलग कैसे रखें। असली-नकली में फर्क करना ही भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109